* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

02 मार्च, 2024
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 132

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही







## सिंदरी में हर्ल कारखाना देश को समर्पित, झारखंड को 35,700 करोड़ रुपये की सौगात

# मोदी की गारंटी थी, आज पूरी हो गयी: प्रधानमंत्री

### नरेंद्र मोदी ने कहा

- युवाओं को रोजगार और किसानों को लाभ के रास्ते खुल गये हैं
- विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित झारखंड बनाना है
- भगवान बिरसा मुंडा की भूमि विकसित भारत के संकल्पों की ऊर्जा स्रोत बनेगी
- यूरिया क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होगा



### रेलवे क्रांति के लिए एक नये अध्याय की शुरुआत

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज झारखंड में 35,700 करोड़ रुपये से अधिक लागत की विकास परियोजनाएं शुरू की गयी हैं। उन्होंने किसानों, जनजातीय लोगों और नागरिकों को इसके लिए बधाई दी। मोदी ने कहा कि नयी रेल परियोजनाओं की शुरुआत के साथ झारखंड में रेलवे क्रांति के लिए एक नये अध्याय की शुरुआत का भी प्रतीक है। उन्होंने इस क्षेत्र को नया रूप प्रदान करने वाली धनबाद-चंद्रपुरा रेल लाइन और बाबा बैद्यनाथ मंदिर और मां कामाख्या शक्ति पीठ को जोड़ने वाली देवघर-डिब्रूगढ़ ट्रेन सेवा का उल्लेख किया। मोदी ने वाराणसी में वाराणसी-कोलकाता-रांची एक्सप्रेसवे की आधारशिला रखने का स्मरण करते हुए कहा कि इससे चतरा, हजारीबाग, रामगढ़ और बोकारो जैसे स्थानों को जोड़ने और पूरे झारखंड में यात्रा समय को कम करने के साथ-साथ पूरे पूर्वी भारत के लिए माल ढुलाई कनेक्टिविटी को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से झारखंड में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र के आर्थिक विकास में तेजी आयेगी।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद/सिंदरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को झारखंड के सिंदरी में 35,700 करोड़ रुपये लागत की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इन परियोजनाओं में सिंदरी हर्ल कारखाना के अलावा रेल, विद्युत और कोयला क्षेत्र शामिल हैं। मोदी ने एचयूआरएल मॉडल का निरीक्षण किया और सिंदरी संयंत्र नियंत्रण कक्ष का भी दौरा किया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह मोदी की गारंटी थी और आज यह गारंटी पूरी हो गयी है। इस मौके पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद पीएन सिंह, भाजपा विधायक दल नेता के अमर कुमार बाउरी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

**आत्मनिर्भर भारत पर प्रकाश डाला:** प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत की यात्रा में आज की पहल के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस संयंत्र के शुरू होने से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नये रास्ते खुल गये हैं। मोदी ने कहा कि हर साल भारत को 360 लाख मीट्रिक टन यूरिया की जरूरत पड़ती है। वर्ष 2014 में भारत में सिर्फ 225 लाख मीट्रिक टन यूरिया का उत्पादन हुआ था। हमारी सरकार के प्रयासों से पिछले 10 वर्षों में यूरिया का उत्पादन बढ़ कर 310 लाख मीट्रिक टन हो गया है। उन्होंने कहा कि सिंदरी को इस सूची में जोड़ा गया है।

### गरीबों, युवाओं और महिलाओं के विकास को प्राथमिकता

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने पिछले 10 वर्षों में जनजातीय समुदाय, गरीबों, युवाओं और महिलाओं के विकास को प्राथमिकता देकर झारखंड के लिए महत्वपूर्ण काम किया है। मोदी ने कहा कि भारत आज विश्व में तेजी से बढ़ती हुई प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। अक्टूबर से दिसंबर 2023 तक वित्तीय तिमाही के दौरान 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की गयी। यह भारत की बढ़ती क्षमता और विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में तेजी से हो रहे विकास को दशार्ती है। विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित झारखंड बनाना भी समान रूप से महत्वपूर्ण है। पीएम मोदी ने यह विश्वास जताया कि भगवान बिरसा मुंडा की भूमि विकसित भारत के संकल्पों की ऊर्जा स्रोत बनेगी।

### आभार व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं: अर्जुन मुंडा

धनबाद/सिंदरी (आजाद सपाही)। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि इस कारखाना के लिए प्रधानमंत्री का किन शब्दों से आभार व्यक्त करें समझ नहीं आ रहा है। हमारे पास शब्द नहीं हैं। 25 मई 2018 को खाद कारखाना पीएम के हाथों शिलान्यास होने के बाद आज वह कारखाना पीएम के द्वारा उद्घाटन हो रहा है। लोग ना उम्मीद हो गये थे। उसमें नये क्षितिज का निर्माण पीएम ने किया। पीएम के दृढ़ संकल्प और इच्छाशक्ति के कारण यह कारखाना बनकर तैयार हुआ। इस समय मैं पहले के अनुभव का उल्लेख करना चाहता हूं। यह कारखाना कई साल तक बंद रहा। उस समय निराशा हाथ लगी। आज हमें खुशी है कि जब पीएम मोदी ने कमान संभाली। तब से इस देश में सबका साथ सबका विकास हो रहा है। यह सिंदरी का कारखाना इसका उदाहरण है। यह समृद्ध भारत की कल्पना को साकार होते हुए हम देख रहे हैं।

### इन परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास

प्रधानखंता-पाथरडीह बाजार -भोजूडीह रेल लाइन दोहरीकरण 17.10 किमी - 350 करोड़ सिंदरी मार्शलिंग यार्ड का रिमाडलिंग और सिंदरी मार्शलिंग यार्ड से सिंदरी टाउन के बीच यर्ड का सुदृढ़ीकरण - 63 करोड़ धनबाद चंद्रपुरा रेल मार्ग के जमुनियाटांड़ - चंद्रपुरा के बीच 8 किमी रेल मार्ग का दोहरीकरण- 167 करोड़ 28 किमी लंबे धनबाद- चंद्रपुरा वैकल्पिक रेल मार्ग परियोजना- 479 करोड़ सोन नगर अंडाल के बीच 305 किलोमीटर तीसरी और चौथी रेल लाइन- 12334 करोड़ पतरातू -टोकिसुद के बीच 7.2 किलोमीटर रेल ओवर रेल लाइन -138 करोड़ कुज्जू - रांची रोड के बीच 7.27 किलोमीटर वाई कनेक्शन रेल मार्ग - 143 करोड़।

### इन परियोजनाओं का हुआ उद्घाटन

धनबाद में सिंदरी हर कारखाना - 8939 करोड़ टोरी शिवपुरी के बीच तीसरी रेल लाइन 894 करोड़ रामगढ़ में सीसीएल के नार्थ अर्मर सीएचपी- साइलो 293 करोड़ बोकारो के बोकारो थर्मल स्टेशन में रेट्रोफिटिंग पाल्यूशन कंट्रोल सिस्टम फ्यूल गैस डीसल्फराइजेशन( एफजीडी) - 469 करोड़ चतरा में यूनिट -1 (660 मेगावाट) नार्थ कर्णपुरा एसटीपीपी - 7526 करोड़ टोरी-शिवपुर प्रथम व द्वितीय और बीराटोली- शिवपुरी के बीच 37.9 किलोमीटर तीसरी रेल लाइन परियोजना - 3200 करोड़ मोहनपुर- हंसडीहा 38. 110 किलोमीटर नई रेल लाइन - 753 करोड़।

### राज्य को संवारने में प्रधानमंत्री का सहयोग मिलने की उम्मीद : चंपाई

मुख्यमंत्री ने उर्वरक कारखाना शुरू होने पर जतायी खुशी

**धनबाद/सिंदरी (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड को आगे बढ़ाना है। इस राज्य को हमें संवारना है। बदलते समय के अनुरूप इस राज्य का नवनिर्माण करना है। मुझे प्रधानमंत्री से पूरी उम्मीद है कि वे झारखंड को आगे बढ़ाने में इस राज्य को पूरा सहयोग करेंगे। वह हर्ल कारखाना उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है। सिंदरी खाद कारखाना का फिर से चालू होना इस क्षेत्र में बड़ा बदलाव लायेगा। विकास का नया दरवाजा खुलेगा। किसान जब आधुनिक तकनीक और पद्धतियों से कृषि करेंगे तो उपज बढ़ेगी। खाद्यान्न उत्पादन जब बढ़ेगा तो इसका सीधा फायदा किसानों को होगा। उनकी आय बढ़ेगी और वे सशक्त होंगे। वहीं रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे। यहां के युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से बड़े पैमाने पर रोजगार मिलेगा। इससे इलाके में समृद्धि आयेगी और राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

चंपाई ने कहा कि झारखंड का भौगोलिक परिवेश देश के अन्य क्षेत्रों की तुलना में कई मायनों में अलग है। एक तरफ यहां लोहा, कोयला, बॉक्साइट और यूरेनियम जैसे कई खनिज प्रचूर मात्रा में पाए जाते हैं तो खेत- खलिहान पर भी ग्रामीणों की एक बड़ी आबादी निर्भर है। ऐसे में राज्य के सम्यक विकास के लिए दोनों के बीच संतुलन जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां के आदिवासियों-मूलवासियों और किसानों- मजदूरों को उनके पैरों पर खड़ा कर हम इस राज्य को मजबूती दे सकते हैं। इस दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ राज्य सरकार निरंतर काम करते आ रही है।

#### किसानों को बना रहे हैं सशक्त और स्वावलंबी

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को स्वावलंबी और सशक्त बनाने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। हमारा प्रयास है कि हर खेत में सालों भर पानी रहे, ताकि किसान बेहतर तरीके से खेती कर सके। इसके लिए सिंचाई परियोजनाओं पर विशेष रूप से काम हो रहा है। किसानों को आधुनिक तकनीक से कृषि कार्य करने के लिए प्रेरित और प्रशिक्षित किया जा रहा है । किसानों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चल रही हैं । ऐसे में जब खेतों में उपज बढ़ेगा तो खाद्यान्न को लेकर हम और आत्मनिर्भर बनेंगे।

### जालंधर-जम्मू रेलवे ट्रैक पर ब्लास्ट

जालंधर। जम्मू में जालंधर-जम्मू रेलवे ट्रैक पर गेट नंबर 71 के पास शुक्रवार को कम तीव्रता का एक धमाका हुआ। इसमें गेटमैन घायल हो गया। घायल गेटमैन की पहचान यूपी के रहने वाले सोनू कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद जालंधर-जम्मू रेल रूट पर ट्रेन सेवाएं बंद हैं। मौके पर फोरेंसिक टीम और बम डिस्पोजल स्क्वॉड की टीम जांच के लिए पहुंची। पूरे इलाकों में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।










आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 59,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 75,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 02 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in


# गोड्डा से चौथी बार लगातार विजय दर्ज करने की जुगत में हैं डॉ निशिकांत

## ■ विपक्ष की तरफ से टिकट के लिए प्रदीप, दीपिका और फुरकान ठोक रहे हैं ताल

## ■ इस बार भी जातीय राजनीति का बड़ा असर दिख सकता है इस संसदीय क्षेत्र में

आजाद सिपाही विशेष

झारखंड की गोड्डा संसदीय सीट पर धार्मिक-सांस्कृतिक और आर्थिक विरासत के बीच सियासत परवान चढ़ रही है। राज्य की 14 लोकसभा सीटों में एक गोड्डा कई मायनों में अलग है। धार्मिक दृष्टि से जहां द्वादश ज्योतिर्लिंग बाबा वैद्यनाथ और 51 शक्तिपीठों में एक हार्द्रपीठ देवघर में है, तो दुमका जिले में बाबा बासुकीनाथ हैं। देवघर झारखंड, बिहार और बंगाल के अलावा पूर्वोत्तर भारत का अकेला ऐसा स्थान है, जहां द्वादश ज्योतिर्लिंग है। यहां की सांस्कृतिक विरासत की अलग पहचान है। आर्थिक क्षेत्र की बात करें, तो रत्नगर्भा गोड्डा संसदीय क्षेत्र में एशिया का सबसे बड़ा कोल ब्लॉक है। राजनीतिक नजरिये से देखें, तो संताल की तीन लोकसभा सीटों में यही एकमात्र सामान्य है। गोड्डा संसदीय क्षेत्र तीन जिलों में बंटा है। गोड्डा, देवघर और दुमका जिले इसके अंतर्गत आते हैं। गोड्डा जिले की तीन विधानसभा सीटें गोड्डा, महगामा और पोड़ैयाहाट, जबकि देवघर की दो विधानसभा सीट देवघर और मधुपुर सहित दुमका जिले की एक विधानसभा सीट जरमुंडी गोड्डा लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा हैं। गोड्डा लोकसभा सीट कभी कांग्रेस की पारंपरिक सीट हुआ करती थी। इस सीट पर भाजपा और कांग्रेस के बीच कड़ी टक्कर होती रही है। लेकिन अब यह झारखंड में भाजपा की सबसे सुरक्षित सीट मानी जाती है। पिछले तीन चुनावों में डॉ निशिकांत दुबे ने यहां अपना परचम लहराया है। इन तीन कार्यकालों में डॉ निशिकांत दुबे ने सांसद के तौर पर बहुत कुछ दिया है। एक तरफ जहां वह बार-बार झामुमो और कांग्रेस को मुंहतोड़ राजनीतिक जवाब देते हैं, तो दूसरी तरफ देवघर की जरूरत को ध्यान में रखते हुए हर योजना को यहां धरातल पर उतारने का प्रयास कर रहे हैं। योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए वह रेल मंत्री से लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग और परिवहन मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री से लेकर पर्यटन मंत्री तक के दरवाजे को समय-समय पर खटखटाते रहे हैं। सांसद के तौर पर उन्होंने गोड्डा में समय भी बहुत दिया है। यही नहीं, झामुमो और कांग्रेस के प्रति उनका हमलावर रुख उन्हें अन्य भाजपा सांसदों से अलग करता है। जातीय गोलबंदी, धार्मिक गोलबंदी, राजनीतिक गोलबंदी में भी निशिकांत माहिर हैं। इस गोलबंदी का लाभ उन्हें मिलता है और इस बार भी कहा जा रहा है कि गोड्डा का सांसद इसी गोलबंदी की मजबूत नींव से निकलेगा। क्या है गोड्डा संसदीय क्षेत्र का सियासी माहौल और क्या हैं मुद्दे, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

झारखंड का 'बिहारी क्षेत्र' है गोड्डा संसदीय क्षेत्र। बिहार के बांका और भागलपुर जिले से सटे होने के कारण यह क्षेत्र विशिष्ट पहचान रखता है। गोड्डा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आनेवाले देवघर को पूर्वोत्तर भारत की आध्यात्मिक राजधानी कहा जाता है। वैद्यनाथ धाम में सालों भर श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। यह अकेला ऐसा धार्मिक स्थान है, जहां पर शिव और शक्ति एक साथ विराजमान हैं। देवघर को आध्यात्मिक राजधानी इसलिए भी कहा जाता है, क्योंकि यहां बांग्लादेश के पाबना से आकर श्रीश्री ठाकुर अनुकूलचंद्र जी ने सत्संग नामक आश्रम की स्थापना की थी। इसी प्रकार योगगुरु परमहंस स्वामी सत्यानंद सरस्वती की तपोभूमि रिखिया योगपीठ भी देवघर के मोहनपुर में मौजूद है। इसी प्रकार ब्रह्मर्षि बालानंद आश्रम भी देवघर में अलग पहचान रखता है। गोड्डा लोकसभा क्षेत्र का पर्यटन में विशेष स्थान है। देवघर में राज्य का इकलौता त्रिकुट रोप-वे है। मोहनपुर प्रखंड में पड़ने वाला त्रिकुट जिले का सबसे ऊंचाई वाला पहाड़ है। त्रिकुट पहाड़ को मयूराक्षी नदी के उद्गम स्थल के रूप में जाना जाता है। मयूराक्षी नदी देवघर से निकल पूर्व दिशा की ओर दुमका होकर गुजरती है। इसी प्रकार तपोवन पर्वत, नंदन पहाड़ सहित अन्य कई पर्यटन स्थल हैं। बंगाल के लोग यहां बड़ी संख्या में पर्यटन के लिहाज से पहुंचते हैं।

### एशिया की सबसे बड़ी ओपन पिट है

गोड्डा संसदीय क्षेत्र स्थित इस्टर्न कोलफील्ड्स के अंतर्गत एशिया की सबसे बड़ी ओपन पिट राजमहल यहां है। इसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग कार्यरत हैं। हालांकि कोयले का लाभ यहां नहीं मिल पाया है। गोड्डा में ही ललमटिया कोयला खदान है। ललमटिया के कोयले से कहलगांव और फरक्का बिजली परियोजना का संचालन होता है।

### गोड्डा की सामाजिक पृष्ठभूमि

गोड्डा को संताल जनजाति की भूमि माना जाता है। गोड्डा संसदीय क्षेत्र के लोग मूलतः कृषि पर निर्भर करते हैं। यहां की प्रमुख फसलों में गेहूं और मक्का शामिल हैं। गोड्डा संसदीय क्षेत्र पिछड़ी जाति के साथ मुस्लिम और ब्राह्मण बाहुल्य है। पिछड़ी जातियों और मुस्लिमों का दबदबा इस सीट पर रहा है। अनुसूचित जाति 11 फीसदी से अधिक और अनुसूचित जनजाति की आबादी 12 फीसदी से अधिक है। वहीं, मुस्लिम और ब्राह्मणों की भी बड़ी आबादी गोड्डा संसदीय क्षेत्र में वास करती है। भाजपा को भरोसा है कि गोड्डा संसदीय क्षेत्र में इस बार भी गैर यादव-मुसलमानों की गोलबंदी होगी, जो जीत की राह प्रशस्त करेगी। इसी को ध्यान में रख कर पार्टी की तैयारी चल रही है। दूसरी तरफ पार्टी के वरीय यादव नेता अपने स्वजातीय वोटरों में भी सेंधमारी का अभियान चला रहे हैं। गोड्डा संसदीय क्षेत्र में सर्वाधिक मुसलमान और यादव मतदाता हैं, जिसे विपक्षी गठबंधन का आधार वोट माना जाता है। एक अनुमान के अनुसार यहां लगभग दो से ढाई लाख यादव, ढाई से तीन लाख मुसलमान, दो लाख ब्राह्मण, ढाई से तीन लाख वैश्य, डेढ़ लाख के करीब आदिवासी, एक लाख के करीब भूमिहार, राजपूत, कायस्थ और शेष पचपौनियां और दलित हैं। भाजपा को भरोसा है कि यदि यादव और मुसलमान गोलबंद हो गये, तो फिर बाकी सात लाख वोटर उसके पक्ष में आ जायेंगे।




### गोड्डा का राजनीतिक परिदृश्य

गोड्डा संसदीय क्षेत्र में पड़ने वाले तीन जिलों की छह विधानसभा सीटों में एक देवघर अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। 2019 के विधानसभा चुनाव में इन छह में से दो सीटों पर भाजपा ने कब्जा जमाया था, जबकि दो पर कांग्रेस और एक-एक पर झामुमो और झाविमो की जीत हुई थी। बाद में झाविमो के विधायक प्रदीप यादव कांग्रेस में शामिल हो गये। इस तरह अभी चार सीट विपक्षी गठबंधन के पास और दो सीट भाजपा के पास है। देवघर सीट से वर्तमान में भाजपा के विधायक नारायण दास हैं, जबकि गोड्डा से अमित मंडल विधायक हैं। मधुपुर से झामुमो के हफीजुल अंसारी विधायक हैं। जरमुंडी, महगामा और पोड़ैयाहाट से क्रमशः कांग्रेस के बादल पत्रलेख, दीपिका पांडेय सिंह और प्रदीप यादव विधायक हैं। गोड्डा विधानसभा सीट से भाजपा के अमित मंडल और पोड़ैयाहाट से प्रदीप यादव विधायक हैं।

### गोड्डा संसदीय क्षेत्र का चुनावी इतिहास

गोड्डा जब स्वतंत्र लोकसभा सीट के रूप में नहीं जाना जाता था और अविभाजित बिहार का अंग था, उस वक्त देश में हुए पहले चुनाव में संताल परगना प्रमंडल क्षेत्र से पहले सांसद के रूप में देवघर के पुरोहित समाज के पंडित रामराज जजवाड़े निर्वाचित हुए थे। 1962 और 1967 के चुनाव में इस सीट से कांग्रेस के प्रभुदयाल जीते। 1971 और 1977 के चुनाव में जगदीश मंडल विजयी रहे । जगदीश मंडल 1971 में कांग्रेस और 1977 में भारतीय लोकदल के टिकट पर चुनाव लड़े थे। 1980 और फिर 1984 में मौलाना समीउद्दीन ने जीत दर्ज की थी। 1989 में इस सीट पर भाजपा के जनार्दन प्रसाद यादव जीते थे। 1991 में झामुमो के सूरज मंडल विजयी घोषित किये गये थे। पुनः गोड्डा सीट पर भाजपा की वापसी हुई। 1996, 1998 और 1999 का चुनाव भाजपा के टिकट पर जगदंबी प्रसाद यादव जीते। 2000 का चुनाव भाजपा के ही टिकट पर प्रदीप यादव जीते। 2004 में अपनी पारंपरिक सीट पर कांग्रेस ने वापसी की और फुरकान अंसारी चुनाव जीते। लेकिन उसके बाद एक बार फिर भाजपा ने गोड्डा सीट पर अपनी पुनर्वापसी की। 2009, 2014 और 2019 में पार्टी प्रत्याशी डॉ निशिकांत दुबे ने जीत दर्ज की। हर चुनाव में निशिकांत का जीत का मार्जिन बढ़ता गया। इन्होंने तीनों कार्यकाल में अपने आक्रामक तेवर के कारण गोड्डा को राष्ट्रीय राजनीतिक क्षितिज में स्थापित किया।

**2019 का चुनाव परिणाम**

| नाम | पार्टी | कितने वोट मिले |
|---|---|---|
| डॉ निशिकांत दुबे | भाजपा | 637610 |
| प्रदीप यादव | झाविमो | 453383 |
| जफर ओबैद | बसपा | 17583 |

### निशिकांत लगातार चौथी बार खिलायेंगे कमल

गोड्डा में अभी भाजपा के निशिकांत दुबे सांसद हैं। 2024 में भी वही भाजपा के प्रत्याशी होंगे, यह लगभग तय है। पिछले 15 साल में उन्होंने जितने काम किये हैं, उसके आधार पर कहा जा सकता है कि उन्हें चुनौती नहीं दी जा सकती है। अडाणी का पावर प्लांट, देवघर में एम्स, एयरपोर्ट, गोड्डा में रेल नेटवर्क और कई अन्य काम इस संसदीय क्षेत्र में हुए हैं। इसलिए गोड्डा संसदीय क्षेत्र को भाजपा की सबसे सुरक्षित सीट कहा जा रहा है।

### गोड्डा लोकसभा क्षेत्र के मुद्दे

बड़ा सवाल है कि गोड्डा में ऐसे कौन से मुद्दे हैं, जो लोगों के जेहन में हैं। गोड्डा के ललमटिया में राजमहल कोल परियोजना के अंतर्गत एशिया का सबसे बड़ा कोयला पिट है। मुद्दा यह है कि स्थानीय ग्रामीणों को इसका कितना लाभ मिलता है। गोड्डा शहर में 16 सौ मेगावाट क्षमता वाला अडाणी का पावर प्लांट है। समझौते के मुताबिक इसका 25 फीसदी झारखंड को मिलना था, लेकिन नहीं मिल रहा है। गठबंधन इसे यहां मुद्दा बनायेगा। गोड्डा में बांग्लादेशी घुसपैठ भी इस बार मुद्दा बनेगा। इसके अलावा गरीबी, पलायन और रोजगार जैसे मुद्दे तो हैं ही।

### गोड्डा सीट पर कौन हैं दावेदार

गोड्डा सीट से भाजपा की तरफ से डॉ निशिकांत दुबे ही उतरेंगे। लेकिन विपक्षी गठबंधन के लिए फिलहाल कुछ भी तय नहीं है। तीन नाम चर्चा में हैं। चर्चा है कि दीपिका पांडेय सिंह अब राष्ट्रीय राजनीति के लिए महात्वाकांक्षी हैं। वह गोड्डा में टिकट के लिए दिल्ली दरबार में हाजिरी लगाती रहती हैं। करीब एक दशक से राजनीतिक निर्वासन झेल रहे फुरकान अंसारी भी सक्रिय हो गये हैं। उनके विधायक बेटे इरफान अंसारी समय-समय पर पिता की उम्मीदवारी की वकालत करते रहते हैं। समीकरण साधने के लिए खुद को यादव कुल का बताते हैं। वहीं पिछले तीन आम चुनावों में शिकस्त झेल चुके प्रदीप यादव भी गोड्डा में उम्मीदवारी पेश कर सकते हैं।

---

## रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव अब जहानाबाद में

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रेल मंत्रालय के आदेश पर ट्रेन संख्या 22349 और 22350 पटना-रांची पटना वंदे भारत एक्सप्रेस का दानापुर मंडल के जहानाबाद स्टेशन पर अगले आदेश तक प्रायोगिक ठहराव होगा। यह निर्णय यात्रियों की सुविधा के लिए लिया गया है। इस संबध में रांची रेल मंडल की ओर से जानकारी दी गयी है।

### ट्रेनें प्रभावित रहेंगी

रांची से चलनेवाली हटिया झारसुगुड़ा मेमू एक्सप्रेस 2 मार्च से 5 मार्च तक रद्द रहेगी।

ट्रेन संख्या 08149 और 08150 हटिया राउरकेला हटिया पैसेंजर स्पेशल ट्रेन की यात्रा 2 मार्च से 5 मार्च तक रद्द रहेगी। ट्रेनों को रद्द विकास कार्यों के कारण किया गया है।

वहीं ट्रेन संख्या 18452 पुरी हटिया तपस्विनी एक्सप्रेस 4 मार्च को अपने निर्धारित प्रस्थान समय के स्थान पर दो घंटे विलंब से पुरी से प्रस्थान करेगी।

## आइपीएस राकेश रंजन ने जैप 1 कमांडेंट का पदभार संभाला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आइपीएस राकेश रंजन ने शुक्रवार को जैप 1 के कमांडेंट का पदभार संभाला। 27 फरवरी को सरकार ने 23 आइपीएस का तबादला किया था। इसमें चतरा एसपी के पद पर पदस्थापित राकेश रंजन को जैप 1 कमांडेंट बनाया गया है।



## पलामू झामुमो इकाई का मोरहाबादी बापू वाटिका के समक्ष प्रदर्शन

### भाजपा की साजिश से झारखंड झुकेगा नहीं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पलामू झामुमो नेता और कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को मोरहाबादी स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष उपवास रखा। इस दौरान पार्टी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर हेमंत सोरेन को अलोकतांत्रिक तरीके से गिरफ्तार किया। इसके खिलाफ उपवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मौके पर पलामू झामुमो के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कहा कि झामुमो के सभी कार्यकर्ता और झारखंड की जनता भाजपा के कुकृत्य से तंग आ चुकी है। भाजपा के संगठन की तरह इडी भी अपने काम को अंजाम दे रहा है। देश में अघोषित आपातकाल है। भाजपा झामुमो की सरकार की बढ़ती लोकप्रियता से घबरा गयी और एजेंसियों के साथ मिल कर षड्यंत्र किया। भाजपा लाख साजिश करे, लेकिन झारखंड झुकेगा नहीं।




**मौके पर झामुमो के कई नेता मौजूद**

सचिव सन्नू सिद्धिकी, रमेश सिंह, संजीव तिवारी, सुनील तिवारी, गोपाल सिन्हा, चंदन सिन्हा, मनोज गुप्ता, राकेश सिन्हा, कमाल खान, असफर रब्बानी, बालकिशुन उरांव, अविनाश देव, अमित सिन्हा, बबलू शाहनवाज, रिशु अग्रवाल समेत अन्य मौजूद थे।

## अरवा राजकमल से मिले नवनियुक्त सहायक अभियंता

**गुणवत्तापूर्ण कार्य इमानदारी से करें इंजीनियर**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य के नगर विकास-आवास विभाग और मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल ने कहा कि अभियंता गुणवत्तापूर्ण कार्य करें। श्री कमल ने उनके कार्यालय कक्ष में मिलने आये नवनियुक्त सहायक अभियंताओं के प्रतिनिधिमंडल से ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि नगरों में नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना विभाग का मुख्य लक्ष्य है। बुनियादी सुविधाओं के लिए आधारभूत संरचना का होना जरूरी है। आधारभूत संरचना का निर्माण अभियंताओं के कंधों पर ही है। इसलिए अब जो भी काम करें, वह जनहित में इमानदारीपूर्वक किया जाये। श्री राजकमल ने अभियंताओं के प्रतिनिधिमंडल से कहा कि निहित स्वार्थों को छोड़ कर काम करें। ऐसा काम करें, जिसका लाभ नागरिकों को दीर्घावधि तक मिले। सचिव ने कहा कि नगर विकास विभाग में काम करने का अधिक अवसर है। इस अवसर को बर्बाद नहीं करें। श्री कमल ने अभियंताओं को आश्वस्त किया कि उनको काम करने में कोई दिक्कत आती है तो वे बेहिचक उनसे मिल कर काम में आनेवाली परेशानियों से अवगत करा सकते हैं।



## राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस का उम्मीदवार होगा : मीर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आगामी लोकसभा को देखते झारखंड कांग्रेस पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक हुई। इस बैठक में लोकसभा चुनाव के तमाम मुद्दों पर चर्चा होने के साथ तैयारियों को लेकर बात हुई। इस बैठक में प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के अलावा पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

वहीं प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि लोकसभा चुनाव काफी नजदीक है, जिसको ध्यान में रख कर बैठक की गयी है। इस बैठक में राज्य में चुनाव के तमाम बिंदुओं पर चर्चा हुई। साथ ही चुनाव को लेकर कितनी तैयारी हमारी है, इसकी भी समीक्षा की गयी। साथ ही राज्यसभा चुनाव पर कहा कि आउट गोइंग हमारा है, तो उम्मीदवार भी हमारा होगा।



## टेंडर घोटाला के आरोपी के सहयोगी को बेल देने से इनकार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** टेंडर घोटाला के जरिये अवैध कमाई करने और उसे अलग-अलग जगह निवेश कर मनी लांड्रिंग करने के आरोपी निलंबित इंजीनियर इन चीफ बीरेंद्र राम के सहयोगी ताराचंद को बेल देने से हाइकोर्ट ने इनकार कर दिया है। शुक्रवार को ताराचंद की बेल पर फैसला सुनाते हुए हाइकोर्ट ने उसकी जमानत अर्जी खारिज कर दी। हाइकोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने से ताराचंद को बड़ा झटका लगा है। ताराचंद पर आरोप है कि वह वीरेंद्र राम के कालेधन को विभिन्न खातों से सफेद बना कर बीरेंद्र राम के पारिवारिक सदस्यों के खाते में जमा करवाता था। इसमें वह मुकेश मित्तल का सहयोग लेता था।

www.epaper.azadsipahi.in

02 मार्च, 2024
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 132

सुप्रीम कोर्ट से आसाराम को झटका, खारिज की रिहाई की अपील



## न्यूज रील्स

### जीएसटी से मिला 1.68 लाख करोड़ रुपये

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने फरवरी-2024 में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स यानी जीएसटी से 1.68 लाख करोड़ रुपये जुटाये हैं। यह एक साल पहले यानी फरवरी 2023 के मुकाबले 12.5% ज्यादा है। तब जीएसटी से 1.49 लाख करोड़ रुपये जुटाये गये थे। वहीं एक महीने पहले जनवरी से 4 हजार करोड़ कम है। जनवरी में सरकार ने जीएसटी से 1.72 लाख करोड़ रुपये जुटाये थे।

### तंबाकू कंपनी पर रेड, 100 करोड़ की कारें मिलीं

कानपुर। कानपुर में आयकर विभाग ने तंबाकू कंपनी बंशीधर एक्सपोटर्स प्राइवेट लिमिटेड के हेड ऑफिस पर छापा मारा। कंपनी के दिल्ली, मुंबई, गुजरात समेत 20 ठिकानों पर भी छापेमारी की गयी है। कंपनी मालिक केके मिश्रा की दिल्ली स्थित कोठी से 100 करोड़ से ज्यादा की कारें मिली हैं। इसमें 60 करोड़ से ज्यादा कीमत की लग्जरी कारें हैं। इनमें 16 करोड़ की रोल्स-रॉयस फैंटम कार, लैंबोर्गिनी, फेरारी, मॅकलारेन कारें शामिल हैं। छापेमारी में 100 करोड़ से ज्यादा की टैक्स चोरी सामने आई है। इसके साथ ही 5 करोड़ रुपये नगद और करोड़ों की बेनामी संपत्ति के दस्तावेज भी मिले हैं।

### भाजपा ने स्टालिन को चीनी भाषा में बर्थडे विश किया

चेन्नई। तमिलनाडु भाजपा ने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को उनके जन्मदिन पर शुक्रवार को चाइनीज भाषा में बर्थडे विश किया। भाजपा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर स्टालिन की एक पोस्टर शेयर की। इसके कैप्शन में लिखा कि भाजपा की ओर से सीएम स्टालिन को उनकी पसंदीदा भाषा में जन्मदिन की शुभकामनाएं। दरअसल, बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु में इसरो के दूसरे रॉकेट लांच पैड की नींव रखी थी। इसी दिन राज्य की डीएमके सरकार के पशुपालन मंत्री अनिता राधाकृष्णन ने स्थानीय अखबारों में एक विज्ञापन जारी किया। इसमें रॉकेट पर भारत की जगह चीन का झंडा लगा था।

### महादेव सट्टा एप का मेन ऑपरेटर भोपाल में गिरफ्तार

रायपुर। महादेव सट्टा ऐप मामले में ईडी ने दुबई के हवाला ऑपरेटर की 580 करोड़ की संपत्ति जब्त की है। इसमें 3.64 करोड़ कैश और कीमती सामान शामिल है। जांच के दौरान ईडी को छत्तीसगढ़ के अफसरों और नेताओं के कथित रूप से शामिल होने का भी पता चला है। वहीं सूत्रों के मुताबिक, महादेव सट्टा ऐप के मेन ऑपरेटर गिरीश तलरेजा को भोपाल में गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे जल्द ही रायपुर ईडी को सौंपा जा सकता है।

### पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर 5.49 करोड़ रुपये का जुर्माना

मुंबई। फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट-इंडिया (एफआइयू-आइएनडी) ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर 5.49 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई मनी लांड्रिंग नियमों का उल्लंघन करने पर की गयी है। एफआइयू-आइएनडी ने शुक्रवार को बयान जारी कर बताया कि उसने लॉ एनफोर्समेंट एजेंसियों से जानकारी मिलने के बाद पेटीएम पेमेंट बैंक की जांच शुरू कर दी है। इनकी कुछ संस्थाएं और बिजनेस नेटवर्क ऑनलाइन गेम्बलिंग सहित अवैध गतिविधियों में लगे हुए थे।

## विजय संकल्प रैली में प्रधानमंत्री ने झामुमो-कांग्रेस पर जम कर निशाना साधा

# जेएमएम मतलब जम कर खाओ : मोदी

- कहा-झामुमो-कांग्रेस ने गरीब को लूट कर बेनामी संपत्ति का पहाड़ खड़ा कर लिया
- मोदी की गारंटी है-लूटा हुआ एक-एक पैसा लौटाना पड़ेगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार की सुबह झारखंड की धरती पर अपना कदम रखा। बरवाअड्डा में हेलीकॉप्टर से उतरने के बाद वहां मौजूद लोगों के बीच रोड शो किया। उन्होंने खुली जीप में लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। विजय संकल्प महारैली के मंच से अपने लोकसभा चुनाव का शंखनाद करते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि झारखंड के साथियों को मेरा जोहार। आप सभी इतनी विशाल संख्या में हमें आशीर्वाद देने आये, आपका यही जोश, यही उत्साह, यही त्याग है, जिसके कारण देश में एक ही गूंज है। वो गूंज है- अबकी बार 400 पार। ये नारा इसलिए लग रहा है, क्योंकि देश मोदी की गारंटी पर भरोसा कर रहा है। मैं आप लोगों से माफी मांगना चाहता हूं ,क्योंकि सिर्फ पांच प्रतिशत लोग पंडाल में हैं, बाकी धूप में तप रहे हैं। मैं आपकी तपस्या को ब्याज सहित लौटाऊंगा।

पीएम ने कहा कि झारखंड के विकास में केंद्र सरकार का साथ शुरू से रहा है। झारखंड को अलग राज्य बनने से लेकर, आदिवासी समुदाय का विकास करने तक बीजेपी साथ रही है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता के खून-पसीने की कमाई को लूट कर अपने लिए बेनामी संपत्तियों का पहाड़ बना लिया है। हमारी योजनाओं को इंडिया अलायंस वाले रोक देते हैं।

ये इंडी गठबंधन वाले कितना भी दबाव बना लें, लेकिन ये मोदी न दबनेवाला है और न ही हटनेवाला है। मुफ्त अनाज की योजना मोदी चालू रखेगा, ताकि गरीब के घर का चूल्हा जलता रहे। मैं जब सीमा पर जाता हूं तो मुझे वहां मेरे झारखंड के भाई-बहन मिल जाते हैं। हमने एक देश-एक राशन कार्ड योजना बनायी। इससे हमारे देशवासी कहीं भी रहें, वे मुफ्त अनाज वहां से ले सकें। जेएमएम और कांग्रेस ने जनजातियों को सिर्फ वोट बैंक ही समझा है। ये लोग यहां के प्रतिभाशाली नौजवानों को कभी आगे नहीं बढ़ायेंगे, क्योंकि परिवारवादी अपने ही परिवार के बारे में सोचते हैं। लेकिन मोदी आपके बारे में सोचता है, आपके भविष्य के बारे में सोचता है। आप ही मेरे परिवारजन हैं, आपके बच्चों का भविष्य, मेरी गारंटी है। आपका सपना ही मोदी का संकल्प है। मैं खुद को दिन-रात इसलिए खपा रहा हूं ताकि मेरे देश के गरीब, गरीबी से जल्दी से जल्दी बाहर निकलें। पिछले 10 सालों में 25 करोड़ गरीब, गरीबी से बाहर आये हैं। जब वे लोग बाहर आ सकते हैं तो मोदी पर भरोसा कीजिए आपकी गरीबी भी जायेगी। हमने आदिवासियों के लिए अलग मंत्रालय बनाया है। उन्होंने कहा कि मोदी ने इंडी गठबंधन का कमीशन बंद कर दिया है। ऐसे लोग पानी पी-पीकर मोदी को गाली दे रहे हैं, लेकिन आपके आशीर्वाद की वजह से उनकी एक भी गाली मुझ तक नहीं पहुंच पाती है। मेरा इस देश के गरीब, किसान पर विश्वास है। मेरा विश्वास है कि लोग जितना ज्यादा कीचड़ उछालेंगे, उतने ही ज्यादा कमल खिलेंगे। आदिवासियों की सुध लेनेवाली कोई पार्टी है, तो वह बीजेपी है। हम जो करते हैं, उसे इंडी अलायंस के लोग रोक देते हैं। आज जब मैं खुली जीप में आ रहा था, तो देखा कि इतनी बड़ी संख्या में माताएं-बहनें मोदी को आशीर्वाद देने पहुंची हैं, यह कितनी बड़ी बात है।

**प्रधानमंत्री ने कहाः** झारखंड इन दिनों कमाल कर रहा है। नोटों की गड्डियां निकल रही हैं। मैंने कभी इतने नोट नहीं देखे। टीवी पर देखा कि कैसे झारखंड कमाल कर रहा है। कोयले के ढेर तो देखे हैं, लेकिन नोटों के नहीं। ये आपका पैसा है। कोई आपका रुपया लूट ले, आपको यह मंजूर है? ऐसे भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए कि नहीं। जो जनता का लूटा है, वो लौटाना पड़ेगा, ये मोदी की गारंटी है। जब मोदी ऐसे भ्रष्टाचारियों पर एक्शन लेता है, तब ये लोग तरह-तरह के बहाने बनाते हैं। ये लोग जांच से भाग रहे हैं। जेएमएम मतलब जम कर लूटो।

2018 में मैंने झारखंड के पहले एम्स की आधारशिला रखी थी। 2022 में इसका उद्घाटन आपके सेवक मोदी ने किया। 26 फरवरी को एक साथ 26 स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन के लिए चुना गया है। पिछली सरकार में ऐसे काम नहीं हुए। झारखंड में रेलवे का 100 प्रतिशत बिजलीकरण हुआ है। झारखंड में जबसे कांग्रेस और जेएमएम की सरकार बनी है तब से स्थितियां बिगड़ी हैं। जेएमएम का मतलब है जम कर के खाओ। रंगदारी, घुसपैठ बढ़ती जा रही हैं। आप लोग मुझे इतना प्यार देते हैं। आपको विश्वास है कि मैं आपके लिए अपना जीवन खपाऊंगा, यही मोदी की गारंटी है। कांग्रेस और उसके सहयोगी विकास के दुश्मन हैं। मोदी को उन घरों की चिंता है, जिनके घर बिजली कनेक्शन नहीं थे। सैभाग्य योजना के तहत कई घरों में मुफ्त बिजली कनेक्शन दिया जा रहा हैं ।

### इंडी गठबंधन ने झारखंड को लूटाः बाबूलाल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में चार साल में नौजवान ठगा सा महसूस कर रहे हैं। सरकार ने जेएलसीसी का पेपर लीक कर दिया। सरकार ने बालू और कोयला तो बेचा ही, नौजवानों का पेपर भी बेच दिया। अबुआ आवास उन्हें मिल रहा है, जो घूस दे रहा है, गरीबों को नहीं मिल रहा है। इस सरकार ने गरीबों की जमीन लूटी है। ये बात गरीबों-अदिवासी की करते हैं, लेकिन इस सरकार में सबसे ज्यादा पीड़ित हमारे आदिवासी और गरीब रहे हैं। आपको हमें इस बार 14 की 14 सीटें से जिताना है।

### अबकी बार 400 पारः अमर बाउरी

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने प्रधानमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि पांच सौ सालों के संघर्ष के बाद राम मंदिर बना और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई है। संकल्प से सिद्धि का बेहतरीन उदाहरण आज हमने देखा। पीएम के संकल्प के कारण खाद कारखाने का उद्घाटन हुआ है। आजादी के बाद पहली बार कोई पीएम धरती आबा की पवित्र धरती उलिहातू में जाते हैं और देश को विकसित भारत की परिकल्पना देते हैं। हम इस संकल्प में लगे हैं कि 2047 में भारत विकसित देश बनेगा। उन्होंने मंच से 'अबकी बार 400 पार' का नारा लगाया और कहा कि यह पूरे झारखंड का संकल्प है।

# बेंगलुरु के कैफे में आइडी ब्लास्ट

एक शख्स बैग छोड़कर गया था, उसमें धमाका हुआ, 9 घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे बम विस्फोट हुआ, जिसमें 9 लोग घायल हो गये। बम स्क्वॉड, फोरेंसिक और ठक्अ की टीम विस्फोट की जांच कर रही है। घटना के बाद सबसे पहले फायर ब्रिगेड और व्हाइटफिल्ड पुलिस ने बताया कि सिलेंडर में विस्फोट हुआ है। जब हम मौके पर पहुंचे तो कैफे की दीवार पर लगा शीशा टूटकर टेबल पर बिखरा पड़ा था। इसके बाद भाजपा के दो सांसदों ने विस्फोट पर संदेह जताया और बम ब्लास्ट का दावा किया। शाम साढ़े 5 बजे खुद सीएम सिद्धारमैया ने बताया कि यह एक लो इंटेंसिटी का आइइडी ब्लास्ट था। एक शख्स कैफे में बैग छोड़कर गया, जिसके बाद विस्फोट हुआ। कैफे में धमाके वाली जगह से बैटरी, जला हुआ बैग और कुछ आइडी कार्ड मिले हैं। राज्य के गृहमंत्री ने कहा कि धमाका एक सिटिंग एरिया में हुआ, हालांकि वहां कोई सिलेंडर नहीं था। मामले की जांच जारी है। डीजीपी ने कहा कि हमें फोरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार है।

# महाराष्ट्र में आइएनडीआइए की सीट शेयरिंग तय

## 48 लोकसभा सीटों में से उद्धव 20, कांग्रेस 18 और शरद 10 पर उतारेंगे प्रत्याशी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र में आइएनडीआइए की तीन पार्टियों के बीच 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए सीट शेयरिंग पर बात बन गयी है। राज्य की 48 लोकसभा सीटों में से उद्धव ठाकरे की शिवसेना 20 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस को 18 और शरद पवार की एनसीपी को 10 सीटें मिली हैं। तीनों पार्टियां महाविकास अघाड़ी अलायंस के तहत महाराष्ट्र में एक साथ हैं।



सूत्रों की मानें तो रीजनल पार्टी वंचित बहुजन अगाड़ी (वीबीए) को शिवसेना (उद्धव गुट) के हिस्से से दो सीटें मिलेंगी। वीबीए ने पहले 5 सीटों की मांग की थी। इसके अलावा निर्दलीय राजू शेट्टी को शरद पवार की पार्टी का समर्थन मिलेगा। सीट शेयरिंग को लेकर एक-दो दिन में आधिकारिक घोषणा हो सकती है।

सूत्रों का कहना है कि शिवसेना (यूबीटी) मुंबई की छह लोकसभा सीटों में से 4 पर चुनाव लड़ेगी, जिनमें से एक- मुंबई नॉर्थ इस्ट वीबीए को दी जा सकती है। मुंबई की 6 सीटों पर कांग्रेस और उद्धव के बीच सहमति नहीं बन पा रही थी। इस सिलसिले में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने 22 फरवरी को उद्धव ठाकरे से बातचीत भी की थी। राहुल ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बीच उद्धव को फोन किया और करीब एक घंटे बात की थी। कांग्रेस मुंबई की 3 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती थी। इसमें मुंबई साउथ सेंट्रल, मुंबई नॉर्थ सेंट्रल और मुंबई नॉर्थ वेस्ट शामिल है। हालांकि उद्धव ने मुंबई की 4 सीट- मुंबई साउथ, मुंबई नॉर्थ वेस्ट, मुंबई नॉर्थ ईस्ट और मुंबई साउथ सेंट्रल अपने लिए मांगी थी।

दोनों पार्टियों के बीच किन-किन सीटों पर सहमति बनी है, यह अभी स्पष्ट नहीं सका है। शिवसेना (तब अविभाजित थी) ने 2019 के चुनावों में 48 में से 22 सीटों पर चुनाव लड़ा था। इनमें से 18 पर जीत हासिल की, जिसमें मुंबई की तीन सीटें शामिल थीं।

# भाजपा का मतलब 'भरपूर जीओ पूंजीपतियों': सुप्रियो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड दौरे के दौरान जम कर जेएमएम और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन और कांग्रेस पर निशाना साधा। इसके बाद झामुमो ने भी पीएम मोदी और भाजपा पर पलटवार किया है। झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि पीएम ने धनबाद की धरती पर खड़े होकर भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों को लेकर बड़ी-बड़ी बातें कहीं। पीएम मोदी का धनबाद में केवल आगमन ही नहीं हुआ, वरण राजनीतिक प्रवचन भी हुआ। हम सब जानते हैं कि भाजपा का मतलब भरपूर जीओ पूंजीपतियों है।



**खुद वैवाहिक जीवन की गारंटी नहीं निभानेवाले प्रधानमंत्री परिवार को क्या समझेंगे :** श्री भट्टाचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री जी अपने वैवाहिक जीवन की गारंटी ही नहीं निभायी, तो आपको परिवार की क्या समझ होगी? देश में सबसे अधिक राजस्व देनेवाला रेलमंडल चक्रधरपुर है, लेकिन यहां यात्री सुविधा ना के बराबर है।

**हिमंता, अजीत पवार, प्रफुल्ल पटेल के बारे में भी कुछ कहते प्रधानमंत्री जी :** श्री भट्टाचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री भ्रष्टाचार की बात करते हैं। क्या आप ये कहना भूल गये कि हिमंता विश्वसरमा, अजित पवार प्रफुल्ल पटेल, नारायण राणे, बीएस येदुरप्पा, शुभेंदु अधिकारी जैसे आपके द्वारा घोषित भ्रष्टाचारी आज आपकी पहनी हुए टोपी में कैसे दिख रहे थे ? प्रधानमंत्री, आप आदिवासियों की बात करते हैं। कानून व्यवस्था की बात करते हैं, लेकिन मणिपुर के मुद्दे पर कुछ नहीं बोलते। सुप्रिया भट्टाचार्य ने कहा कि मणिपुर क्या किसी अन्य देश का हिस्सा है? कठुआ आपके लिए गर्व का विषय है क्या ? आपने जिसे बेटी कहा, उसकी आबरू पर आपके वीर सांसद ने हाथ लगाया। आप उस हाथ को बड़ा मजबूत समझते हैं क्या ? प्रधानमंत्री जी आप जिस जगह पर खड़े होकर बात कर रहे थे, वो झारखंड की मिट्टी है, और झारखंड आपके जैसे महाजनी सोच के खिलाफ कई बार खड़ा हुआ है और उन्हें परास्त किया है। क्योंकि हम सब जानते हैं कि जुल्मी कब तक जुल्म करेगा, सत्ता के गलियारों से। अब जरा-जर्रा गुजर रहा है, परिवर्तन के नारों से' प्रधानमंत्री जी आपने छल-प्रपंच के द्वारा जिस आवाज को जेल में बंद रखा है, उसकी आवाज खुले आसमान में गूंज रही है। आपके कान में एक ही आवाज आती होगी मैं हेमंत हूं, झारखंड झुकेगा नहीं।

**आपको 15 साल कोसने वाले को ही नेता बनाना पड़ा, ऐसी क्या मजबूरी थी :** श्री भट्टाचार्य ने कहा कि आप इतनी बड़ी पार्टी के नेता हैं। फिर जिस शख्स ने 15 सालों तक आपको कोसा, राजनीतिक अभद्रता दिखायी, आज उसी को आपको अपना नेता बनाना पड़ा। सुप्रियो ने नाम लिये बिना बाबूलाल मरांडी पर भी निशाना साधा।

### मधु को चाट कर आप चुनाव जीतने का देख रहे सपना

सुप्रियो ने कहा, प्रधानमंत्री जी आप जितनी भी गारंटी में हों। एक गारंटी झारखंड से भी ले लें कि आगामी लोकसभा में जिस मधु को चाट कर आप चुनाव जितने का सपना देख रहे हैं, वो काम नहीं आयेगा। जनता अपने वोट का कोड़ा आप पर बरसायेगी।

## राजभवन में पीएम मोदी से मिली ममता बनर्जी

# संदेशखाली को लेकर पूरा देश आक्रोशित : प्रधानमंत्री



आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** कोलकाता के राजभवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मुलाकात हुई। मोदी दो दिन के दौरे पर शुक्रवार दोपहर बंगाल पहुंचे। इससे पहले हुगली के आरामबाग में मोदी ने ममता सरकार पर जम कर निशाना साधा। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मुझे दुश्मन नंबर-1 मानती हैं। आज बंगाल की जनता मुख्यमंत्री दीदी से पूछ रही है कि उनके लिए कुछ लोगों का वोट आपके लिए संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं से भी ज्यादा हो गया। आपको शर्म आनी चाहिये। इस घॉना को लेकर पूरा देश आक्रोशित है। मोदी ने कहा कि हमारे नेताओं ने लाठियां खाईं, मुसीबत झेली। तब कहीं जाकर बंगाल पुलिस को आपकी ताकत के सामने झुककर उस आरोपी (शेख शाहजहां) को गिरफ्तार करना पड़ा। ये करीब दो महीने फरार रहा। कोई तो होगा, जो उसको बचा रहा होगा। क्या ऐसी टीएमसी को माफ करेंगे। यहां मांओं-बहनों के साथ जो हुआ है, उसका बदला लेंगे। हर चोट का जवाब वोट से देना है।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 02 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in


## मोरम का अवैध उत्खनन जोरों पर



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में अवैध रूप से मोरम उत्खनन का धंधा जोरो से चल रहा है। खनिज विभाग के उदासीन रवैए के कारण बिना अनुमति और रायलटी चुकाए मोरम का अवैध उत्खनन कर बेच रहे हैं। मोरम माफिया सारे नियम कानून दरकिनार कर रात दिन सरकारी और निजी जमीन पर उतखनन कर रहे हैं। इस धंधे में शामिल खनन माफिया प्रतिदिन अवैध खनन कर मालामाल हो रहे हैं। वहीं सरकार को लाखों रुपये राजस्व का चूना लग रहा है। मोरम का अवैध उत्खनन प्रखंड के तेलोडीह पंचायत अंतर्गत तिलैया गांव के समीप व्यापक पैमाने पर किया जा रहा है। इस धंधे में शामिल माफिया द्वारा जेसीबी मशीन का उपयोग कर पहले उत्खनन का कार्य किया जाता है और बाद में मजदूरों द्वारा चालने में चाल कर मिट्टी को अलग कर मोरम को जमा किया जाता है और शाम होते ही इकट्ठा किया गया मोरम को ट्रकों में लोड कर बेखौफ हो कर मरकच्चो, नवलशाही, जयनगर, डोमचांच व कोडरमा थाना के रास्ते बिहार के लिए भेजा जाता है। बिहार में प्रति ट्रक चालीस से पचास हजार रुपये की कीमत पर मोरम को बेचा जाता है। ग्रामीण बताते हैं कि इस तरह का मोरम के अवैध उत्खनन का खेल कई वर्षों से किया जा रहा है। वहीं इस संबंध में सीओ परमेश्वर कुशवाह ने बताया कि उन्हें इस संबंध मे जानकारी नहीं है अगर ऐसा हो रहा है तो वो जांच कर कार्यवाई करेंगे।

## किसान के पुत्र ने नोसेना में पायी नौकरी



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** मन में लग्न और कुछ करने की दृढ़ इच्छा शक्ति हो तो इंसान के लिए कोई भी कार्य नामुमकिन नहीं है। इसे मरकच्चो प्रखंड क्षेत्र के पपलो पंचायत के खंडहराडीह निवासी के साधारण किसान बाबूलाल यादव के पुत्र भीम यादव ने चरितार्थ कर दिखाया है। भारतीय नौसेना में एसएसआर बनकर भीम यादव ने गांव के साथ-साथ अपने प्रखंड और जिले का भी नाम रौशन किया है। नौकरी पाकर भीम यादव के खंडहराडीह गांव पहुंचने पर पपलो पंचायत की मुखिया चिंता कुमारी और अन्य ग्रामीणों के द्वारा उन्हें फूल माला पहनकर, पुष्प कुछ देकर स्वागत किया गया। साथ ही लोगों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ कल



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पावर हाउस डंडाडीह में श्री श्री मां रथाही जीर्णोद्वार प्राण प्रतिष्ठा का प्रथम वर्षगांठ मनाया जायेगा। कार्यक्रम 3 मार्च से मनाया जायेगा। 3 मार्च दुर्गासप्तशती पाठारंभ और अखंड हरी कीर्तन 12 बजे दिन से किया जायेगा। 4 मार्च को पाठान्त, हवन, आरती, विसर्जन, ब्राह्मण भोजन और भंडारा का आयोजन किया जायेगा। इस आशय की जानकारी माता रथाई पूजा प्रबंध समिति ने दी।

## उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने सभी लोगों से एक-एक कर समस्याएं सुनी। जनता दरबार में इंदिरा आवास योजना का लाभ दिलाने, रोजगार दिलाने, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में बच्ची का नामांकन, जमीन का रसीद काटने और ऑनलाइन करने के संबंध में, सहायता राशि दिलाने समेत कई मामलों में आवेदन दिया। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को सभी आवेदनों का जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया।

## कोडरमा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त कोडरमा के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम जिले के सभी मतदान केंद्रों में आयोजित किया जा रहा है। मतदाता शपथ और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को मताधिकार के महत्व को बताया जा रहा है। मतदाताओं को नैतिक मतदान का शपथ दिलाया गया। मतदाताओं ने हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।' की शपथ ली।

## कोडरमा पैसेंजर ट्रेन से व्यक्ति का शव बरामद

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** गाड़ी संख्या 03605 महेशमुंडा कोडरमा पैसेंजर के कोच संख्या 134610 में एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया। सूचना पर आरपीएफ कोडरमा के द्वारा ऑन ड्यूटी डॉक्टर और जीआरपी कोडरमा को अवगत कराया गया। ऑन ड्यूटी डॉक्टर के द्वारा चेक करने पर मृत घोषित कर दिया गया। चेकिंग के दौरान उपरोक्त व्यक्ति के पास कोई भी यात्रा टिकट बरामद नहीं है। एक एंड्रॉयड मोबाइल बरामद हुआ जिस पर फोन आने पर रिसीव किया गया तो सामने वाले ने अपना नाम राजू हाजरा बताया। साथ ही मृतक का नाम भेखलाल राणा उर्फ पिंकू राणा (उम्र करीब 35 वर्ष पिता भोली राणा सा पचंबा थाना देवरी जिला गिरिडीह) बताया। पूछताछ के दौरान बताया कि वह घर से उड़ीसा जाने के लिए निकला था।

## पीएम आवास बिन बनाये पैसे निकालने का आरोप

**इचाक (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता सुधीर कुमार मेहता ने इचाक प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर गोबरबंदा पंचायत में एक लाभुक द्वारा बिना प्रधानमंत्री आवास बनाये पैसे निकालने को लेकर आवेदन दिया है। आवेदन में लिखा है की 2021 - 22 में मो पनवा देवी पति स्व लालो राम को प्रधानमंत्री आवास मिला था मगर लाभुक के द्वारा ब्लॉक कर्मी की मिली भगत से पुराना बना हुआ मकान दिखा कर पैसा निकाल लिया गया है। इस मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। मुखिया रंजीत कुमार मेहता से पूछने पर बताया की मामले की जानकारी नहीं है, अगर ऐसा मामला होगा तो जांच के बाद ही कुछ कह सकते हैं। बीडीओ संतोष कुमार से पूछे जाने पर बताया की आवेदन मिला है, जांच की जायेगी।

# 200 किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**एसपी के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक और थाना प्रभारी के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र से हजारीबाग पुलिस ने 200 किलो गांजा के साथ एक को गिरफ्तार किया है। हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि कटकमदाग थाना अंतर्गत आजाद मोहल्ला, कुद में रिंकु अंसारी के द्वारा अपने घर में गांजा का अवैध व्यापार करने हेतु गांजा को छुपाकर रखा गया है। एसपी के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय और कटकमदाग थाना प्रभारी के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी के दौरान उक्त घर में एक व्यक्ति को पाया गया, जिससे कड़ाई से पुछताछ करने पर अपना नाम रिंकु अंसारी उर्फ सहजाद आलम उम्र 35 वर्ष पिता शेखावत अंसारी बताया। पुलिस की पुछताछ में रिंकु अंसारी ने बताया की हम अपने घर के बगल में अपने चाचा के घर में गांजा छुपाकर रखे हैं। गांजा को आज शाम में ही महताब उर्फ लक्की पिता बालो, हबीबी नगर खिरगांव के द्वारा लाकर दिया गया है। तलाशी के क्रम में घर के अंदर कुल आठ बोरा में 154 छोटा-बड़ा पैकेट गांजा बरामद किया गया। जिसका कुल वजन 200 किग्रा था। इस संदर्भ में रिंकु अंसारी उर्फ सहजाद आलम के विरूद्ध कटकमदाग थाना में कांड सं-34/24 दर्ज कर गिरफ्तार रिंकू अंसारी उर्फ शहजाद को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।




## एक किलो अफीम के साथ तीन तस्कर पकड़ाये

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिले के चौपारण थाना क्षेत्र के बहेरा स्थित हरियाणा पंजाब लाईन होटल के पास बोलेरो में बैठकर कुछ व्यक्ति अफीम तस्करी करने को लेकर आपस में लेन-देन कर रहे हैं। इसकी जानकारी हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह को मिली। सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही नौशाद आलम के नेतृत्व में छापामारी टीम गठित कर ग्राम बहेरा स्थित हरियाणा पंजाब लाईन होटल के पास पहुंचा तो देखा कि उक्त बोलेरो सं जे एच 02एएल 2526 होटल के बाहर खड़ी है और पुलिस बल को देखकर बोलेरो पर सवार दो-तीन लोग उतर कर भागने का प्रयास करने लगे, जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से तीन व्यक्ति संजय यादव, विजय साव, मिथुन दांगी को पकड़ लिया गया। बोलेरो की तलाशी लेने पर बोलेरो गाड़ी के अंदर एक प्लास्टिक में रखा 1 किलोग्राम अफीम और 20000 बीस हजार रुपया नगद पाया गया। चौपारण थाना में कांड सं- 55/24 दर्ज कर पकड़ाये तीनो व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नौशाद आलम, चौपारण थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह समेत सशस्त्र बल शामिल थे।

# कोऑर्डिनेटर और पंचायत सचिव पर लगा मनमानी करने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकट्ठा।** झारखंड सरकार की महात्वाकांक्षी योजना अबुआ अवास योजना में बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में जमकर अनियमितता बरती जा रही है। कुछ सरकारी कर्मचारियों के द्वारा अपने व्यक्तिगत लाभ के चलते गरीबों को आवास से हाथ धोना पड़ रहा है। यह बात सलैया पंचायत मुखिया इन्द्रदेव प्रसाद ने कहा। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी को सलैया पंचायत में अबुआ अवास का 60 लाभुको का लक्ष्य मिला था। जिसमें 15 लाभुक का जियो टैग किया गया। लेकिन हमारे पंचायत में 1200 परिवार रहते हैं जिसमें 250वैसे परिवार है जो टुटे मिट्टी के घर में आज प्लास्टिक लगाकर जैसे तैसे रहते हैं। वैसे लाभुकों का जियो टैग नहीं किया गया और जियो टैग करने के बदले कोऑर्डिनेटर अजय जयसवाल, पंचयात सचिव उदित नारायण वर्मन के द्वारा लाभुकों से पैसा मांगा जा रहा था। लक्ष्मण दास ने बताया कि हमारे पत्नी मंजू देवी के नाम अबुआ आवास सुची में नाम था लेकिन पैसा नहीं देने पर कोडीनेटर व पंचायत सचिव ने जियो टैग नहीं किया।

वही मुखिया इंद्रदेव प्रसाद ने बताया हमारा पंचायत में गरीब वंचित दलित पिछड़ा परिवारों को सरकार का महत्वाकांक्षी योजना सबको घर सबका आवास से वंचित कर दिया गया अगर एक सप्ताह में ऐसे लोगों को जियो टैग नहीं होगा तब हम सभी बाध्य होकर प्रखंड मुख्यालय में धरना प्रदर्शन करेंगे।



## अबुआ आवास योजना में गड़बड़ी का आरोप

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत पीपचो पंचायत समिति सदस्य सह प्रखंड बीस सूत्री सदस्य बाजो दास ने उपायुक्त कोडरमा को लिखित आवेदन दिया है कि अबुआ आवास चयनित करने में सरकार द्वारा पंचायत समिति सदस्य को भी कमेटी का सदस्य बनाया गया है। लेकिन पीपचो पंचायत के मुखिया रामेश्वर यादव और पंचायत सचिव शिवानी यादव के मिली भगत से अबुवा आवास योजना सुखी संपन्न व्यक्तियों को दिया गया। जिसके पास तीन पहिया से चार पहिया वाहन तथा चार से दस कमरा का पक्का मकान है और कई लाभुक कच्चा घर वाले को छोड़ दिया गया है। उन्होंने उपायुक्त से आग्रह किया है कि जिओटेक लाभुकों की जांच किया जाये और योग्य व्यक्तियों को अबुवा आवास आवंटन करने की कृपा की जाये। साथ ही इसमें संलिप्त व्यक्तियों पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गयी है।

## स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बेंदी पंचायत अंतर्गत ग्राम कुंभियातरी में समर्पण और आरएमआई के तत्वावधान से एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर गांव के 50 से भी ज्यादा लोगों की उपस्थिति रही जिसमे कुल 46 मरीजों का निःशुल्क जांच कर दवा वितरण किया गया और 05 मरीजों को जिला सदर अस्पताल रेफर किया गया। डॉ ब्यूटी कुमारी (आयुष चिकित्सक) ने कहा कि माइका क्षेत्र होने के कारण यहां के मरीजों में मुख्य रूप से कमजोरी, बीपी, चर्म रोग, घात समस्या, गैस, एनीमिया, थैलेसीमिया, साइटिका, गला इंफेक्शन, जोड़ों का दर्द, बदन दर्द, आंखों में रौशनी की समस्या, कान दर्द, गैस, सर्दी, खांसी और बुखार जैसे मरीजों की संख्या अत्यधिक पायी गयी, इनमें से कुल 5 गंभीर समस्याओं वाले मरीजों के बेहतर ईलाज हेतु सदर अस्पताल कोडरमा रेफर किया गया। इस कैम्प में मुख्य रूप से परियोजना समन्वयक नवीन कुमार, असिस्टेंट फार्मासिस्ट दीपू कुमार, एएनएम मंजू कुमारी, सेविका संजू देवी, समाज सेवी रमण यादव, सीएफ मनीष लहेरी, राजेश कुमार, क्षेत्रीय कार्यकर्ता जितेंद्र अगेरी और राहुल भुइयां की अहम भूमिका रही।

### महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

# भाईचारे के साथ पर्व मनाने का निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** महा शिवरात्रि पूजा को लेकर बड़कागांव थाना परिसर में शांति समिति का बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल की अध्यक्षता और बड़कागांव मध्य जिला परिषद प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम के संचालन में किया गया। बैठक में उपस्थित लोगों ने महाशिवरात्रि पूजा को धूमधाम से मनाने के व शांतिपूर्ण व्यवसाहार के साथ मनाने पर सहमती जताया।

मौके पर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि हम दोनों समुदाय के श्रद्धा भाव के साथ शांतिपूर्ण तरीके से महाशिवरात्रि पूजा मनाने का काम करें। और क्या हम लोग बड़कागांव से हिंदू मुस्लिम एकता का परिचय दें। प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल व अंचल अधिकारी बालेश्वर राम साहू ने संयुक्त रूप से कहा कि नेगेटिव चीजों पर ध्यान ना दें और सभी लोग आपसी भाईचारे के साथ महाशिवरात्रि पर्व को मानाए और दोनों समुदाय के लोग अपने अपने लोगो के बीच में जागरूकता फैलाएं ताकि किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना ना घटे।

वहीं थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि महाशिवरात्रि पूजा शांतिपूर्ण और सौहार्द तरीके से मनाए बड़कागांव पुलिस प्रशासन आपके सहयोग में हमेशा खड़ा रहेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाहें चीजें को पहले सत्यापित करें, उसके बाद ही निर्णय पर पहुंचे या फिर पुलिस को सूचना दें।

मौके पर मौके पर मुख्य रूप से बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, अंचलाधिकारी बालेश्वर राम साहू, जिप सदस्य सुनीता देवी, उपप्रमुख वचनदेव कुमार, बुढ़वा महादेव विकास का शांति समिति के अध्यक्ष दामोदर प्रसाद मेहता महाशिवरात्रि पूजा समिति के अध्यक्ष बिंदेश्वर उर्फ बिंदु दांगी, बुढ़वा महादेव सेवा समिति के अध्यक्ष सुरेश महतो, सचिव झमन प्रसाद, मुखिया संघ के जिला उपाध्यक्ष पारसनाथ प्रसाद,पंसस प्रभु राम, रंजीत चौबे, डॉ. बालेश्वर मेहता, विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो,भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह, आजसू जिला उपाध्यक्ष कामेश्वर महतो, जेबीकेएसएस के राकेश मेहता, सोनू इराकी, जानिसार आलम, बड़कागांव पश्चिमी भाजपा मंडल कार्वाहक अध्यक्ष सह महामंत्री इंद्रभूषण, बिगलकिशोर महतो, रामधनी महतो, जयशंकर प्रसाद मेहता, शशी मेहता, भाजपा नेता मनीष कुमार पांडे, किशोर कुमार इत्यादि दर्जनों शामिल थें।

# मुखिया संघ ने दिया धरना, सौंपा मांग पत्र

**उपायुक्त के नाम सात सूत्री मांग पत्र सौंपा गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** समाहरणालय के समक्ष शुक्रवार को जिला मुखिया संघ ने धरना दिया। अध्यक्षता जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता ने की। धरना के उपरांत उपायुक्त ने नाम सात सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। धरना के दौरान जिले के मुखिया ने निलंबित किये गये मुखिया के वितीय सभी पावर अभिलंब वापस करने, ग्राम सभा के माध्यम से चयनित लाभुकों को अबुवा अवास की प्राथमिक्ता देने, मुखिया पर न्यायिक रूप से आरोप गठित होने के बाद ही वितीय शक्ति जब्त करने, पंचायत कर्मीयों को पंचायत सचिवालय में बैठना सूनिश्चि करने, राज्य वित आयोग की राशि पंचायतों को अभिलंब उपलब्ध कराने, मनरेगा के सभी कार्य का क्रियान्वयन पंचायत सचिवालय से करने और जीओ टैग और एक्सेप्ट का अधिकार मुखिया को देने और 15 वी वित आयोग के तहत पंचायतों में हो रहे कार्यों का मापी पुस्तिका मुखिया द्वारा निर्गत करने का आदेश देने की मांग की गयी। धरना में मुखिया सुरेश यादव, उत्तम महतो, महेश प्रसाद साव, विजय यादव, नारायण साव, फारुख अहमद, मोदी कुमार, रवि कुमार दास, रंजीत कुमार, नंदकिशोर मेहता, किरण देवी, मंजू देवी, सीता कुमारी, निशु कुमारी, मीना देवी, संगीता देवी, सुनीता देवी समेत जिले के दर्जनों मुखिया उपस्थित थे।



## जदयू ने नीतीश कुमार का 73वां जन्मदिन मनाया



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग के द्वारा बिहार के मुख्यमंत्री और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार का 73 वा जन्मदिवस मनाया गया। जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा ने कहा की हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री लंबे समय तक बिहार समेत देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अपना योगदान देते रहे। वे स्वस्थ और दीर्घायु बन रहे इसका लाभ पार्टी और जमीन से जुड़े कार्यकर्ता ले सके। बिहार विकसित राज और भारत देश विकसित देशों की गिनती में आ जाये। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव मिथिलेश सिंह, चंद्र मोहन पटेल, राकेश गुप्ता, जिला के प्रवक्ता राकेश ठाकुर, महासचिव बसंत मेहता, जिला उपाध्यक्ष अविरल बिहारी लाल, महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष खुशबू कुमारी, जिला सचिव सुजाता सिंह, प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद कुशवाहा, रघुनंदन महतो, गुजरी देवी, कंचन देवी, बिट्टू कुमार, वीरेंद्र राम, संजय महतो आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने निकाला न्याय मार्च

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को विष्णुगढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ताओं द्वारा राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समर्थन में नरकी पंचायत के सरना स्थल से न्याय यात्रा निकाला। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव चौधरी और संचालन सचिव संजय प्रजापति ने किया। वक्ताओ ने कहा कि केंद्र सरकार के षड्यंत्रकारी नीतियों का विरोध सड़क से लेकर सदन तक किया जायेगा। जबतक पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल से बाहर नहीं आ जाते है तब न्याय यात्रा जारी रहेगा साथ ही चौक चौराहो और जगह जगह नुक्कड़ सभा कर न्याय की अपील की जायेगी। इस अवसर पर झामुमो केदेवीराम हेम्ब्रम, 20 सूत्री उपाध्यक्ष छोटेलाल बेसरा, संजय पटेल, रामलाल सोरन, छोटू हंसदा, महादेव मुर्मू, बाबूचंद मांझी, अनिल कसेरा, बुधन सोरेन, मेंहिलाल माझी, फटू मांझी, नारायण महतो, दिलेश्वर महतो, सुरेंद्र गझु, ताज अंसारी डीएम राज आदि उपस्थित थे।

## डबल बूल सीमेंट की तकनीकी कार्यशाला



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** सांढ़ पंचायत के होरम मोड़ स्थित अरविंद महतो के अपार्टमेंट में डबल बूल सीमेंट का तकनीकी कार्यशाला का आयोजन मेहता ट्रेडर्स के सुदर्शन मेहता के सौजन्य से किया गया। मौके पर इंजीनियर राहुल कुमार सिंह के द्वारा डबल बुल सीमेंट के विशेषता और गुणवत्ता के बारे में राजमिस्त्रियों और ठेकेदारों को बताया गया। जिसमें कहा कि फास्ट सेटिंग, बेजोर मजबूती, टाटा प्लांट स्लैग के निर्मित सीमेंट एक सामान्य के रंग कंक्रीटो और एफ टु एफ, डबल बुल पीएससी, मास्टर हैं। जो मजबूती में एकदम जबरजस्त है। मौके पर राजमिस्त्री रंजन कुमार रवि, बालेश्वर राम, महेंद्र पासवान, ओम प्रकाश कुमार, जहेन्द्र कुमार, कौलेश्वर रविदास, शंकर रविदास, मिस्टर रविदास, सुखदेव कुशवाहा, अजय कुमार दांगी, नरेश कुमार महतो, सुखदेव राम, सुरेंद्र पासवान, रवि कुमार, रामलोचन राम, जय लाल कुमार, देवेंद्र कुमार दास, महादेव महतो, विष्णु प्रसाद, जूठन राम, धनुषधारी महतो, लखेन्द्र प्रसाद, भुवनेश्वर राम, दीपक कुमार, रोहित कुमार, रामचरित्र कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## हुटपा की प्रधानाध्यापिका सेवानिवृत्त



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत हुटपा पंचायत के राजकीय प्राथमिक विद्यालय हुटपा के प्रधानाध्यापीका ध्यानी भेंगरा गुरुवार 29 फरवरी को सेवानिवृत हो गयी। इस अवसर पर विद्यालय मे एक कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें नम आंखों से विदाई दी गयी। पंचायत के मुखिया कविता सिंह ने बुके और अंग वस्त्र देकर उन्हे विदाई दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। सेवानिवृत प्रधानाध्यापीका ने कहा सबसे पहले योगदान 27 जुलाई 1988 में मध्य विद्यालय मंगुरा में दिया था और उसके बाद 2002 में राजकीय प्राथमिक विद्यालय हुटपा में उनकी पोस्टिंग हुई। इस विद्यालय में 22 सालों तक योगदान दिया। इस मौके पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय बानाहाप्पा के प्रधानाध्यापक अनवर हुसैन, संकुल साधन सेवी संतोष प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि राजेश सिंह, सहयोगी शिक्षक राकेश कुमार, शिवकुमार सिंह, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद, उपाध्यक्ष चंपा देवी, संयोजिका नुरेशा खातून और ग्रामीण दयाल प्रसाद, कमल प्रसाद, मो अमजद, संदीप ठाकुर (रुप्पु) रसोईया बबीता देवी, अरुणा देवी और दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## मजदूर संगठन सीटू का जिला सम्मेलन कल

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) का प्रथम जिला सम्मेलन रविवार 3 मार्च को साहू भवन झुमरीतिलैया में होगा। सीटू के जिला संयोजक रमेश प्रजापति ने बताया कि सम्मेलन का उद्घाटन सीटू झारखंड के महासचिव विश्वजीत देव करेंगे। जबकि मुख्य अतिथि के तौर पर राज्य कोषाध्यक्ष सह जिला प्रभारी अनिर्वान बोस और राज्य सचिव संजय पासवान भाग लेंगे। सम्मेलन में आंगनबाड़ी यूनियन, रसोईया यूनियन, निर्माण यूनियन, माइका वर्कर्स यूनियन, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव यूनियन, डीवीसी श्रमिक यूनियन, परिवहन यूनियन के अलावा सहिया, सफाई कर्मी सहित करीब एक दर्जन यूनियन के चुने हुए 200 प्रतिनिधि भाग लेंगे। सम्मेलन में राजनीतिक और सांगठनिक स्थिति पर रिपोर्ट पेश किया जायेगा। जिसमें प्रतिनिधि अपनी राय देंगे। जिसके बाद जिले में मजदूर आंदोलन को तेज करने और नये क्षेत्र में सीटू का विस्तार करने का भी प्रस्ताव पास किया जायेगा। इस अवसर पर सीटू की नयी जिला कमेटी और पदाधिकारियों का भी चुनाव किया जायेगा।

## एनएच 33 के चौड़ीकरण को लेकर चर्चा

**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गोबरबन्दा पंचायत भवन में जन प्रतिनिधि और भू-अर्जन के साथ रैयतो ने बैठक की। बैठक की अध्यक्षता उप प्रमुख सतेंद्र कुमार और मुखिया संघ जिला अध्यक्ष रंजीत मेहता ने किया। बैठक में एनएच 33 की चौड़ीकरण फोर लेन को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में शामिल रैयतों ने भू अर्जन कार्यालय के पदाधिकारी के ऊपर नाराजगी जताई। कहा कि भू अर्जन कार्यालय पत्रांक नंबर 383 दिनांक 28/02/2024 के आलोक में बैठक हुई। इस बैठक में भू अर्जन के सहायक पदाधिकारी विकास कुमार, परमानंद महतो और मनोज कुमार शामिल थे। भू रैयतों ने निम्न मांग पत्र सौंपा, जमीन के साथ साथ जमीन पर बने हुए मकान को सत्यापित करते मापी करा कर मुआवजा राशि तय किया जाय। जमीन का वर्तमान मूल्य के आधार पर सत्यापित कर मुआवजा राशी तय किया जाय। बैठक में राम रतन प्रसाद मेहता, मंदूर आलम, मो आलम, गुलाम मुस्तफा, उपेंद्र मेहता, अनवर हसन, अरुण कुमार मेहता, एमडी आजाद, तुलसी मेहता, सीताराम मेहता, शैलेश राणा, मिथलेश मेहता, साहिल हुसैन, ताहिर अंसारी, आदी भू अर्जन शामिल थे। ग्रामीन ने बताया कि जमीन का मूल्य वर्तमान के हिसाब से दिया जाय। उक्त मांग नही दिए जानें पर भू रैयतों ने कोर्ट जाने की भी बात कही।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 02 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in
05

# लोगों के लिए हमेशा उपलब्ध रहूंगाः एसपी डॉ विमल कुमार



**निवर्तमान एसपी ने किया स्वागत**

**जनता की समस्याओं का समाधान करना ही मेरी पहली प्राथमिकता :डॉ विमल कुमार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** जिले के 14वें एसपी के रूप में शुक्रवार को एसपी डॉ विमल कुमार ने योगदान दे दिया। इस अवसर पर निवर्तमान एसपी पीयूष पांडेय ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। उसके बाद डॉ कुमार ने श्री पांडेय से पदभार ग्रहण किया। इस दौरान एसपी श्री पांडेय ने डॉ विमल कुमार को रामगढ़ जिले की भौगोलिक स्थिति से अवगत कराया। साथ ही मीडिया से मिले सहयोग पर भी खुल कर बात की।

**आमजनों के लिए हमेशा रहूंगा उपलब्धः** मौके पर एसपी डॉ विमल कुमार ने कहा कि आम जनता की समस्याओं का समाधान करना ही मेरी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही आमजनों के लिए हमेशा उपलब्ध रहूंगा। उन्होंने कहा कि जिलेवासी किसी भी समस्या की शिकायत सीधे मुझसे संपर्क कर कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अवैध कारोबार किसी भी हाल में नहीं चलने दिया जायेगा। कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए ठोस रणनीति बना कर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने आम जन से सहयोग भी मांगा।

## जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच हुई तलवारबाजी, पांच घायल

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहर के बंगाली टोला में शुक्रवार को जमीन विवाद मामले में जमकर तलवारबाजी भी हुई। इस घटना में करीब आधे दर्जन लोग घायल हुए हैं। इस रक्तपात के बाद घटनास्थल पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गयी। जहां किसी को माथे में चोट, किसी का हांथ काटा था, किसी का चेहरे गाल और कंधे पर तेज हथियार से गहरे जख्म बने हुए थे। इस घटना में घायल बंगाली टोला निवासी 70 वर्षीय कौशल किशोर शर्मा, बंगाली टोला निवासी 22 वर्षीय पवन यादव, बंगाली टोला निवासी 34 वर्षीय विजय यादव, बंगाली टोला निवासी 40 वर्षीय प्रकाश यादव, के अलावे दूसरे पक्ष के लोहार टोला निवासी 52 वर्षीय विनोद सिंह को गंभीर चोट आयी है। वही, गंभीर रूप से घायल दो लोगों को डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दी।

## आइडियल स्कूल का मना स्थापना दिवस



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा केदली कला के परिसर में संचालित गुरु नानक आइडियल पब्लिक स्कूल का पांचवां स्थापना दिवस शुक्रवार को काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता निर्देशक सरदार समरजीत सिंह व संचालन प्रधानाध्यापक करनजीत सिंह के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में चतरा जिले के भूतपूर्व सिविल सर्जन डॉ एस पी सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार प्रताप सिंह ने मुख्य अतिथि को बुके एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। इस मौके पर बच्चों के द्वारा शिक्षा पर आधारित एक पर एक नुक्कड़ नाटक एवं संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सिंह ने शिक्षा से संबंधित जानकारी दी और बताया कि शिक्षा के बिना आपका जीवन अधूरा है। अपने बच्चों को अच्छा शिक्षा दें बच्चे अच्छे शिक्षा प्राप्त कर आइएएस आइपीएस डॉक्टर बनकर अपने परिवार का नाम रोशन करेंगे बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की और अपने तरफ से बच्चों के अच्छे फिजिकल को लेकर विद्यालय मै खेलकूद सामग्री उपलब्ध कराने की घोषणा की। कार्यक्रम में कृष्ण कुमार सिंह, सरदार शमशेर सिंह, मुखिया सह प्रखंड राजद अध्यक्ष अशोक कुमार यादव, पंस सदस्य वकील खान, अशर्फी सिंह, प्रभाकर सिंह, गुरमीत सिंह के अलावे दर्जनों शिक्षा और अभिभावक, उपस्थित थे।

## राजस्थान में फंसे प्रतापपुर के मजदूरों को मंत्री की पहल पर लाया गया घर



**प्रतापपुर/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चंदरी गोविंदपुर के अनंतपुर गांव के रहने वाले 8 मजदूरों को शुक्रवार को उनके घर लाया गया। जिसमें अनंतपुर के रहने वाले रामनाथ भारती, मंटू कुमार, राहुल कुमार, राजय कुमार, मनोज कुमार, आनंद भारती, सोमार भारती और राजदेव भारती सभी राजस्थान में काम करते थे। ये सभी श्रमिकों को बंधुआ मजदूर की तरह एक बारूद कारखाने में काम कराया जा रहा था। जिसके कारण ये लोग काफी भयभीत और परेशान थे। इसी को लेकर उनलोगों ने एक वीडियो के जरिए चन्दरी गोविंदपुर के मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र सार्थक को जानकारी देते हुए घर लाये जाने की गुहार लगायी। इन घटना की जानकारी राज्य के मंत्री सत्यानंद भोक्ता को दिया गया। श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता की पहल पर श्रम विभाग द्वारा संचालित राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष के माध्यम से सभी मजदूरों को उनु घर पहुंचाया गया।

## रामगढ़ महाविद्यालय का निरीक्षण



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान पीठासीन, प्रथम, द्वितीय और तृतीय मतदान पदाधिकारियों के डिस्पैच के मद्देनजर रामगढ़ महाविद्यालय में डिस्पैच सेंटर स्थापित करने को लेकर शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी चंदन कुमार ने रामगढ़ महाविद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी ने रामगढ़ महाविद्यालय में डिस्पैच के मद्देनजर उपलब्ध सुविधाओं आदि का जायजा लेने के क्रम में सफलतापूर्वक डिस्पैच कार्य संपन्न करने को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों और की जाने वाली विभिन्न तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल सहित अन्य उपस्थित थे।

### रामगढ़ में दिनदहाड़े बाइकर्स गैंग ने दी पुलिस को चुनौती

# स्कूटी सवार से 3.5 लाख की लूट

**बैंक से पैसा निकालकर घर जा रहा था पीड़ित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



पीड़ित

**रामगढ़।** शहर में अपराधियों का मनोबल सर चढ़कर बोल रहा है। कहीं चोरी हो रही है तो कहीं बाइक सवार उचक्के दिनदहाड़े लोगों को लूट ले रहे हैं। ऐसा ही घटना शुक्रवार को दामोदर नदी के पास बाइक पर सवार दो उचक्कों ने एक स्कूटी सवार से रुपयों से भरा थैला उड़ा लिया। उस बैग में 3.50 लाख रुपये मौजूद थे। इस मामले की सूचना पीड़ित युवक फिरोज खान ने रामगढ़ थाने में दर्ज कराई है। मामले में थाना प्रभारी अजय कुमार साहू ने बताया की हजारीबाग जिले के गिद्दी थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलीगढ़ा एमपीआई के रहने वाले फिरोज खान शुक्रवार को एचडीएफसी बैंक से पैसे निकालने आये थे। यहां से उन्होंने 3.50 लाख रुपये नगद निकाला और एक झोले में डालकर अकेले ही स्कूटी से अपने घर वापस जा रहे थे। इसी दौरान दामोदर पुल के पास पल्सर बाइक पर सवार दो उचक्कों ने उनका थैला काट लिया और फरार हो गये।

**रांची रोड तक किया पीछा, भाग निकले उचक्के**

फिरोज खान ने बताया कि 2 दिन पहले ही उन्होंने अपने नजदीकी पोस्ट ऑफिस में एक खाता खुलवाया था। उसमें पैसा जमा करने के लिए ही उन्होंने एचडीएफसी बैंक से पैसे की निकासी की थी। दामोदर नदी पुल के पास पल्सर बाइक पर सवार युवकों ने पैसों से भरा थैला काट लिया। इस दौरान उचक्कों का पीछा किया गया। लेकिन वह रांची रोड अशोक सिनेमा की तरफ के रास्ते से भागने में सफल रहे।

**पुलिस ने खंगाला सीसीटीवी कैमरा**

रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद तत्काल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए जांच शुरू कर दी गयी है। अपराधियों के शिनाख्त के लिए बैंक और घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले गये हैं। जल्द ही अपराधी पुलिस गिरफ्त में होंगे।

# पीएम ने किया सीएचपी साइलो का ऑनलाइन उद्घाटन

**292 करोड़ की लागत से हुआ प्लांट निर्माण, लोडिंग क्षमता वार्षिक 7.5 मिलियन टन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**उरीमारी।** सीसीएल बरका सयाल क्षेत्र के बिरसा परियोजना में बने नार्थ उरीमारी कोल हैंडलिंग प्लांट (सीएचपी) साइलो का ऑनलाइन उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों द्वारा शुक्रवार को किया गया। धनबाद में कार्यक्रम के दौरान ऑनलाइन उद्घाटन हुआ। इसको लेकर बिरसा परियोजना प्रबंधन के द्वारा विशेष रूप से तैयारियां की गयी थी। सीएचपी साइलो तीन परियोजनाओं के कोयला लोडिंग के मद्देनजर बनाया गया है। फिलहाल यहां पर न्यू बिरसा और बिरसा परियोजना उरीमारी का कोयला लोडिंग होगा। सीएचपी साइलो 292 करोड़ की लागत से प्लांट का निर्माण कार्य हुआ है इस सीएचपी की लोडिंग क्षमता वार्षिक 7.5 मिलियन टन है। सीएचपी साइलो चालू होने से बिरसा, न्यू बिरसा और उरीमारी परियोजना का कोयला यही से डिस्पैच होगा। इसके बाद रोड के माध्यम से प्रतिदिन होने वाली ट्रांसपोर्टिंग बंद हो जायेगी। जिससे सड़क पर उड़ने वाले धूल गर्दा से लोगों को राहत मिलेगी। उद्घाटन कार्यक्रम के एतिहासिक पल में कोयलांचल क्षेत्र के यूनियन प्रतिनिधि, विस्थापित, ग्रामीण, सीसीएल प्रबंधन सहित गणमान्य लोग साक्षी बने। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीसीएल सीएडी बी वीरा रेड्डी, एटक के रमेंद्र कुमार, डीटीपीएनपी बी साईंराम, बरका सयाल महाप्रबंधक अजय सिंह, विंध्याचल बेदिया, संजीव बेदिया, सुखदेव प्रसाद, सतीश सिन्हा, शशि भूषण सिंह, नरेश मंडल, बीजीआर सतनारायण रेड्डी, विस्थापित नेता दसई मांझी, दिनेश करमाली, सोनाराम मांझी, संजय करमाली, सूरज बेसरा, महादेव बेसरा, सीताराम किस्कू, विश्वनाथ मांझी, कार्तिक मांझी, गणेश गंझू, कानू मरांडी, कृष्णा सोरेन, मोहन सोरेन, यूनियन के बृजकिशोर पासवान, श्रीकांत गुप्ता, बच्चन पांडे, रामनरेश सिंह, शंभू प्रसाद सिंह, देवेंद्र सिंह, अर्जुन सिंह, संजय शर्मा, अशोक शर्मा, दशरथ कुर्मी, हरिनाथ महतो, संजय मिश्रा, संजय यादव, अशोक गुप्ता, महादेव मांझी, विनोद मिश्रा, चमन मुंडा, वासुदेव साव, भवानी शंकर प्रसाद, कोलेश्वर मांझी, देवकांत शर्मा, जगतार सिंह, प्रदीप रजवार, राजेश सिंह, सतीश मोहन मिश्रा, उरीमारी पंचायत मुखिया कमला देवी, पंसस गीता देवी, पोटंगा पंसस बभनी देवी, सीसीएल अधिकारी एसओपी अजय कुमार, एसओइएंडएम अमरेंद्र कुमार, एसओसी आर प्रधान, बिरसा पीओ डी शिवादास, उरीमारी पीओ दिलीप कुमार, सयाल पीओ सुबोध कुमार, हेंदेगीर पीओ रामेश्वर मुंडा, भुरकुंडा पीओ, जयंत कुमार, एनके सिंह, सिकंदर कुमार, सहित कई लोग मौजूद थे।

# 23 महीने का कार्यकाल हमेशा याद रहेगा

**अधिवक्ताओं ने सेवानिवृत्ति प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश को दी विदाई**

**नये प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश आलोक कुमार दुबे का किया स्वागत**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** जिला अधिवक्ता संघ के परिसर में शुक्रवार को विदाई और स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर और अधिवक्ताओं ने व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के सेवानिवृत्ति प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश बृजेश कुमार गौतम को विदाई दी। साथ नव पदस्थापित प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक कुमार दुबे का भव्य स्वागत किया गया। मौके पर सेवानिवृत प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश बृजेश कुमार गौतम को संघ के द्वारा बुके, प्रतीक चिह्न, शॉल ओढ़ा कर स्वागत करते हुए विदाई दी गयी। जबकि नवपदस्थापित प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश आलोक कुमार दुबे को भी बुके व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया।

**23 महीने का कार्यकाल रहेगा यादः आनंद :** संघ के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने कहा कि सेवानिवृत्ति प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश बृजेश कुमार गौतम का लगभग 23 महीने का कार्यकाल अधिवक्ताओं के बीच हमेशा याद रखा जायेगा। उनके कार्य करने की शैली हम सभी के लिए अमिट और स्मरणीय है। उनके सेवानिवृत होने से हम सभी को न्यायिक क्षेत्र में बहुत कमी खलेगी।

**अधिवक्ताओं का स्नेह और प्यार हमेशा मिला है:बृजेश गौतम :** इस अवसर पर सेवानिवृत्ति प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश बृजेश गौतम ने कहा कि जिला अधिवक्ता संघ के अधिवक्ताओं का उन्हें जो स्नेह, प्यार और न्यायिक कार्य करने में सहयोग मिला है। उसको वह कभी नहीं भूलेंगे। यहां के अधिवक्ता बहुत ही अच्छे और व्यवहार कुशल हैं। जो मुझे हमेशा न्यायिक कार्यों में पूर्ण सहयोग किये हैं। जिनके सहयोग से ही में 23 महीना अच्छी वातावरण में कार्यों का निष्पादन कर सका हूं।

**बार और बेंच का रिश्ता हमेशा मजबूत रहेः आलोक डूबेः** इस अवसर पर नवपदस्थापित प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश आलोक कुमार दुबे ने कहा कि मैं यह प्रयास करूंगा कि बार और बेंच का रिश्ता हमेशा मजबूत रहे और संघ को कभी भी किसी तरह की कोई शिकायत का मौका नहीं मिले। अधिवक्ताओं की कोई भी समस्या होगी उसका समाधान करने का प्रयास करूंगा ।

इस अवसर पर धन्यवाद ज्ञापन संघ के महासचिव सीताराम ने दिया। जबकि मंच संचालन कार्यकारी सदस्य सुबोध कुमार पांडे द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष दिनेश्वर प्रसाद चौधरी, रंजन कुमार सिंह चंद्रिका सिंह, सरकारी अधिवक्ता संजीव कुमार अम्बस्थ, उपाध्यक्ष ऋषि महतो, कोषाध्यक्ष हरखनाथ महतो, संयुक्त सचिव प्रशासन शंभूनाथ प्रसाद, लाइब्रेरियन शंभू नाथ तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य योगेश कुमार पांडे, मीनू कुमारी, राजू कुमार, राजेंद्र महतो, द्वारिका महतो, मदन शर्मा, जगत महतो, सुरेश महतो, भैरव ठाकुर, भोला ठाकुर, शिवनाथ ठाकुर, डीएन सिंह, प्रकाश मंडा, मोईन आरफी, नौशाद अहमद, निमेष सिंह, लिलकेश्वर साहू आदि उपस्थित थे।

# नयीसराय की सरकारी जमीन से हटा अतिक्रमण

**डीसी ने स्पष्ट की मंशा**

**कोई कितना भी पावरफूल हो, नहीं कर पायेगा सरकारी जमीन पर कब्जा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**रामगढ़।** डीसी चंदन कुमार ने नई सराय की सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाकर यह साफ कर दिया है कि कोई भी हो सरकारी जमीन पर हावी नहीं हो सकता है। शुक्रवार को उन्होंने रामगढ़ अंचल अधिकारी और नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को नई सराय में अतिक्रमित की गयी सरकारी जमीन को खाली करने का निर्देश दिया था। इस निर्देश का तत्काल पालन हुआ और अधिकारी बुलडोजर लेकर वहां पहुंच गये। अधिकारियों ने वहां कई एकड़ में की गयी चारदिवारी को पूरी तरीके से जमींदोज कर दिया। यह आदेश जारी किया कि अगर कोई भी व्यक्ति उस सरकारी जमीन का अतिक्रमण करेगा तो उसके मकान पर बुलडोजर चला दिया जायेगा।

**2 महीने पहले दिया गया था अल्टीमेटम लेकिन नहीं माने भू माफिया :** 2 महीने पहले ही नईसराय मौजा की सरकारी जमीन पर अतिक्रमण को लेकर कार्रवाई की गयी थी। अंचल कार्यालय से एक नोटिस सार्वजनिक तौर पर चिपकाया गया था। उस नोटिस में यह कहा गया था कि 24 घंटे के अंदर अतिक्रमित भूमि को खाली कर दिया जाये, अन्यथा उसपर कार्रवाई होगी। लेकिन भू-माफिया और दलाल के कान पर जूं तक नहीं रेंगा और उन लोगों ने इस नोटिस के बाद भी कई बाउंड्री का निर्माण किया। अंततः उन सारी चारदीवारी को तोड़कर वहां मैदान बना दिया गया है।

**सरकारी बोर्ड को उखाड़ माफियाओं ने बना दी बाउंड्री**

जिस जमीन पर 8 महीने पहले सरकारी भूमि का बोर्ड अंचल कार्यालय से लगाया गया था इस जमीन पर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण कर लिया गया है। रामगढ़ अंचल अधिकारी सत्येंद्र पासवान ने बताया कि जून महीने में नई सराय बस्ती में सरकारी भूमि की विवरणी के साथ दो-दो बोर्ड लगवाये गये थे। जिसमें यह बताया गया था कि खाता नंबर 1 का प्लॉट नंबर 186, 254, 255, 266, 257, 258, 186/228 सरकारी भूमि है। यह बताया गया था कि रामगढ़ अंचल के नईसाराय मौज की इस सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य अतिक्रमण अथवा खरीद बिक्री करना गैर कानूनी है। इस भूमि पर अवैध रूप से निर्माण और खरीद बिक्री करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। ऐसा ही एक बोर्ड दूसरे स्थान पर लगवाया गया था। लेकिन भूमाफियाओं ने उन दोनों सरकारी बोर्ड को उखाड़ फेंका और वहां पर पक्के मकान का निर्माण कर दिया। वहां बड़े पैमाने पर जमीन की खरीद बिक्री की गयी और वहां चारदीवारी बना दी गयी।

**नगर परिषद सरकारी जमीन पर बनायेगा भवन**

नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि उस पूरे इलाके के विकास के लिए नगर परिषद सरकारी भवन बनायेगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से जल्द ही योजना स्वीकृत और पारित की जायेगी, ताकि नई सराय बस्ती के लोगों को सरकारी योजना का लाभ मिल सके।

## वित्तीय साक्षरता सप्ताह शिविर आयोजित



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** ओपी जिन्दल कम्युनिटी कॉलेज औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पतरातू में शुक्रवार को अग्रगति संस्था के तत्वावधान में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2024 का नारा करो सही शुरुआत-बनो वित्तीय स्मार्ट को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बैंकों में विभिन्न प्रकार के जमा खाते, डिजिटल बैंकिंग, साइबर सुरक्षा और उससे बचने के उपाय, सुकन्या समृद्धी योजना, शिक्षा ऋण योजना की जानकारी दी गयी। इस दौरान आरबीआई प्रबंधक हर्षिता सभलोक द्वारा बैंक सम्बन्धित वैकल्पिक प्रश्न भी पुछे गये। साथ ही सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। शिविर में आरबीआई की प्रबंधक हर्षिता सभलोक, सीएफएल संचालक पम्मी कुमारी, विकास कुमार, औद्योगिक संस्थान के प्राचार्य संबित कुमार साहू सहित शिक्षक और 105 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थें।

## कराटे प्रशिक्षक आस्था सिंह को बेहतर प्रदर्शन के लिए किया गया सम्मानित



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** कराटे कोच सेंसाई कंचन दास से मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण लेनी वाली एला एगलाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय के 9वीं की छात्रा सह कराटे प्रशिक्षिका 14 वर्षीय आस्था सिंह को कराटे में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुक्रवार को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बासल थाना के एएसआई विनोद कुमार ने कुरसे निवासी पंकज सिंह व रेखा देवी की पुत्री आस्था सिंह को ट्रॉफी व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर विनोद कुमार ने कहा कि कराटे से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। वर्तमान समय में लड़कियों को मार्शल आर्ट का ट्रेनिंग जरूर लेना चाहिए। यह आत्मरक्षा क बेहतर साधन है। मौके पर कराटे कोच सेंसाई कंचन दास ने बताया की आस्था को गढ़वा से ब्लैक बेल्ट प्रथम डॉन और बोकारो जिला के करगली स्टेडियम से कराटे ग्रेडिंग परीक्षा में ब्लैक बेल्ट द्वितीय डान की उपाधि से नवाजा गया है। उन्होने बताया की आस्था सिंह ने रांची के खेलगांव में आयोजित झारखंड राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन की है। साथ ही स्टेट एथलेटिक्स प्रतियोगिता के किट जेबलिग में रजत पदक जीतकर रामगढ़ जिला के पतरातू प्रखंडवासियों को भी गौरवान्वित कराया है। बताया गया की वर्तमान में आस्था सिंह छात्राओं को कराटे का प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षिका की भी अहम भूमिका निभा रही है।

## सेवानिवृत्त शिक्षक को दी गयी विदाई



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के वर्किंग हाल में शुक्रवार को समारोह आयोजित कर सेवानिवृत शिक्षकों को विदाई दी गयी। इसकी अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रभाकर कुमार और संचालन सुनील राम द्वारा किया गया। सेवानिवृत्त शिक्षिका सुशीला कुमारी और अर्चना कुमारी को पुष्प और उपहार देकर सम्मानित किया गया। मौकै पर शरदेंदु सिंह, सुजीत सिन्हा, किशोर महतो, सुजीत मंडल, संजय सिन्हा, सत्येंद्र कुमार, दीपेंद्र कुमार, राजीव रंजन, महेंद्र चौधरी, रामलखण साहू, छोटन राम, नितेश पटेल, राजकिशोर ठाकुर, प्रमोद रजक, रवीश कुमार, बृजनाथ मुंडा, सरस्वती कुमारी, सुभावती कुमारी, प्रियंका कुमारी, बसंत कुमार, मटुक राम, उमेश रविदास, संगीता कुमारी, आशा कुमारी, कृष्णा कुमार आदि मौजूद थे।

## जदयू ने नीतीश कुमार का मनाया जन्मदिन



**कुजू (आजाद सिपाही)।** बिहार के सीएम सह जदयू केन्द्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार का 74वां जन्मदिन जदयू नेताओ और कार्यकर्ताओं ने कुजू स्थित रामगढ़ जिला कार्यालय में धूमधाम से मनाया। आयोजित कार्यक्रम की अगुवाई रामगढ जिलाध्यक्ष ज्योतिन्द्र प्रसाद साहू ने की। मौके पर मौजूद लोगों ने नीतीश कुमार के पक्ष में जमकर नारेबाजी करते हुए केक काटा। साथ ही, लड्डू का वितरण किया। वही, लंबी उम्र की कामना की। मौके पर ज्योतिन्द्र प्रसाद साहू ने बिहार सीएम नीतीश कुमार को उनके जन्मदिन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी। ज्योतिन्द्र साहू ने कहा कि बिहार के विकास पुरुष के रूप में सीएम नीतीश कुमार द्वारा समाज के अंतिम व्यक्ति तक हर योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश महासचिव जगदीश महतो, मांडू प्रखंड अध्यक्ष राधेश्याम महतो, रामगढ़ जिला सचिव सफीक अंसारी, जिला कोषाध्यक्ष रामाकांत पटेल, प्रखंड सचिव बालेश्वर तुरी, सचिन, उमेश प्रसाद मौजूद रहे।

**शपथ-पत्र**

शपथ पत्र सं. 244 दिनांक 29.02.2024 के अनुसार मैं नारायण दास मक्कड़, पुत्र श्री द्वारका दास मक्कड़, उम्र 75 वर्ष लगभग व कमलेश पत्नी नारायण दास मक्कड़, उम्र 70 वर्ष लगभग, निवासी गण ई.-27, कृष्णा नगर कॉलोनी, रातु रोड, रांची, जिला रांची (झारखण्ड) के स्थायी निवासी हैं और हल्फ से निम्नलिखित ब्यान करते हैं कि:- 1. यह कि मनशपथकारान उपरोक्त पत्ते के स्थायी निवासी हैं। 2. यह कि मनशपथकारान अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र पंकज मक्कड़, पुत्र श्री नारायण दास मक्कड़ व शपथकार की पुत्रवधू प्रेरणा मक्कड़ और दोनो बच्चों नम्सवी मक्कड़, पार्थ मक्कड़ को अपनी समस्त चल अचल सम्पति जो हाल में है और भविष्य में होगी से बेदखल करते हैं, क्योंकि शपथकारान का पुत्र पंकज मक्कड़ व पंकज मक्कड़ की पत्नी प्रेरणा मक्कड़ शपथकारान व उसके परिवार के कहने सुनने से बाहर है। और मनशपथकारान व उसके परिवार से अलग रहते हैं, इसलिए शपथकारान का पुत्र पंकज मक्कड़ व पंकज मक्कड़ की पत्नी प्रेरणा मक्कड के साथ जो भी कोई लेन-देन करेगा वह स्वयं जिम्मेवार होगा मनशपथकारान व उसके परिवार का अपने पुत्र पंकज मक्कड़ व पंकज मक्कड़ की पत्नी प्रेरणा मक्कड़ से किसी प्रकार का कोई वास्ता ना है और ना ही भविष्य में रहेगा। 3.यह कि भविष्य में शपथकारान का पुत्र पंकज मक्कड़ व शथपकारान पुत्रवधू प्रेरणा मक्कड़ का आपस में कोई लड़ाई झगड़ा होता है तो शथपकारान व उसके परिवार का उनसे कोई वास्ता ना है 4.यह कि हमारा पुत्र पंकज मक्कड़ व पंकज मक्कड़ की पत्नी प्रेरणा मक्कड़ हम— शपथकारान के कहे सुने से बाहर है और इसलिए मनशपथकारान अपने लड़के व पंकज मक्कड़ की पत्नी प्रेरणा मक्कड़ को अपनी समस्त चल अचल सम्पति से बेदखल करते हैं।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit No.25/6 Date-30.11.2023 I, RUPLAL YADAV S/O Bigan Yadav aged about 51 years, Aadhar No. 6522 7698 9489 resident of village Ormo, Nadidhar, P.O. Govindpur P.S. Bokaro Thermal, District Bokaro (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declares as follows:- 1. That my real name is Ruplal Yadav which has been inserted in my Aadhar Card as well as PAN Card but my name has been mentioned as Rupu Yadav in my Bank Pass Book vide Savings A/c No. 481110100020236, Bank of India, Branch Gomia, District Bokaro.
2. That, I want to mention my real named RUPLAL YADAV in place of Rupu Yadav in my said Savings Bank Account No. 481110100020236.
3. That, the statements made above are true and correct, if same are found incorrect then I will be liable to be punished in the eye of law.

# बीसीसीआइ की अच्छी पहल

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) टेस्ट और घरेलू क्रिकेट के लिए मैच फीस बढ़ाने पर विचार कर रहा है, जो अच्छी पहल है। मीडिया में आई खबरों के मुताबिक, यह बढ़ोतरी तीन गुना तक हो सकती है। यानी अगर कोई खिलाड़ी एक पूरा रणजी सीजन खेलता है, तो करीब 75 लाख रुपये मिलेंगे उसे। इसी तरह, एक साल के सारे टेस्ट मैच खेलने पर वह 15 करोड़ रुपये तक मैच फीस पा सकता है, जो कि आइपीएल के टॉप कॉन्ट्रैक्ट के बराबर है। वहीं, बोर्ड की एनुअल रिटेनर्स की लिस्ट में श्रेयस अय्यर और ईशान किशन के नाम नहीं हैं। दरअसल, बीसीसीआइ इन दोनों के रवैये से खुश नहीं था। श्रेयस ने भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के दौरान फिटनेस से जुड़ी शिकायत की थी। वहीं, ईशान किशन का कहना था कि वह मानसिक रूप से तैयार नहीं हैं। हालांकि मेडिकल स्टाफ को श्रेयस बिल्कुल फिट लगे, जबकि टेस्ट के लिए तैयार न होने वाले ईशान आइपीएल के अपने कप्तान हार्दिक पंड्या के साथ ट्रेनिंग करते नजर आये। दोनों ही खिलाड़ियों ने टेस्ट को लेकर नेशनल ड्यूटी को तरजीह नहीं दी। किसी भी क्रिकेटर से पूछिए, वह रेड बॉल क्रिकेट को ही बेस्ट मानेगा। फिर भी खिलाड़ी इससे दूर जा रहे हैं, तो उसकी एक बड़ी वजह है पैसा। खैर, बीसीसीआइ ने दो बड़े खिलाड़ियों पर एक्शन लेकर अपने कड़े इरादे जाहिर कर दिये हैं। पहली बार बोर्ड की रिलीज में रिटेन करने वाले खिलाड़ियों के नाम के साथ यह हिदायत भी थी कि जब प्लेयर नेशनल टीम की तरफ से न खेल रहे हों, तब डोमेस्टिक क्रिकेट में हिस्सा लें। इससे पहले, टीम के कप्तान रोहित शर्मा भी कुछ ऐसी बातें कह चुके हैं, जिनका मतलब यह निकलता है कि फ्रेंचाइची क्रिकेट, चाहे वह आइपीएल ही क्यों न हो, नेशनल ड्यूटी के ऊपर नहीं हो सकती। लेकिन, यह सख्ती अंतिम उपाय नहीं है। एक सलूशन यह है कि रेड बॉल और फ्रेंचाइजी क्रिकेट के बीच के पैसों के अंतर को कम किया जाये। अच्छी बात यह है कि बीसीसीआइ ने इस दिशा में भी काम शुरू कर दिया है। सबसे समर्पित समर्थक, सबसे ज्यादा पैसे और स्टार खिलाड़ियों के दम पर बीसीसीआइ इस समय क्रिकेट की दुनिया को लीड कर रहा है। ऐसे में खेल के सबसे पुराने प्रारूप को बचाने और उसके महत्व को कायम रखने की सबसे ज्यादा जिम्मेदारी भी उसी की बनती है। और, इसके लिए पहल उसे अपने घर से करनी होगी। ऐसे में अगर वह खिलाड़ियों के बीच रेड बॉल क्रिकेट का आकर्षण बढ़ाने के लिए फीस बढ़ाता है, तो उसके सार्थक परिणाम निकल सकते हैं।

**सबसे समर्पित समर्थक, सबसे ज्यादा पैसे और स्टार खिलाड़ियों के दम पर बीसीसीआइ इस समय क्रिकेट की दुनिया को लीड कर रहा है। ऐसे में खेल के सबसे पुराने प्रारूप को बचाने और उसके महत्व को कायम रखने की सबसे ज्यादा जिम्मेदारी भी उसी की बनती है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**सत्तासीन भारतीय जनता पार्टी तो हमेशा चुनावी मोड में रहती है। दूसरी ओर बिहार से नीतीश कुमार, उप्र से जयंत चौधरी और महाराष्ट्र से अशोक चौहान की विमुखता से बेपटरी हुआ आइएनडीआइए गठबंधन भी शनैः शनैः पटरी पर वापस लौट रहा है। आप और समाजवादी पार्टी के साथ सीटों का बंटवारा तय होने के बाद कहा जा रहा है कि टीएमसी से भी वार्ता निर्णायक दौर में है।**

# रणभेरी से पहले बिछने लगी बिसात



द्वारिका मिश्र सुमन

संसदीय चुनाव की रणभेरी 15 मार्च के पहले बजने की संभावना है, लेकिन राजनीतिक दलों की बिसात अभी से बिछनी शुरू हो गयी है। सत्तासीन भारतीय जनता पार्टी तो हमेशा चुनावी मोड में रहती है। दूसरी ओर बिहार से नीतीश कुमार, उप्र से जयंत चौधरी और महाराष्ट्र से अशोक चौहान की विमुखता से बेपटरी हुआ आइएनडीआइए गठबंधन भी शनैः शनैः पटरी पर वापस लौट रहा है। आप और समाजवादी पार्टी के साथ सीटों का बंटवारा तय होने के बाद कहा जा रहा है कि टीएमसी से भी वार्ता निर्णायक दौर में है। महाराष्ट्र में भी राहुल-शरद के बीच बात तय हो जाने की उम्मीद जतायी जा रही है।

भाजपा के लिए 48 सीटों वाले महाराष्ट्र और 40 सीटों वाले बिहार में सीटें बढ़ाना और उप्र में अपने समीकरण को और व्यापक रूप देना एक गंभीर चुनौती थी। इसे भाजपा समय रहते साधने में सफल रही। इसकी शुरुआत महाराष्ट्र में शिवसेना में सुराख के जरिये उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महाविकास अघाड़ी सरकार गिरने से हुई। इसके बाद शरद पवार की एनसीपी में फूट का लाभ भी भाजपा को ही मिला। दरअसल शरद पवार के भतीजे अजीत पवार एनसीपी में सुप्रिया सुले के बढ़ते कद से बेचैनी महसूस कर रहे थे और ऐन वक्त पर उन्होंने अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा को आगे रख कर सही प्लेटफार्म का चुनाव कर लिया। अब प्रदेश में दोनों हीं दलों क्रमशः शिवसेना, एनसीपी में असली-नकली की जद्दोजहद है। इस टूट से इतना तो जरूर है कि भाजपा के अनुमानित नुकसान की भरपूर भरपायी हो गयी है।

**कुल मिला कर आसन्न संसदीय चुनाव मोदी बनाम आइएनडीआइए बनता दिख रहा है।**




**अब जबकि महज सौ दिनों के अंदर देश के सभी राज्यों में चुनाव संपन्न हो जायेंगे। ऐसे में राजनीतिक परिदृश्य में जो तस्वीर उभर कर आ रही है, उससे साफ है कि मुकाबला दोनों गठबंधनों क्रमशः एनडीए और आइएनडीआइए के बीच होगा। इतना जरूर है कि आइएनडीआइए के अंतर्कलह से जो नकारात्मकता उभरी है उससे उबरना विपक्षी नेताओं के लिए आसान नहीं होगा।**

महाराष्ट्र के बाद भाजपा के लिए बिहार चिंतनीय था। पिछले संसदीय चुनाव में जब नीतीश का साथ था, तो एनडीए 40 में से 39 सीटें जीतने में सफल रही थी। वास्तव में नीतीश कुमार के विपक्षी खेमें में चले जाने से भाजपा का शीर्ष नेतृत्व असहज महसूस कर रहा था। आइएनडीआइए के सारथी बन कर नीतीश कुमार देश भर में विचरण कर विपक्षी एका के लिए एड़ी चोटी एक किये हुए थे। लेकिन ऐन वक्त पर नीतीश को अपनी जमात में लाकर भाजपा ने आइएनडीआइए की नींव को ही हिला दिया। इस राजनीतिक घटनाक्रम और उसके बाद विपक्षी खेमे में पसरे सन्नाटे से भाजपा को अपना लक्ष्य सध जाने का आभास हो गया।

उधर उप्र में बसपा सुप्रीमो मायावती का अकेले चुनाव लड़ने के ऐलान को भाजपा शुभ संकेत मान के चल रही है तो आइएनडीआइए को चिंता है कि दलितों के मतों का ध्रुवीकरण उनके लिए नुकसानदेह साबित होगा। यहां रालोद प्रमुख जयंत चौधरी का विपक्षी गुट से अलगाव के कारण भी आइएनडीआइए के वोटों का समीकरण बिगड़ता दिख रहा है, तो भाजपा इसे अपने अंकगणित में इजाफा मान रही है।

इन हिन्दी बाहुल्य राज्यों के साथ साथ इस बार भाजपा दक्षिण को भी साधने में जुटी हुई है। आंध्रप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री तथा टीडीपी के अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू के केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात को अहम माना जा रहा है। आंध्र के मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी के भी भाजपा के संपर्क में होने के कयास लगाये जा रहे हैं। गौरतलब है कि तेलगू फिल्म जगत के स्टार कलाकार पवन कल्याण की जनसेना पार्टी पहले से एनडीए का हिस्सा है। इतना जरूर है कि तेलंगाना में उपस्थिति के बावजूद आंध्र, तमिलनाडु और केरल में भाजपा को उपस्थिति दर्ज करने की चुनौती है। विश्लेषकों की मानें तो इन राज्यों में बदलाव के बयार दिखने लगी हैं। मोदी की गारंटी का प्रभाव भी दिखने लगा है और सबसे बड़ी बात है कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा के क्रम में तमिलनाडु, केरल के प्रतिष्ठित मंदिरों में जाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पूजापाठ कर वहां के लोगों को संबोधित किये जाने का सुखद असर होने का आस भी पार्टी को है।

अब जबकि महज सौ दिनों के अंदर देश के सभी राज्यों में चुनाव संपन्न हो जायेंगे। ऐसे में राजनीतिक परिदृश्य में जो तस्वीर उभर कर आ रही है, उससे साफ है कि मुकाबला दोनों गठबंधनों क्रमशः एनडीए और आइएनडीआइए के बीच होगा। इतना जरूर है कि आइएनडीआइए के अंतर्कलह से जो नकारात्मकता उभरी है उससे उबरना विपक्षी नेताओं के लिए आसान नहीं होगा। दोनों हीं खेमे के लिए सीट शेयरिंग बड़ी चुनौती है। हालांकि एनडीए में अधिक घटक दल होने के बावजूद कीच कीच कमतर है, जबकि नवंबर में पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों के बाद आइएनडीआइए में हुई तकरार लोग भूले नहीं हैं। कुल मिला कर आसन्न संसदीय चुनाव मोदी बनाम आइएनडीआइए बनता दिख रहा है। पार्टी स्तर पर यदि गौर करें तो भाजपा का मैनेजमेंट और जनाधार का दायरा विपक्ष पर बहुत भारी है।

## जमशेदपुर की खबरें

### डीसी ने एनीमिया मुक्त अभियान का किया शुभारंभ




आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा टाउन हॉल परिसर से डीसी अनन्य मित्तल ने 'एनीमिया मुक्त जमशेदपुर' अभियान का गुब्बारा उड़ाकर शुभारंभ किया। शुक्रवार को अभियान के दौरान डीसी ने टाटा स्टील फाउंडेशन के सीएसआर से तहत प्राप्त 5 नन इनवेसिव हीमोग्लोबिनोमीटर सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी को सौंपा। जांच यंत्र से बिना खून का नमूना लिए हीमोग्लोबिन की जांच की जा सकती है। इसके अलावा गर्भवती और धात्री महिलाओं, आवासीय स्कूल के बच्चों में एनीमिया जांच के लिए 20 हजार एनीमिया स्ट्रीप भी स्वास्थ्य विभाग को दिया गया। प्रारंभिक तौर पर नन इनवेसिव हीमोग्लोबिनोमीटर को सदर और अनुमंडल अस्पताल में दिया जायेगा। आगे इसकी उपलब्धता पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भी उपलब्ध कराया जायेगा। सिविल सर्जन ने बताया कि आगामी सप्ताह से अभियान में 5 वर्ष के बच्चों के लिए आयरन सिरप, 6-10 वर्ष के बच्चों को आयरन पिंक गोली, 11-19 वर्ष के बच्चों को आयरन ब्लू गोली व गर्भवती एवं धात्री माताओं को आयरन रेड गोली दी जायेगी। मौके पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, परियोजना निदेशक आईटीडीए दीपांकर चौधरी, एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# आजसू पार्टी की सांगठनिक बैठक, पूर्व मंत्री ने की समीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक पार्टी संगठन को मजबूत करने की तैयारी में जुटने लगी है। शुक्रवार को आजसू पार्टी के जुगसलाई विधानसभा स्तरीय एक बैठक गोविंदपुर गधड़ा के आईडी मैरेज हॉल में की गयी। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष निरंजन महतो और संचालन शंभु शरण ने की। विधानसभा स्तरीय सांगठनिक बैठक में मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव सह पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस उपस्थित हुए। मौके पर पूर्व मंत्री ने जन संग्रह धन संग्रह,चूल्हा प्रमुख ,ग्राम प्रभारी,बूथ प्रभारियों की समीक्षा कर बचे हुए कार्यों की जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही आगामी कार्यक्रमों के सफलता की रणनीति तैयार कर प्रभारी का नियुक्ति किया। मौके पर उन्होंने सांगठनिक विषयो पर चर्चा करते हुए जनता के साथ सीधे संवाद स्थापित कर क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं का निराकरण करने उसके निस्पादन करने का संकल्प लेकर आगे बढ़ने के लिए कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया। श्री सहिस ने कहा आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावी महापर्व में अपना दमखम दिखाकर पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो के हाथो को मजबूत करने का अपील किया। मौके पर पूर्व मंत्री के समक्ष क्षेत्र के युवाओं ने आजसू पार्टी का दामन थामा। सभी को आजसू पार्टी के नीति व सिद्धांत के साथ पार्टी में शामिल किया गया। मौके पर रविशंकर मौर्या ,कन्हैया सिंह, स्वप्न सिंगदेव, सागेन हांसदा, चंद्रगुप्त सिंह,निरंजन महतो,संजय सिंह, धीरज यादव,संजय सिंह, सैलेंद्र सिन्हा, संभु शरण, राहुल सिंह, दुर्लभ बेसरा सहित सैकड़ो नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे।

### लैंड स्कैम के आरोपी आइएएस छवि रंजन को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली बेल

**रांची(आजाद सिपाही)।** लैंड स्कैम मामले में जेल में बंद निलंबित आइएएस छविरंजन को सुप्रीम कोर्ट से बेल नहीं मिली। सुप्रीम कोर्ट में चार सप्ताह के बाद फिर इस मामले की सुनवाई होगी। शुक्रवार की सुनवाई के दौरान हाइकोर्ट ने इडी के अधिवक्ता से मौखिक रूप से पूछा कि आरोपी मनी लांड्रिंग में कैसे संलिप्त है। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद हाइकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। लैंड स्कैम मामले में इडी के अधिकारियों ने छविरंजन को गिरफ्तार किया था। छवि रंजन झारखंड कैडर के 2011 बैच के आइएएस अधिकारी हैं। इडी ने इनके खिलाफ इसीआइआर 1-2023 दर्ज किया है। इसमें छवि रंजन, अमित कुमार अग्रवाल सहित 10 आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। बता दें कि इस मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और बड़गाई के राजस्व कर्मचारी सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर 13 अप्रैल को इडी ने छापेमारी की थी। इस दौरान बड़ी संख्या में जमीन के फर्जी डीड, मुहर और अन्य कागजात इडी को मिले थे। छवि रंजन की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और अभिषेक चौधरी ने बहस की।

### सीयूजे के प्रोफेसर भास्कर और शोधार्थी दीपेश को बायोडीजल पर व्यावसायिक पेटेंट

**रांची(आजाद सिपाही)।** सीयूजे के प्रोफेसर भास्कर सिंह और उनके शोधार्थी डॉ दीपेश कुमार को बायोडीजल पर व्यावसायिक पेटेंट मिला। यह पेटेंट वर्ष 2020 से अगले 20 वर्षों के लिए प्रदान किया गया है। यह पेटेंट बायोडीजल के ऑक्सीडेटिव स्थिरता और शीत प्रवाह गुणों को बढ़ाने की विधि पर है। डॉ भास्कर सिंह की देखरेख में काम करते हुए झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग के शोधकर्ता पृथ्वी ग्रह समर्थक उत्पादों को विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न पथ प्रदर्शक अनुसंधान और विकासात्मक प्रयासों में लगे हुए हैं। सीयूजे के कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास ने सीयूजे को पेटेंट मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

# नमन संस्था की शहीद सम्मान यात्रा 23 मार्च को, ऐतिहासिक बनाने में जुटा नमन परिवार

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था 'नमन' के द्वारा 23 मार्च को शहादत दिवस पर भव्य अखंड तिरंगा यात्रा सह शहीद सम्मान यात्रा की तैयारी को लेकर शहर के अलग अलग जगह में बैठक शुरू कर दी गयी। शुक्रवार को संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने न्यू बारीडीह पार्क, सीनियर सिटीजन ग्रुप भालूबासा, श्री श्री बजरंग विजय मंदिर,जंबू अखाड़ा समिति सहित अन्य क्षेत्रों में आयोजित बैठकों में शामिल हुए। मौके पर उन्होंने स्थानीय युवाओं,महिलाओं और वरिष्ठ जनों को यात्रा में शामिल होने के लिए आग्रह किया। मौके पर श्री काले ने कहा देशहित में अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले अमर बलिदानियों के ओजस्वी और अनुकरणीय व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित में सदैव समर्पित भाव से सतत कार्य करने का संकल्प लें। इस अवसर पर बंटी सिंह, रणबीर मंडल, बिरेंद्र चौबे, रविन्द्र मास्टर, श्रीराम शर्मा, जंग बहादुर सिंह, देवाशीष झा, सूरज बाग, बिनोद गोराई, अनील शर्मा, आरती मुखी, रंजीता राय, चून्नु लाल पातर, एस आनंद राव, राजपती देवी, एस डी पांडेय, एस पांडे, मिथलेश चौधरी सहित अन्य ने अहम भूमिका निभाई।

# आइपीएस अधिकारी मनीष टप्पो ने संभाल पदभार

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले के 20 वें आईपीएस अधिकारी मनीष टप्पो ने शुक्रवार को निवर्तमान एसपी डॉ विमल कुमार से पदभार ग्रहण किया। मौके पर चांडिल एसडीपीओ, सरायकेला एसडीपीओ आदित्यपुर, गम्हरिया, सरायकेला सहित कई थाना प्रभारी मौजूद रहे। मौके पर निवर्तमान एसपी डॉ विमल कुमार ने अपने अल्प अवधि के कार्यो को बेहतरीन उपलब्धि बतायी। उन्होंने कहा कि कम समय में अधिकारियों के बल पर अच्छी उपलब्धि हासिल की। अच्छे अनुभव और सभी का भरपूर सहयोग मिला। महिला शक्ति एप्प के जरिये महिला का सुरक्षा बेहतर रहा। कम्युनिटी पुलिसिंग नक्सल प्रभावित क्षेत्र के किए बेहतर रहा। वही नए एसपी मनीष टोप्पो ने जिले में कानून व्यवस्था को सुचारू ढंग से लागू करने और बेहतर तालमेल से पुलिसिंग करने की बात कही। उन्होंने अपराधियों व विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों को सचेत रहने की नसीहत दी। उन्होंने कहा अपराधी और अधिकारी सुधर जायें या कार्रवाई के लिए तैयार रहे। उन्होंने कहा रांची के ट्रैफिक नियंत्रण व महिला सुरक्षा के लिए बेहतर कार्य जिले में भी जारी किया जायेगा।

### दयामनी बारला ने थामा कांग्रेस का हाथ

**रांची(आजाद सिपाही)।** समाजसेवी दयामनी बारला और सेंगल पार्टी की पूर्व अध्यक्ष पुष्पा टेटे ने कांग्रेस का दामन थाम लिया। प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने दोनों के साथ सैकड़ों समर्थकों को पार्टी में शामिल कराया। प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि 10 साल से आवाज दबाने की कोशिश की जा रही है। उस आवाज की लड़ाई कांग्रेस लड़ रही है। कांग्रेस पार्टी कोई धर्म नहीं देखती है। समाजसेवी दयामनी बारला ने कहा कि झारखंड आंदोलन के समय भी हम लोगों का नारा था कि लड़ कर इसे लेंगे और लंबी लड़ाई लड़ने के बाद यह महसूस किया है कि 20 साल तक समाज की लड़ाई लड़ते रहे। देश में कई राजनीतिक पार्टियां हैं, लेकिन कांग्रेस को छोड़ कर कोई सामाजिक न्याय की लड़ाई नहीं लड़ रही है।

### वित्त मंत्री से मिला प्रशासनिक सेवा संघ का प्रतिनिधिमंडल

**रांची(आजाद सपिाही)।** वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव से प्रशासनिक सेवा संघ का शिष्टमंडल शुक्रवार को मिला। महिला पदाधिकारियों के लिए चाइल्ड केयर लीव की सुविधा प्रदान किये जाने के संदर्भ में वित्त मंत्री द्वारा उठाये गये सकारात्मक प्रयास पर धन्यवाद दिया। वित्त मंत्री को वेतन विसंगति को समाप्त करना, प्रीमियम सेवा लागू किये जाने के बारे में भी अवगत कराया गया। इन सभी विषयों पर उन्होंने हरसंभव सहयोग के लिए आश्वस्त किया।

# सीएम कल करेंगे पांच योजनाओं का उद्घाटन









आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन आगामी तीन मार्च को गढ़वा में 93 करोड रुपये की लागत से निर्मित पांच बड़ी योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इनमें नया समाहरणालय भवन, बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क, बस स्टैंड, टाउन हॉल और फुटबॉल स्टेडियम शामिल है। उद्घाटन समारोह की सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। इन पांच योजनाओं के निर्माण से गढ़वा की तस्वीर पूरी तरह से बदल गयी है।

**नया समाहरणालय भवन :** गढ़वा के कल्याणपुर में नया समाहरणालय भवन का निर्माण 60 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। अत्याधुनिक सर्व सुविधायुक्त चार मंजिला इस समाहरणालय भवन में सेंट्रल विंग के अलावा लेफ्ट विंग, राइट विंग और अपर का निर्माण किया गया है। इसमें कुल 15 प्रवेश द्वार, पांच सीढ़ियां एवं चार लिफ्ट भी लगा है। जबकि दिव्यांग जनों के लिए मेन पोर्टिको के समीप आरामदेह रैंप का भी निर्माण किया गया है। समाहरणालय परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आदमकद प्रतिमा स्थापित की गयी है। सभी तल्ले में महिला, पुरुष एवं दिव्यांग जनों के लिए प्रसाधन की अलग अलग बेहतर व्यवस्था है। इसमें ग्राउंड फ्लोर में 42484, फर्स्ट फ्लोर में 39465, सेकेंड फ्लोर में 33392 तथा थर्ड फ्लोर में 27400 स्क्वायर फीट कारपेट एरिया है। इसमें कॉन्फ्रेंस हॉल, नियंत्रण कक्ष, वेटिंग एरिया की भी व्यवस्था है। लगभग 9 एकड़ भूमि में निर्मित इस समाहरणालय परिसर में आम जनों के लिए दो पहिया और चार पहिया वाहनों की पार्किंग तथा पदाधिकारी और कर्मियों के लिए प्रत्येक भवन के बगल में अलग से पार्किंग बनाई गयी है। दो पुलिस बैरक, कैंटीन, अंडरग्राउंड वाटर टैंक, पंप रूम, 500 केवीए का ट्रांसफर्मर, 200 केवीए का जनरेटर, फायर फाइटिंग, डाटा नेटवर्किंग, सर्विलांस सिस्टम तथा पावरफुल तड़ित चालक लगाया गया है। यह तड़ित चालक आधा किलोमीटर क्षेत्र तक काम करेगा। इसमें 60 रोड लाइट और 100 बोलार्ड लाइट लगा हुआ है। साथ ही परिसर में 113 सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। इस समाहरणालय में 58 चेंबर (रूम), 40 ऑफिस (रूम) तथा महिला, पुरुष व दिव्यांग के लिए 106 टॉयलेट (रूम) का निर्माण किया गया है। सर्व सुविधा संपन्न इस समाहरणालय में जिले के सभी सरकारी कार्यालय शिफ्ट होंगे।

**अंतरराज्यीय बस स्टैंड गढ़वा :** गढ़वा जिला मुख्यालय स्थित सोनपुरवा में नवनिर्मित अंतरराज्यीय बस स्टैंड का निर्माण चार करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। यह बस स्टैंड अत्याधुनिक, सर्व सुविधा संपन्न है। इसमें यात्रियों के लिए सारी सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी है। बस स्टैंड में एक प्रवेश और एक निकास द्वार है। इसमें मुख्य भवन सहित सात टिकट काउंटर, एक इंक्वारी कार्यालय का निर्माण किया गया है। इस परिसर में 48 दुकान का भी निर्माण किया गया है। इनमें 10 दुकान मुख्य भवन में स्थित है। महिला और पुरुष के लिए बेहतर शौचालय का निर्माण किया गया है। इसमें एक साथ 20 बसों की पार्किंग की सुविधा है। मुख्य भवन के प्रथम तल पर महिला डॉरमेट्री, पुरुष डॉरमेट्री, कार्यालय, रसोई, रेस्टोरेंट, महिला और पुरुष प्रधान का निर्माण किया गया है। डॉरमेट्री में यात्री काफी न्यूनतम शुल्क में विश्राम कर सकते हैं। ज्ञात हो कि गढ़वा बस स्टैंड से झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों, बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों सहित न्यू दिल्ली और कोलकाता के लिए सीधी बस सेवा उपलब्ध है। गढ़वा का यह बस स्टैंड काफी लंबे अरसे से जीर्ण शीर्ण अवस्था में पड़ा हुआ था। यह गढ़वा जिला के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।

**स्टेडियम :** जिला मुख्यालय स्थित सदर हॉस्पिटल के सामने कन्या मध्य विद्यालय के मैदान में सात करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक सर्व सुविधा संपन्न फुटबॉल स्टेडियम का निर्माण किया गया है। इस फुटबॉल स्टेडियम में दो गैलरी भवन, एक पवेलियन भवन दो तल्ला का निर्माण किया गया है। गैलरी एक तथा गैलरी दो में आठ कमरा (प्लेयर्स रूम), दो महिला प्रसाधन, दो पुरुष प्रसाधन तथा दो बाथरूम का निर्माण किया गया है। इस स्टेडियम ग्राउंड की लंबाई 168 मीटर तथा चौड़ाई 105 मीटर है। जबकि रात्रि में मैच आयोजित करने के लिए आठ स्थानों पर 96 लाइट लगाये गये हैं। पूरे मैदान को 10 मीटर ऊंची एमएस तार जाली से घेरा गया है। इसमें खिलाड़ियों के प्रवेश के लिए आठ एंट्री गेट बनाया गया है। इसके निर्माण से जिले की अलग पहचान बनी है।

**नीलांबर पीतांबर बहुउद्देशीय संस्कृतिक भवन (टाउन हॉल) :** गढ़वा जिला मख्यालय में चिनियां मोड़ के समीप स्थित गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान में नीलांबर पीतांबर बहुउद्देशीय संस्कृतिक भवन (टाउन हॉल) का निर्माण सात करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। यह टाउन हॉल पूरी तरह से अत्याधुनिक और सर्व सुविधासंपन्न है। टाउन हॉल की लंबाई 24.95 मीटर तथा चौड़ाई 22 मीटर है। यह पुरी तरह से वातानुकूलित हॉल है। टाउन हॉल परिसर में स्वतंत्रता सेनानी नीलांबर, पीतांबर की आदमकद प्रतिमा स्थापित की गई है। साथ ही सिक्योरिटी रूम एवं पैनल रूम का भी निर्माण किया गया है। इसमें कार्यक्रम आयोजित करने सहित ठहरने का भी बेहतर प्रबंध है।

**बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क :** जिला मुख्यालय के कल्याणपुर में नवनिर्मित समाहरणालय भवन के ठीक सामने बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क का निर्माण किया गया है। लगभग छह एकड़ एरिया में 15 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस पार्क में हेलीपैड के साथ-साथ धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की सात फीट ऊंची आदम कद प्रतिमा स्थापित की गयी है। इस पार्क की खूबसूरती और इसमें उपलब्ध संसाधन गढ़वा की सुंदरता और विकास में चार चांद लगा रहे हैं।

## चार दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



गढ़वा। गढ़वा में आगामी 3 मार्च को मुख्यमंत्री चांपई सोरेन द्वारा आयोजित उद्घाटन समारोह के मौके पर चार दिवसीय भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में देश भर के बड़े-बड़े नामी गिरामी कलाकार शामिल होंगे। इस दौरान गढ़वा वासियों को एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुति देखने को मिलेगी। उद्घाटन तिथि की पूर्व संध्या पर गढ़वा में संध्या 6:30 बजे महाकाल की झांकी के साथ रोड शो का आयोजन किया जायेगा। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता व उत्पाद और मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि तीन मार्च को दोपहर 12 बजे गोविंद हाई स्कूल (टाउन हॉल) के मैदान में पद्मश्री मुकुन्द नायक एंड टीम द्वारा झारखंडी लोक संस्कृति की झलक और कत्थकली नृत्य, संध्या 6.30 बजे बिरसा मुंडा पार्क सह हेलीपैड कल्याणपुर में गंगा आरती, संध्या 7.30 बजे गोविंद हाई स्कूल (टाउन हॉल) के मैदान में सुविख्यात गायक कुमार सत्यम और लोकगीत गायक चंदन तिवारी द्वारा गीत-गजल की प्रस्तुति की जाएगी। चार मार्च को संध्या 7.30 बजे गोविंद हाई स्कूल (टाउन हॉल) के मैदान में गजल सम्राट अनुप जलोटा और लोकगायक भरत शर्मा व्यास द्वारा गजल, भजन संध्या व लोकगीत की प्रस्तुति की जायेगी। जबकि पांच मार्च को संध्या 7.30 बजे लेजर शो का आयोजन किया जायेगा।

## चंद्रवंशी सेना के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राज्यसभा सांसद को किया सम्मानित



गढ़वा (आजाद सिपाही)। नवनिर्वाचित राज्य सभा सांसद भीम सिंह चंद्रवंशी को अंग वस्त्र फूल माला और महाराज जरासंध जी प्रतीक चिन्ह देकर रविंद्र भवन पटना में सम्मानित किया। इस अवसर पर चंद्रवंशी सेना के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष सन्नी चंद्रवंशी ने कहा कि इतिहास में पहली बार चंद्रवंशी का बेटा राज्य सभा गया है। इससे पुरे देश के चंद्रवंशीयो में खुशी की लहर है। उन्होंने देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को चंद्रवंशी समाज की ओर से धन्यवाद दिया।

## चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुलदेव चौधरी ने सीएचसी मझिआंव में योगदान दिया



मझिआंव (आजाद सिपाही)। असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा के आदेशानुसार डॉ कुलदेव चौधरी ने चिकित्सा पदाधिकारी के पद पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मझिआंव में शुक्रवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोविंद सेठ के समक्ष योगदान दिया। डॉ कुलदेव चौधरी का पदस्थापन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रंका है। लेकिन कुछ कारणों से सीएचसी मझिआंव में प्रतिनियुक्त किया गया है। योगदान देने के बाद डॉ चौधरी ने कहा कि गढ़वा सिविल सर्जन महोदय का आदेश था जिसका पालन करते हुए योगदान दे रहा हूं और पूरी ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का प्रयास करूँगा। पिछले कुछ वर्षों में रंका, रमकंडा, चिनियां, धुरकी, मेराल, गढ़वा में कार्य करने का अवसर मिला है और अब मझिआंव, कांडी, बरडीहा क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव प्राप्त होगा। मौके पर डॉ मनीष कुमार सिंह, डॉ वीर प्रताप सिंह, बीपीएम रूबी तबस्सुम, प्रखंड लेखा प्रबंधक आलोक कुमार सिंह, प्रधान लिपिक मिथिलेश कुमार, चेचरिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजेन्द्र चौधरी आदि उपस्थित थे।

## महायज्ञ के दौरान चोरी गया कैमरा बरामद

कांडी (आजाद सिपाही)। सतबहिनी झरना तीर्थ में आयोजित 24वें मानस महायज्ञ के दौरान चोरी गया कैमरा पुलिस ने बरामद कर लिया। इस घटना में शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया। मालूम हो कि महायज्ञ के मेला के दौरान झरना घाटी में अवस्थित स्टूडियो से बुधवार को कुछ लोगों ने 50 हजार का एक फोटो कैमरा चोरी कर लिया था। नाम, नंबर व फोटो के साथ चोरी की इस घटना को लेकर कांडी थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। जिसमें आफताब अंसारी व उसका मोबाइल नंबर 9265401767 दर्ज कराया गया था। पुलिस ने मोबाइल नंबर के आधार पर तकनीक का इस्तेमाल कर कांडी थाना अंतर्गत कुररुट्टा गांव निवासी आफताब अंसारी पिता शहाबुद्दीन अंसारी को पकड़ लिया। कड़ाई से पुछताछ करने पर उसने दोनों साथियों धीरज पासवान पिता महेंद्र पासवान व मुबारक अंसारी पिता नजाबुद्दीन अंसारी गांव कुरकुट्टा बता दिया। पुलिस ने उन्हें भी पकड़ लिया। साथ ही धीरज पासवान के घर से कैमरा भी बरामद कर लिया। थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने बताया कि तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## वित्तीय धोखाधड़ी से बचने सहित अन्य समस्याओं को लेकर कार्यशाला का आयोजन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक सोनपुरवा गढ़वा के द्वारा आरकेवीएस, बीएड कॉलेज गढ़वा के सभागार में वित्तीय साक्षरता सप्ताह के तहत आयोजित कार्यक्रम 'करो सही शुरूआत, बनो वित्तीय स्मार्ट' में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय व ब्रांच मैनेजर निशा सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यशाला में लोगों के साथ हो रहे धोखाधड़ी, वित्तीय समस्याएं आदि के बारे में छात्र-छात्राओं को बताया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने बीएड और डीएलएड के छात्र-छात्राओं को पैसा को कैसे बचत करते हैं? बचत करके कैसे निवेश करते हैं? विभिन्न तरह के बैंकों के बारे में लोगों को अवगत कराया। इसके बाद ग्रामीण बैंक, सोनपुरवा के ब्रांच मैनेजर निशा सिंह ने बैंकिग के बारे में लोगों को बताया। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ चंद्रदीप पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापन किया। छात्र नीरज पंकज, मंजेश, मंगल, विवेक, अंगद और छात्राओं में रुचि, पल्लवी, नौरीन, खुशनुमा, पूजा आदि ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

## जलसा ए दस्तारे हुफ़्फाज कार्यक्रम का आयोजन



श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के कोइन्दी ग्राम स्थित दारुल उलूम शमसिया कादरिया के परिसर में गुरुवार की रात्रि जलसा ए दस्तारे हुफ़्फाज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जलसे का शुभारंभ कुरान पाक की तिलावत से किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अंनत प्रताप देव ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन होते रहना चाहिये। इससे मन को सुकून मिलता है। झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने कहा कि इस्लाम धर्म शांति और भाईचारे का संदेश देता है, इन दोनों बातों को अपने ऊपर कड़ाई से लागू करें। मौके पर मुबारक हुसैन चतुर्वेदी, हजरत हनीफूल कादरी, मुफ़्ती कासिफुल होदा, शायर जम जम फतह पूरी साहब, अब्दुल सलाम कौसर, समसुदिन सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

# बारिश से एग्रीकल्चर व कथा से कल्चर का विकास होता है : पं. अखिलेश मणि



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** सतबहिनी झरना तीर्थ में 24वें मानस महायज्ञ के चौथे दिन के प्रवचन सत्र में देवरिया के क्रांतिकारी कथा वाचक पं. अखिलेश मणि शांडिल्य ने कहा कि अगर बारिश नहीं हो तो फसलें बर्बाद हो जाती हैं। इसी तरह ऐसे कथा सत्संग के कार्यक्रम नहीं हों, तो नस्लें कुसंस्कारी हो जाती हैं। बारिश से एग्रीकल्चर व कथा से कल्चर का विकास होता है। खर पतवार को खुरपी से वे संस्कार में मिलावट को प्रवचन से दूर किया जाता है। मिजार्पुर से पधारे धर्मराज शास्त्री ने नारद मोह प्रसंग की व्याख्या करते हुए कहा कि प्रशंसा भी एक तरह की मदिरा है। जिसके चक्कर में नारद जैसा महर्षि भी पड़े।

वृंदावन की देवी शिखा चतुर्वेदी ने कहा कि भगवान ने जाति नहीं बनाई। जाति पांति हमने बनाया। जाति होती तो राम कोल भीलों को गले नहीं लगाते। शबरी के यहां नहीं जाते। कृष्ण विदूर को गले नहीं लगाते। लोगों ने तो भगवान को भी जाति में बांट दिया। शिखा चतुर्वेदी ने नंदलाला के जन्मोत्सव को अपने गीतों व प्रवचन से साकार कर दिया। आचार्य सौरभ भारद्वाज ने श्रीराम कथा व भजनों के साथ प्रसंगवश कहा कि बिटिया के जन्म पर लोग आज शोक मनाते हैं। जबकि बिटिया दो कुलों को पवित्र करती है। इसलिए पुत्री के जन्म पर खुशी मनाएं। पं. मुन्ना पाठक ने भी श्रीराम कथा कही।


**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पूर्व में विज्ञापित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :–54/2023–24 (PR 319486) (District) 23-24*D के सहपठित ज्ञापांक 390 दिनांक 19.02.2024 द्वारा निकाले गये निविदा को अपरिहार्य कारणवश निम्नवत तिथि आगे बढ़ाई जाती है। शेष शर्तें यथावत् रहेंगे।

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 03.03.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 03.03.24 से 10.03.2024 अपराहन् 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 12.03.2024 पूर्वाहन् 10:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261406 ई–मेल – districtboard hazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
9. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 321119 District(23-24)#D



**कार्यालय, वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**

E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

पत्रांक ............................/ दिनांक ............................/

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 11.01.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर राँची–सिमडेगा पथ पर कलिगा के पास से 163 पीस साल बीम सहित एक 12 चक्का ट्रक संख्या–BR27A3751 को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर बसिया वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 13.03.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाहन स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

PR.NO.321102 Forest, Environment and Climate Changes(23-24):D

–: वन है,तो जीवन है:–

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल।



**ऊर्जा विभाग**
**झारखण्ड सरकार, विद्युत कार्यपालक अभियन्ता**
**विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0–2, धुर्वा, रॉची।**

**अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/98/2023-24 दिनांक– 01/03/2024

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | हजारीबाग स्थित झारखण्ड पुलिस एकेडमी परिसर में बगीचा लाईट एवं पाथ लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 13,85,351=00 | 2,500=00 | 28,000=00 | 14 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 04.03.2024 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 05.03.2024 के 10.30 बजे पूर्वाहन से 11.03.2024 के 2.00 बजे अपराहन तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 12.03.2024 को 3.00 बजे अपराहन में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651–2490069 | | | |

**Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.**

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

ह0/–
विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची।

PR 321047 (Energy) 23-24 (D)



**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग**

**पुनः अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 64/2023–24**
**दिनांक 29/02/2024**
**मद का नाम :– जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट**

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि | टेंडर कॉल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सदर | हजारीबाग मुख्य स्टेडियम (कर्जन स्टेडियम) में इनडोर स्टेडियम का उन्नयन कार्य। | 10993000.00 | 10000.00 | 220000.00 | एक वर्ष | द्वितीय |
| 2 | चौपारण | सिंघरावां शुक्रवार बाजार से गोविन्दपुर REO रोड़ तक पथ निर्माण। | 13598400.00 | 10000.00 | 272000.00 | एक वर्ष | तृतीय |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 05.03.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 05.03.24 से 12.03.2024 अपराहन् 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 14.03.2024 पूर्वाहन् 11:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261406 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
9. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 321031 (District)23-24*D



**उपायुक्त का कार्यालय,हजारीबाग**
**(जिला भू–अर्जन शाखा)**

**एस0 आई0 ए0 की अधिसूचना**
**(देखें नियम 6 का उप नियम (1))**

एस0आई0ए0 अधिसूचना सं0............................/भू0अ0, हजारीबाग दिनांक........../............./2024

एतद् द्वारा सभी हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि कोयला मत्रांलय, भारत सरकार के निहित आदेश सं0–corrigendum No.-01 to the Allotment order No.-103/20/2015/NA Dated- 31.08.2015 द्वारा एन0टी0पी0सी0 लि0 को बादम कोयला खनन् परियोजना हेतु OB Dump क्षेत्र, बड़कागॉव व्यवसायिक उद्देश्य से आवंटित किया गया है। उप महाप्रबंधक, एन0टी0पी0सी0 लि0 द्वारा बड़कागॉव अंचल अन्तर्गत बादम कोयला खान, बड़कागॉव में निहित रैयती भूमि कमोबेश 110.01 एकड़ के अधिग्रहण हेतु झारखण्ड भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार नियमावली, 2015 के तहत प्रपत्र–1 में अधियाचना प्रस्तुत किया गया है।

उक्त परिप्रेक्ष्य में समुचित सरकार –सह–उपायुक्त, हजारीबाग द्वारा भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की धारा–4 के प्रावधानों के तहत् झारखण्ड राज्य एस0आई0ए0 इकाई के रूप में अधिसूचित ईकाई CRADLE, Ashok Nagar, Ranchi, Jharkhand को बादम कोयला खान, बड़कागॉव के लिए समाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन (एस0आई0ए0) करने हेतु चयन किया गया है।

उक्त के आलोक मे भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार नियमावली, 2015 के नियम 6 का उप नियम (1) के उपबंधों के अधीन प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए सभी संबंधित/हितबद्ध व्यक्तियों के लिए अधिसूचना जारी की जाती है।

1. परियोजना का नामः–बादम कोयला खनन् परियोजना, बड़कागॉव, हजारीबाग।
2. प्रस्तावित परियोजना का संक्षिप्त विवरणः–
कोयला मत्रांलय, भारत सरकार के निहित आदेश सं0– corrigendum No.-01 to the Allotment order No.-103/20/2015/NA Dated- 31.08.2015 द्वारा एन0टी0पी0सी0, लि0 को बादम कोयला खनन्, बड़कागॉव व्यवसायिक उदे्श्य से आवंटित किया गया है। यह कोल ब्लॉक उतरी कर्णपुरा कोल फिल्ड के अन्तर्गत हजारीबाग के बडकांगाव अंचल में अवस्थित है। उक्त कोल ब्लॉक एवं ओभर बर्डन क्षेत्र के अन्तर्गत क्रमशः ग्राम अम्बाजीत एवं मोतरा में 110.01 एकड रैयती भूमि सन्निहित है। परियोजना से संबंधित विस्तृत जानकारी जिला भू–अर्जन कार्यालय हजारीबाग से प्राप्त की जा सकती है।
3. अर्जन के लिए प्रस्तावित भूमि का विस्तार एवं एस0आई0ए0 द्वारा आच्छादित प्रभावित क्षेत्रः–

| क्र0 स0 | ग्राम का नाम | थाना न0 | अंचल | प्रयोजन | रैयती भूमि | गैरमजरूआ खास भूमि | गैरमजरूआ आम भूमि | वनभूमि | कुल (एकड में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अम्बाजीत | 136 | बड़कागॉव | ओभरडम्प | 43.45 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 2 | मोतरा | 139 | बड़कागॉव | ओभरडम्प | 66.56 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| कुल रकवा (एकड़ में) | | | | | **110.01** | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |

4. एस0 आई0 ए0 के प्रमुख उद्देश्य और मुख्य कियाकलाप :–
उद्देश्यः–एस0आई0ए0 इकाई के द्वारा झारखण्ड भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार नियमावली, 2015 में निहित प्रावधानों के अनुरूप भूमि अर्जन से संबंधित लोक प्रयोजन का मूल्यांकन, कम विस्थापन विकल्प, भूमि की न्यूनतम आवश्कता, सकारात्मक एवं नकारात्मक सामाजिक प्रभाव की प्रकृति, विस्तार एवं तीव्रता को चिन्हित कर मूल्यांकन करना एवं मुल्यांकन के दौरान चिन्हित सामाजिक प्रभाव को दूर करने के लिए किए जाने वाले उपायों को समाजिक समाघात प्रंबधन योजना मे सम्मिलित कर विस्तृत योजना तैयार करना।
मुख्य क्रियाकलापः–एस0 आई0 ए0 दल परिमाणात्मक और गुणात्मक ऑकडों को एकत्रित एवं विश्लेषण करने हेतु (क) परामर्श (ख) सर्वेक्षण (ग) लोक सुनवाई जैसे प्रकिया का पालन किया जायेगा। स्थल का विस्तृत दौरा कर सहभागी पद्धति जैसे केन्द्रित समूह चर्चा, सहभागी ग्रामीण मूल्य निरूपण तकनीक और सूचक साक्षात्कार का प्रयोग कर प्रतिवेदन तैयार किया जायेगा।
5. भू–स्वामियों की सहमति– भू–स्वामियों सहमति नियमानुसार प्राप्त की जाएगी।
6. एस0 आई0 ए0 के लिए समय सीमाः– एस0 आई0 ए0 इकाई के द्वारा प्रस्तावित भू–अर्जन से संबधित ग्रामीण रैयतों से परामर्श सर्वेक्षण, लोक सुनवाई एवं भू–स्वामियों की सहमति संबंधी कार्य अधिसूचना निर्गत होने के तीन माह के अन्दर पूर्ण कर लिया जायेगा एवं नियमानुसार एस0आई0ए0 प्रतिवेदन का प्रकाशन किया जायेगा। इस अवधि के दौरान प्रपीड़न अथवा भय उत्पन्न करने की कोशिश हुई है तो यह इसे अकृत और शून्य कर देगा।
7. एस0 आई0 ए0 इकाई का नाम–CRADLE, Ashok Nagar, Ranchi, Jharkhand
8. एस0आई0ए0 नोडल पदाधिकारी का नामः– प्रणय कुमार (पदनाम–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी)
सम्पर्क सं0:– ..............................

ह0/–
उपायुक्त,
–सह– समुचित सरकार,हजारीबाग

PR 321121 Land Reforms(23-24).D

# एक ही रात आठ दुकानों में ताला तोड़ कर चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बारियातू।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बारियातू मुख्यालय के आठ दुकानों से नकद नौ हजार आठ सौ रुपये सहित चालीस हजार का सामना की चोरी हो गयी। बारियातू मुख्यालय स्थित श्रीराम मंदिर परिसर के पांच दुकान व बस स्टैंड के तीन दुकानों का बीते रात अज्ञात चोरों ने एसबेस्टस व ताला तोड़ कर चोरी कर चलते बने।

चोरी की घटना के संबंध में दुकानदार श्रीराम इलेक्ट्रॉनिक के संचालक अरविंद कुमार, रामवृक्ष गोसाइ और नरेश जेनरल स्टोर ने बताया कि सभी गुरुवार संध्या बेला में दुकान बंद कर पतरातू बारात चले गये थे। शुक्रवार को सप्ताहिक बाजार होने के कारण सुबह दुकान खोले तो देखा कि दुकान का समान बिखरा पड़ा हुआ है और एसवेस्टस टूटा हुआ है। तब मै अपने काउंटर में रखे 3200 रुपये देखने लगे तो गायब था। वहीं रामवृक्ष गोसाई के दुकान से 3500 और नरेश जेनरल स्टोर से 3100 रुपए सहित टोर्च, टोफी, चस्मा, घड़ी सहित कई समान को चोरों ने चोरी कर चलते बने। तीनों दुकान मिलाकर नगद नौ हजार आठ सौ सहित लगभग चालीस हजार की समान का नुकसान हुआ है।

इसके अलावा चोरों ने भाजपा कार्यालय के समीप देवनंदन प्रसाद, हाड्वेयर दुकान, संतोष प्रसाद के बर्तन दुकान बस स्टैंड के समीप वीके लॉउंड्री, प्रेम सैलून दुकान का एसवेस्टस एंव रत्न होटल का ताला तोड कर चोरी करने का प्रयास किया। हालांकी अरविंद कुमार के दुकान मे लगे सीसीटीवी कैमरे मे किया गया चोरी का सभी वारदात कैद हो गया है।

चोरी की जानकारी दुकानदारों ने थाना को दे दिया है। बारियातू के दुकादारों ने लातेहार पुलिस कप्तान अंजनी अंजन से टाउन एरिया मे पुलिस रखने की मांग किया है।

# एक लाख के इनामी टीपीसी उग्रवादी ने किया सरेंडर

## पांच पुलिसकर्मी का हत्यारा भी पुलिस के हत्थे चढ़ा

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** रांची एसएसपी चंदन सिन्हा के समक्ष शुक्रवार को एक लाख के इनामी टीपीसी उग्रवादी संतोष गोंझू ने सरेंडर कर दिया। वहीं दूसरी तरफ रांची पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते पांच पुलिसकर्मियों की हत्या में शामिल 50 हजार के इनामी नक्सली एनम हस्सा पूर्ति को गिरफ्तार किया। एसएसपी ने अपने कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी।

**संतोष की पुलिस को लंबे समय से तलाश थी :** टीपीसी उग्रवादी संतोष गोंझू की झारखंड पुलिस को लंबे समय से तलाश थी। संतोष के खिलाफ रांची के ओरमांझी थाना में दो मामले दर्ज हैं। संतोष ने रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के समक्ष आत्मसमर्पण किया।

**पांच पुलिस की हत्या में शामिल था पूर्ति :** एनम हस्सा पूर्ति पर एनआइए ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। वह भाकपा माओवादी संगठन का सक्रिय सदस्य था, जो पांच पुलिस कर्मियों की शहादत में शामिल था। गिरफ्तार नक्सली ने तिरुलडीह खरसावां थाना क्षेत्र की गस्ती पार्टी पर घात लगा कर हमला किया था। उसने पांच पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी थी और उनके हथियार लूट लिये थे। इस नक्सली को तमाड़ थाना क्षेत्र के रड़गांव और रंगामाटी इलाके से गिरफ्तार किया गया। एनम हस्सा तमाड़ क्षेत्र का रहनेवाला है। चार साल पहले इसे एनआइए ने गिरफ्तार किया था। बाद में बेल पर छूट कर वापस इसी दस्ते में शामिल हो गया था। गिरफ्तार नक्सली के पास से एक देसी, दो नाली कट्टा और चार जिंदा गोली बरामद किया गया है। गिरफ्तार उग्रवादी पर दो मामले दर्ज हैं।

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण 4 मार्च से शुरू

**बारियातू (आजाद सिपाही)।** पंचायती राज्य विभाग झारखंड सरकार के निर्देशानुसार प्रखंड के नौ पंचायतों के सभी वार्ड सदस्यों का उनके कर्तव्य की जानकारी देने के उद्देश्य से चार मार्च से तीन दिवसीय प्रारंभिक प्रशिक्षण प्रखंड सभागार मे आयोजित किया गया है। जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने बताया कि वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रारंभिक प्रशिक्षण चार मार्च से तीन बैच में प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर में दिया जायेगा। जिसके लिए तीन-तीन पंचायत का बैच बनया गया है। प्रथम बैच 4 मार्च से 6 मार्च तक जिसमें बालुभांग, फुलसु व डाढ़ा, पंचायत के 36 वार्ड सदस्य, दुसरा बैच 9 मार्च से 11 मार्च तक अमरवाडीह, शिबला, टोंटी पंचायत से 36 वार्ड सदस्य और तीसरा बैच 12 मार्च से 14 मार्च तक बारियातू, साल्वे, गोनिया पंचायत के 38 कुल 110 वार्ड सदस्यों को जिला से नियुक्त किये गये मास्टर ट्रेनर सत्यानंद शुक्ला और विनिता कुमारी के द्वारा प्रारंभिक प्रशिक्षण दिया जाना है।

## सेना में भर्ती के लिए सामान्य प्रवेश परीक्षा शुरू

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भारतीय सेना में भर्ती हेतु सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) के लिए ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन प्रारंभ हो गया है। रजिस्ट्रेशन 13 फरवरी 2024 से प्रारंभ है जो 22 मार्च 2024 तक चलेगा। भारतीय सेना द्वारा जिला नियोजनालय, लोहरदगा के परिसर में आज 10:00 बजे से निबंधन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अग्निवीर जेनरल ड्यूटी, अग्निवीर टेक्निकल, अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट/ स्टोर कीपर (एसकेटी), अग्निवीर ट्रेड्समैन (8वीं पास), अग्निवीर ट्रेड्समैन (10वीं पास), अग्निवीर वुमेन मिलिट्री पुलिस (डब्लयूएमपी) व सोल्जर टेक्निकल (नर्सिग असिस्टेंट) पदों के लिए निबंधन किया जायेगा। रजिस्ट्रेशन के समय आवेदक के पास उसका आधार कार्ड, मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण से संबंधित प्रमाण-पत्र, हस्ताक्षर का स्कैन कॉपी (साईज 5-10 केबी), आधार कार्ड से लिंक किया हुआ मोबाईल नंबर (ओटीपी के लिए), जिस कोर्स के लिए योग्य है उसकी शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण-पत्र (मार्कशीट), रजिस्ट्रेशन फीस (यूपीआई/डेबिट/क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग) और पता होना आवश्यक है। रजिस्ट्रेशन संबंधी अधिक जानकारी के लिए विजिट करें www.joinindianarmy.nic.in उक्त जानकारी जिला नियोजन पदाधिकारी द्वारा दी गयी।

# वन विभाग की अनदेखी से पेड़ों की कटाई जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा वन विभाग नहीं रोक पा रहे अंधाधुंध अवैध कटाई को। सूचना के बाद मौके पर नही पहुंच रहे वन विभाग के अधिकारी लकड़ी गढ़ने वाली महिला पर कार्यवाही की बजाय आंख बंद किये हुए है और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया रहे है। अवैध रूप से हरे भरे पेड़ों की अंधाधुंध की जा रही कटाई, वन विभाग की उदासीनता से लकड़ी तस्करों के हौसले बुलंद ग्रामीण इलाकों में हरे भरे पेड़ो की अवैध रूप से कटाई की जा रही है। जिससे पर्यावरण संकट बढ़ रहा है। वन माफियाओं द्वारा कीमती पेड़ों की कटाई कर जंगलों को वृक्षविहीन बनाने का कार्य धड़ल्ले से किया जा रहा है। पेड़ों की अवैध कटाई से आने वाले दिनों में प्रदूषण बढ़ने की आशंका बढ़ती जा रही है। लगातार चंदवा का प्रदूषण स्तर बढ़ने के बावजूद भी रोजाना लकड़ियों की अंधाधुंध कटाई नहीं रुक रही है। लड़कियों की अंधधुआंड कटाई से पर्यावरण पर इसका असर देखा जा रहा है इस कटाई के कारण जंगल में और भी जो जड़ी बूटी और जीव है उनको भी नुकसान पहुंच रहा है।

### क्या कहते हैं रेंजर

चंदवा के रेंजर नंद कुमार महतो से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि महिलायें कच्चे लकड़ियों को काटती है। परंतु हमारे विभाग में महिला जवान नही रहने से नही रोक पा रहे है। अगर पुरुष जवान महिलाओं को लकड़ी से साथ पकड़ती है तो हमारे लिए दिक्कत की बात है। इस लिए इस तरह का कार्य गांव के लोगो को ही मिल बैठ कर रोक लगानी चाहिए।

## विद्यालय का ताला तोड़ गैस सिलेंडर की चोरी



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा जिले के भंडरा प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय कसुपर में बीती रात चोरों ने विद्यालय का ताला तोड़ गैस सिलेंडर की चोरी कर ली है। इसकी सूचना सुबह ग्रामीणों द्वारा ताला तोड़े जाने की जानकारी ग्रामीणों ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनीष चुनाव को दिया इधर विद्यालय में लगातार चोरी होने से विद्यालय प्रबंधन समिति काफी परेशान है विगत एक वर्ष पहले भी इस विद्यालय में चावल की चोरी हुई थी। इस संदर्भ में प्रधानाध्यापक मनीष उरांव ने कहा कि इसके लिखित सूचना भंडरा थाना को दी गयी है। इधर थाना प्रभारी मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी है।

# चुनावी साक्षरता क्लब के नोडल शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु मतदाता जागरूकता के कार्यक्रमों की जानकारी व आवश्यक तैयारियों के लिए शुक्रवार को चुनावी साक्षरता क्लब के नोडल शिक्षकों का प्रशिक्षण पाण्डेय गणपत राय भवन, लोहरदगा में आयोजित किया गया। इसमें स्वीप कोषांग की वरीय पदाधिकारी (नोडल) सीता पुष्पा, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुजाता कुजूर, जिला शिक्षा पदाधिकारी नूर आलम खां द्वारा आवश्यक जानकारी दी गयी। इसमें बताया गया कि मार्च 2024 में स्वीप के अंतर्गत कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसमें 02 मार्च को बीएस कॉलेज लोहरदगा मे सांस्कृतिक कार्यक्रम, 04 मार्च को फोल्क आर्ट कंपीटीशन, 6 मार्च को मैराथन दौड़ एवं मानव श्रृंखला, 9 मार्च पतंगबाजी प्रतियोगिता, 12 मार्च को डिबेट प्रतियोगिता एवं निबंध लेखन, 14 मार्च को रंगोली प्रतियोगिता, 15 मार्च को माता/ पिता/ अभिभावक को मतदान हेतु आमंत्रण पत्र निर्माण एवं प्रेषण कार्यक्रम, 16 मार्च को क्रिकेट मैच, 19 कबड्डी मैच, 21 मार्च को मटका पेंटिंग, 23 मार्च को स्लोगन लिखो प्रतियोगिता, 27 मार्च को जागरूकता रैली और 30 मार्च को प्रभात रैली का आयोजन किया जायेगा। इन कार्यक्रमों में यूथ आइकॉन के रूप में क्रिकेट खिलाड़ी आशीष कुमार, क्रिकेट खिलाड़ी व कोच अमित कुमार और कुश्ती खिलाड़ी अजीता कुमारी भी भाग लेंगी। सभी शिक्षकों को बताया गया कि वे अपने विद्यालय के आसपास अगर मतदाता अन्य किसी दूसरे राज्यों में रहते हैं तो उन्हें भी मतदान देने हेतु सूचित और प्रेरित किया जाये। कार्यक्रम में सभी नोडल शिक्षक व जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से हेल्प डेस्क मैनेजर उपस्थित थे।

## नये डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्रों के संचालन के लिए प्रशिक्षुओं का होगा चयन

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** नये डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केन्द्रों के संचालन हेतु प्रशिक्षुओं के प्रतिभा चयन ट्रायल एवं रिक्त प्रशिक्षुओं के रिक्त स्थान को भरने के निमित प्रशिक्षुओं का चयन दिनांक 04.03.2024 से 07.03.2024 तक समय 09:00 बजे पूर्वाह्न से निम्न प्रशिक्षण केंद्रो / स्थानों पर किया जाना है। हॉकी (बालिका) के रिक्त 25 प्रशिक्षुओं के पदों के लिए सदर प्रखंड के प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय ईरगांव में चयन ट्रायल दिनांक 04.03.2024 को, कुश्ती (बालक) के रिक्त 25 प्रशिक्षुओं के पदों के लिए सदर प्रखंड स्थित बीएस कॉलेज लोहरदगा में चयन ट्रायल दिनांक 04.03.2024 को, हॉकी (बालक) के रिक्त 25 प्रशिक्षुओं के पदों के लिए किस्को प्रखंड स्थित एस०एस० उच्च विद्यालय किस्को में चयन ट्रायल दिनांक 05.03.2024 को, फुटबॉल (बालक) के रिक्त 25 प्रशिक्षुओं के पदों के लिए पेशरार प्रखंड स्थित प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय, मुंगो में चयन ट्रायल दिनांक 05.03.2024 को, फुटबॉल (बालक) के रिक्त 25 प्रशिक्षुओं के पदों के लिए भंडरा प्रखंड स्थित रा० उत्क्रमित मध्य विद्यालय, उदरंगी में चयन ट्रायल दिनांक 07.03.2024 को, फुटबॉल (बालक) के रिक्त 25 प्रशिक्षुओं के पदों के लिए नव प्राथमिक विद्यालय गोपालगंज, कैरो में चयन ट्रायल दिनांक 07.03.2024 को होगा।

## मतदान जागरूकता कार्यक्रम आज

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन,2024 के निमित्त महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के बीच मतदान के महत्व को लेकर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इस हेतु दिनांक 02.03.2024 को पूर्वाह्न 11.30 बजे स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत अमित म्युजिकल बैण्ड, रांची द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन बीएस कॉलेज, लोहरदगा परिसर में किया जायेगा।

## शिक्षिका सुशाना हुई सेवानिवृत्त, दी गयी विदाई



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड के मंगरा पंचायत के डोरामी विद्यालय में पदस्थापित शिक्षिका सुशाना टोप्पो के सेवानिवृत्त होने के बाद शुक्रवार को विद्यालय परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विदाई सह सम्मान समारोह कार्यक्रम में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह, मुखिया विपिन बिहारी सिंह प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक और शिक्षा मौजूद थे। विदाई समारोह के दौरान जहां प्रखंड शिक्षा प्रचार पदाधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने सेवानिवृत्त शिक्षिका को उनके आने वाले दिन के लिए शुभकामनाएं देने के साथ-साथ उनकी सेवा कल की भी जमकर प्रशंसा की। वही सेवानिवृत शिक्षका सुशाना टोप्पो ने कहा की शिक्षिका के रूप में सेवा काल के दौरान सभी शिक्षा कर्मियों का भरपूर सहयोग मिला साथ ही बच्चो के बीच काम कर के अपने परिवार के जैसा हमेशा अपनापन का माहौल मिला जिसे कभी नही भूल सकती। मौके पर शिक्षक नंदेव राम, नीलम कुमारी, अरविंद अग्रवाल, अशोक यादव, राजू कुमार समेत प्रखंड के शिक्षक व शिक्षिका मौजूद थे।

# असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा योजना का जागरूकता रथ रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता




**लातेहार।** लातेहार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के द्वारा झारखंड असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा योजना के सफल संचालन हेतु आज समाहरणालय परिसर से उपायुक्त गरिमा सिंह के द्वारा जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस जागरूकता रथ के माध्यम से जिला अंतर्गत प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जायेगा।

श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा संचालित 'झारखंड असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा योजना' के लिए असंगठित कर्मकार की उम्र 18 से 59 वर्ष आयु तक होनी चाहिए। उसके पास ढ़ाइ एकड़ या उससे कम कृषि योग्य भूमि हो या मजदूरी कर्मकार जिसकी आए सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी से अधिक नहीं हो। आवेदन के साथ एक पासपोर्ट साइज फोट, आधार कार्ड, बैंक खाता की छाया प्रति एवं नॉमिनी के आधार कार्ड की छाया प्रति। निबंध लाभ का आवेदन एवं अधिक जानकारी हेतु अंचल में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी एवं जिला में श्रम अधीक्षक से संपर्क किया जा सकता है। इस योजना अंतर्गत निबंध असंगठित कर्मकार की मृत्यु होने पर उनके परिवार को सहायता राशि 50,000 दुर्घटना व्यवसाय जाना यूरोप से मृत्यु होने पर 1,00,000 दिया जाएगा।

मौके पर अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार मो. परवेज, श्रम अधीक्षक सह जिला कौशल पदाधिकारी लक्ष्मी कुमारी व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## शपथ और मतदाता जागरूकता रैली कार्यक्रम

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** पलाश (झारखण्ड स्टेट लाईवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी) लोहरदगा द्वारा शुक्रवार को शपथ एवं मतदाता जागरूकता रैली कार्यक्रम लोहरदगा जिला के पेशरार , किस्को, कैरो एवं लोहरदगा सदर प्रखंड में ग्रामीण महिलाओं द्वारा आयोजित किया गया। इन क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई एवं शपथ ग्रहण के माध्यम से ग्रामीण स्तर पर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सखी मंडल की महिलाओं ने जागरूकता रैली के दौरान मतदाताओ को स्लोगन के साथ जागरूक किया। सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, मेरा वोट अनमोल है , इसका कोई न मोल है, घर घर में सन्देश दो , वोट दो वोट दो, वोट हमारा अधिकार है।

# जनसंपर्क अभियान शुरू



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के बूथ नंबर 24 से मंडल कमेटी के द्वारा लाभार्थी जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की गयी। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व विधायक और पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य हरेकृष्णा सिंह शामिल हुए। लाभार्थी जनसंपर्क अभियान के दौरान जहां पूर्व विधायक के साथ-साथ पार्टी कार्यकर्ता और नेताओं ने केंद्र सरकार के माध्यम से संचालित योजनाओं के लाभुकों के बीच जाकर योजनाओं के लाभ और अनुभव को जानने के साथ-साथ केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रति उनके विचारों को भी जानने का काम किया गया। लाभार्थी जनसंपर्क अभियान के दौरान पार्टी नेता और कार्यकताओं के द्वारा एक बार फिर से मोदी सरकार और 400 पार के नारे लगाकर भी लोगों से आगामी लोकसभा चुनाव में बीजेपी के पक्ष में वोट करने की अपील की। इस दौरान मौके पर संसद के प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद , मनरेगा सांसद प्रतिनिधि दिलीप सिंह यादव, उप प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल खुरा मुखिया जितेंद्र सिंह अभियान के संयोजक उपेंद्र प्रसाद समेत काफी सख्या में लोग मौजूद थे ।

## सिद्धिविनायक संकट मोचन मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा शुरू



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा के में रोड स्थित कनोडिया पेट्रोल पंप के समीप जगन्नाथ जायसवाल के द्वारा सिद्धि विनायक संकट मोचन मंदिर का निर्माण कराया गया। जिसमें सनातन धर्म प्रेमियों के द्वारा आज सुबह कलश यात्रा देवनद नदी के घाट से जल कलश में भरकर माताओं ने संपन्न किया। वहीं सनातन धर्म प्रेमियों ने प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 24 घंटे का हरि कीर्तन का भी आयोजन किया है। उसके साथ ही प्राण प्रतिष्ठा का पूजन अभिषेक द्विवेदी सहित अन्य पंडितों के द्वारा विशेष पूजा कर संपन्न कराया जाएगा ।बताते चले की सिद्धिविनायक संकट मोचन मंदिर शहर के व्यवसाय जगन्नाथ जायसवाल के द्वारा बनाया गया है जो समाज में एक अच्छी पहल बताई जा रही है प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक मंदिर में पूजा अर्चना के साथ-साथ भंडारे का भी विशेष व्यवस्था किया गया है।

# लैंड स्कैम के आरोपी को नहीं मिली जमानत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लैंड स्कैम के आरोपी अमित अग्रवाल की जमानत याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट ने फैसला सुना दिया है। शुक्रवार को हुई सुनवाई में कोर्ट ने जमानत अर्जी खारिज कर दी। झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने सभी पक्षों की बहस और दलील सुनने के बाद 9 फरवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने अमित अग्रवाल को बेल देने से इनकार करते हुए जमानत अर्जी खारिज कर दी। अमित अग्रवाल की ओर से वरीय अधिवक्ता सिद्धार्थ अग्रवाल, अधिवक्ता अभिषेक चौधरी और अभिषेक सिंह ने बहस की। दरअसल, रांची के बड़गाईं अंचल के बरियातु स्थित सेना की कब्जे वाली जमीन की खरीद बिक्री से जुड़े इस केस में पूर्व उपायुक्त आइएएस छवि रंजन, चर्चित कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना की कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान, मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है।

# मानस मणि दीप सेवा संस्थान अबोध बच्चों को देती है ऋषि परंपरा के अनुसार शिक्षा

मुकेश कुमार सिंह



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिला के बारेसाढ के सरना धाम आश्रम डारकोचा आश्रम से जुड़ी सुधा देवी ने बताएं कि इस आश्रम में वैदिक रीति रिवाज तथा ऋषि परंपरा के अनुसार यहां रहने वाले बच्चो को शिक्षा दिया जाता है। सभी बच्चे भारतीय वेष में धोती पहनकर और कुर्ता पहन कर रहते हैं। यह आश्रम झारखंड में एकमात्र ऐसा है। जो वैदिक रीति रिवाज वाला विद्यालय है। वही इस विद्यालय में जिनके माता-पिता नहीं है। जो लाचार और अभाव में है। वैसे बच्चों को भेज करके वैदिक तथा आध्यात्मिक संस्कृत में शिक्षा के लिय भेजते है। इस आश्रम में छठ पूजा ऋषि परंपरा के अनुसार होता है। समय-समय पर यज्ञ भी होती है। जिसमें यही बच्चे शिवरात्रि व कावर यात्रा सहित जो भी पर्व त्यौहार है सभी वैदिक रीति से ऋषि परंपरा के अनुसार किया जाता है। इस आश्रम में सभी जनजाति परिवार के लोग रहते हैं। संचालन भी उन्हीं के हाथों में है। अचार्य का काम पूरा आश्रम के ही आचार्य करते हैं। मानस मणि दीप सेवा संस्थान सरना धाम झारखंड और छत्तीसगढ़ के सीमा पर स्थित है। धाम के संचालक सुभाष महाराज ने बताया कि आश्रम नागेश्वर स्वामी के द्वारा स्थापित किया गया है। 1994 से यह विद्यालय चल रही है। यहां पर अष्टम तक की पढ़ाई होती है। यहां पर सभी ऋषि परंपरा के अनुसार शिक्षा दिया जाता है। लातेहार निवासी सुधा देवी वीरेंद्र कुमार इस आश्रम से कई वर्षो से जुड़े है। इसको देखते हुए स्व लोचन प्रसाद की पुण्यतिथि पर बच्चो के बीच खाद्य सामग्री के साथ-साथ वस्त्र भी आश्रम के बच्चों को दान दान किया गया। वही मौके पर आश्रम के अचार्य मिथिलेश सिंह रमेश सिंह, नंदलाल सिंह, बजरंग दल जिला संयोजक सौरव कुमार उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 02 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in


## एसीबी ने राजस्व कर्मचारी को रिश्वत लेते दबोचा

**रांची (आजाद सिपाही)।** एसीबी की टीम ने चान्हो में राजस्व कर्मचारी को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। गिरफ्तार राजस्व कर्मचारी से एसीबी के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। गिरफ्तार कर्मचारी का नाम बेंजामिन कुजूर है। कोको निवासी पीड़ित सुनीत उरांव ने एसीबी में लिखित शिकायत की थी, जिसमें बताया गया था कि 6 फरवरी को सनिया उरांव से 5 डिसमिल जमीन खरीदी गयी थी। इसका म्यूटेशन कराने के लिए ऑनलाईन आवेदन चान्हो अंचल में किया था। पीड़ित राजस्व कर्मचारी से मिल कर म्यूटेशन के संबंध में बात करने पर कर्मचारी बेंजामिन कुजूर ने म्यूटेशन करने के बदले 11 हजार रुपये रिश्वत की मांग की। पीड़ित के आवेदन की जांच इंस्पेक्टर दिनेश कुमार प्रजापति से कराने पर आरोप सत्य पाया गया।

# पति ने अपनी पत्नी को किया उसके प्रेमी के हवाले , परिजन और गांव वाले बने साक्षी

सुधाकर/ विकास

**गुमला / कामडारा (आजाद सिपाही)।** सारा गांव दंग रह गया जब एक पति ने अपनी पत्नी एक बच्चे की मां को उसके प्रेमी के हवाले करते हुए उसका विवाह करा दिया। मामला कामडारा प्रखंड मुख्यालय स्थित कुम्हार टोली का है। शुक्रवार को एक अनोखा दृश्य देखने को मिला। संजय तोपनो नामक युवक ने अपनी पत्नी करमी सुरीन को उसके प्रेमी ग्राम रायबा बड़काटोली निवासी संदीप बरला, के हवाले कर दिया। जबकि करमी सुरीन एक बच्चे की मां है।

मामला कुछ ऐसा था ही कि जो सुना सुनता ही रह गया। यह



मामला दिनभर कामडारा मे चर्चा का विषय बना रहा ।करमी सुरीन शादी के पूर्व पबीरा खूंटीभरी थाना लापूंग की निवासी हुआ करती थी। उसकी शादी कामडारा कुम्हार टोली निवासी संजय तोपनो से लगभग पांच साल पूर्व हुई थी। उक्त दोनों पति-पत्नी से एक पांच साल की बेटी भी है। परंतु इधर करीब एक साल पूर्व महिला करमी सुरीन और संदीप बरला रायबा बड़काटोली की मुलाकात हुई और दोनो के बीच का प्रेम परवान चढ़ने लगा । दोनो गुपचुप तरीके से मिलने लगे। इसकी खबर जब पति संजय तोपनो को हुई तो उसने पहले अपनी पत्नि को समझाया। लेकिन प्रेम की छाप इतनी गहरी थी कि दिल के सामने दिमाग की एक न चली।

संजय टोपनो ने अपनी पत्नी के मां,भाई और सभी सगे संबंधियों सहित ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद शुक्रवार को उसने गाँव मे एक बैठक बुला कर पत्नी के प्रेमी संदीप बरला को भी बुलाया। संजय तोपनो ने ग्रामीणों के समक्ष अपनी पत्नी करमी सुरीन को उसके प्रेमी संदीप बरला के हवाले कर दिया । वहीं करमी सुरीन भी ग्रामीणों के समक्ष अपने प्रेमी के साथ रहने के लिये सहर्ष सहमत हो गई। वहीं उनकी पांच साल की बेटी को पिता ने अपने साथ रख लिया। बैठक के उपरांत दोनों पक्षों की हुई न्यायोचित फैसले की एक प्रति कामडारा थाना मे भी दी गई। सामाजिक स्तर पर लिया गया यह फैसला बड़ा साहसिक है। संजय ने यूं तो बहुत संयम, हिम्मत और बुद्धि से काम ले लिया। लेकिन इसका बहुत बड़ा नुकसान अगर किसी को हुआ तो उस अबोध बालक को हुआ, जो अब कभी भी एक साथ मां और बाप दोनो का प्यार नहीं पा सकेगा।

## पारिवारिक विवाद में महिला ने कीटनाशक का किया सेवन, मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सिसई थाना क्षेत्र अंतर्गत एकता ईट भट्ठा कुलं केरी में काम करने वाले मजदूर आशीष केरकेट्टा का 24 वर्षीय पत्नी मार्था केरकेट्टा ने शुक्रवार दिन के करीब 11:00 कीटनाशक का सेवन कर लिया। तत्काल लोगों द्वारा उसे रेफरल अस्पताल सिसई ले जाया गया।जहां डॉक्टर ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतका के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं। जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ राज्य के लुर्गू गठ्ठा निवासी महिला ने शुक्रवार को पति से विवाद के उपरांत कीटनाशक सेवन कर लिया। पत्नी छत्तीसगढ़ जाने की जिद कर रही थी जबकि पति का कहना था की होली में चलेंगे। इसी बात को लेकर वह पति से खफा थी। वही शुक्रवार की शाम शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया।

## चुनाव को लेकर बीडीओ ने की बैठक



**सिसई (आजाद सिपाही)।** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को प्रखंड सभागार में एईआरओ सह बीडीओ रमेश कुमार यादव की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में प्रखंड के सभी 112 बुथों में एएमएफ सुविधा बिजली, पानी, शौचालय, रैम्प, चार्जिंग पोइंट, सहित अन्य जरुरी सुविधाओं का बुथवार समीक्षा की गई। बीडीओ ने उपस्थित सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, सभी पंचायत सचिव व शिक्षा विभाग के बीआरपी को संबंधित मतदान केन्द्रों में एएमएफ सुविधा तत्काल दुरुस्त कराने सहित कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। बैठक के दौरान स्वीप कार्यक्रम को लेकर भी चर्चा की गई। मौके पर सीओ नितेश रौशन खलखो, बीपीआरओ संत साहु, सिसई थानेदार संदीप कुमार यादव, पुसो थानेदार हिमांशु कुमार सिंह, एई परमानंद कुमार, बीपीओ सुप्रिया, जेई जीवन एक्का, श्रवण कुमार, विष्णु उरांव, अभिषेक कुमार, राजकपूर, पंस सुबास उरांव, सुमराई किण्डो, मिखन टोप्पो, फागेश्वर भगत, शैलेश प्रसाद यादव, मुमताज आलम, विनोद भगत, मोनिका मिंज, बजरंग उरांव, आलोक खेस,इलेक्शन कम्प्यूटर आपरेटर सुमित कुमार केशरी, शिक्षा विभाग के सभी बीआरपी सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## बीएलओ और सुपरवाइजर को मिला प्रशिक्षण



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड के सभागार में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा के द्वारा सभी बी एल ओ तथा सुपरवाइजर को लोक सभा चुनाव के निमित्त प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में सभी 18 वर्ष एवं उससे उपर के छुटे हुए मतदाता के नाम जोड़ने के लिए कहा गया। साथ ही चुनाव पाठशाला के द्वारा सभी मतदाता को जागरूक करने के लिए बतलाया गया। 4 मार्च से सभी बी एल ओ तथा सुपरवाइजर इसके लिए कार्यक्रम करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड के सभी पंचायत, सेवक जन सेवक, आंगनबाड़ी सेविका उपस्थित थे

# अजीम प्रेमजी फाउंडेशन ने किया छउआ जतरा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के राजयकृत मध्य विद्यालय बेंदोरा में शुक्रवार को अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के द्वारा छउआ जतरा (बाल मेला) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा पर्यावरण अध्ययन का स्टॉल लगाया गया था। जहां विज्ञान से संबंधित क्रियाकलाप बताए गए। बच्चों के माध्यम से विज्ञान की गतिविधियों को समझाया गया।

बच्चों के द्वारा अंग्रेजी, हिंदी और गणित विषय पर भी स्टॉल लगाया गया। बच्चों को पुस्तकालय का उपयोग और पुस्तकों का अध्ययन के संबंध में जानकारी दी गयी।

राजकीय मध्य विद्यालय बेंदोरा के बच्चों के द्वारा पर्यावरण अध्ययन पर एक कहानी अंग्रेजी विषय पर एक स्टोरी और हिंदी पाठ्य पुस्तक की एक कहानी का मंचन किया गया। इस कार्यक्रम के



मुख्य अतिथि बेंदोरा पंचायत के मुखिया सुशील दीपक मिंज ने बाल मेला कार्यक्रम की सराहना करते हुए बच्चो से खेल खेल में गणित पर्यावरण अध्ययन हिंदी अंगेजी पढ़ने सुनने व सुनाने की कला पर बच्चों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चो में पढ़ने व सीखने की रुचि बढ़ती है। बच्चो का बौद्धिक विकास तेजी से होता है। विद्यालयों में इस प्रकार के कार्यक्रम होते रहने से बच्चो में सीखने की रुचि बढ़ेगी।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से संकुल ससाधन सेवी संतोष कुमार, संकुल सचिव आंद्रेस टोप्पो, शिक्षक उमेश वर्मा, कमला खलखो, सत्यवान खलखो, अल्बीना कुजूर, शिव शंकर प्रसाद आदि उपस्थित हुए। कार्यक्रम में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सदस्य कुणाल, ओम प्रकाश, पूजा, राजेश एवं गार्गी उपस्थित हुई। कार्यक्रम का आयोजन संकुल संसाधन केंद्र बेंदोरा के संकुल साधन सेवी संतोष कुमार के द्वारा किया गया।

# बाल दुर्व्यवहार को रोकने को लेकर कार्यशाला आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण रांची मे बालिकाओं एवं सुरक्षा एवं संरक्षण को लेकर वर्क शॉप का आयोजन किया गया, वर्कशाप में बाल दुर्व्यवहार और स्कूल बच्चियों शारीरिक शोषण, भावनात्मक शोषण, उपेक्षा करना, यौन शोषण पारिवारिक हिंसा का जोखिम जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा कर ड्राफ्टिंग और दस्तावेज बनाने के लिये पर चर्चा किया गया।

झारखण्ड शैक्षणिक अनुसंधान रांची में बालिकाओं की सुरक्षा और संरक्षण को लेकर कार्यशाला आयोजन किया गया। निदेशक किरण पासी के दिशा निर्देश में वर्कशाप का आयोजन किया गया। जिसमें मिशन बदलाव के भूषण भगत, बचपन बचाओ आंदोलन के बृजेश मिश्रा झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता डॉ अनिल सिंह और यूनिसेफ,



आइसीडब्लयू के नसरीन और अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

बैठक का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को संरक्षण एवं सुरक्षा को लेकर स्टेट लेवल के कमेटी को गठन का भविष्य में किया जायेगा। इसके लिए दस्तावेज भी तैयार किया जा रहा है कि आने वाला समय में स्कूली बच्चियों को हिंसा घरेलू मारपीट और घरेलू हिंसा को गांव से स्कूलों में कैसे रोका जा सके और परिवारों में अगर बालिकाओं को शोषण को रोकने का है। वर्कशॉप में सभी जिलों के डाइट के प्रतिनिधि शामिल हुए।

## आग में झुलसने से घायल तीन बच्चों में से एक की मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह थाना क्षेत्र के खीरा खांड नावाडीह में आग से झूलसने से गंभीर रूप से घायल तीन बच्चों में एक बच्चे की सदर अस्पताल से रांची ले जाने के क्रम में मौत हो गई। इसके बाद शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार गुरुवार को तीन बच्चे घर के समीप खेल रहे थे।तभी एक बच्चा को माचिस मिल गया और उसने पुआल में आग लगा दी। जिसके बाद तीनों बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए। वहीं सदर अस्पताल में इलाज के उपरांत तीनों बच्चों को रिम्स रेफर कर दिया गया था। लेकिन परिजन रिम्स नहीं ले जा सके थे।वहीं शुक्रवार को सोमरा खड़िया का 4 वर्ष का पुत्र निर्मल खड़िया को रिम्स ले जाने की तैयारी कर रहे थे। तभी उसकी मौत हो गयी। घटना के वक्त माता-पिता घर पर नहीं थे दोनों मजदूरी करने गये थे। वहीं बच्चा पड़ोसियों के बच्चों के साथ खेल रहा था।

## 2800 महिलाओं को उद्यमिता का प्रशिक्षण मिला



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** ओरेकल परियोजना प्रयास, के अंतर्गत उद्योगिनी संस्था के सहयोग से इन दिनो कामडारा प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों पर महिला उद्यमीकरण एवं महिला सशक्तीकरण को लेकर कुल 2800 महिलाओं को उद्यमिता का प्रशिक्षण दिया गया। उक्त आशय की जानकारी उद्यम उद्योगिनी संस्था के सिनीयर एसोसिएट राजेश कुमार ने आज शुक्रवार को देते हुये बताया कि कामडारा प्रखंड क्षेत्र में लगभग 500 परिवारों को लाह उत्पादन, बकरी व मुर्गी पालन एवं मशरुम की खेती के करने का प्रशिक्षण दिया गया है। वहीं फिलहाल बकरी शेड,मुर्गी शेड,लाह बिहन के अलावे सेमियलता पौधों का रोपन एवं उद्यमिता विकास का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। जिसके वजह से अब महिलाओं के बीच आमदनी एवं हिस्सेदारी मे भी बढ़ोत्तरी हो सकेगी ।इसी के साथ महिलाओं के बीच आर्थिक सशक्ता के अलावे महिलाओं के बीच उद्यमीकरण एवं महिला सशक्तिकरण हो सके ।उद्योगिनी संस्था कामडारा के द्वारा कि जा रही कार्यों मे नारायण साहू और प्रदीप तोपनो के द्वारा महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है।

## ट्रैक्टर ने दो बाइक को मारी टक्कर, चार घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला पालकोट रोड स्थित डुमरडीह के समीप ट्रैक्टर ने दो बाइक को टक्कर मार दिया। घटना में पालकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत बागेसेरा निवासी सूरज मुनि देवी और तुलसी देवी घायल हो गए। ये दोनों टीवीएस बाइक से बागे सेरा से गुमला आ रहे थे वहीं लोहरदगा निवासी शंकर बड़ाइक और उसकी मां बसंती देवी बाइक से गुमला की ओर से मोरेंग मेहमान जा रहे थे। तभी पालकोट की ओर से आता एक ट्रैक्टर दोनों बाइक को टक्कर मारते हुए घटनास्थल से गुमला की ओर फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की घटना स्थल पर भीड़ लग गयी। वहीं कुछ लोगों ने चारों घायलों को उठाकर एक घर में रखा। इसके बाद एंबुलेंस व गुमला थाना को घटना की सूचना दी गई। वही एंबुलेंस से चारों को सदर अस्पताल लाया गया। जहां चारों घायलों का इलाज चल रहा है।

# उर्दू सहायक शिक्षकों की नियुक्ति जल्द करे सरकार : विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने विस सत्र के शून्यकाल में राज्य में रिक्त पड़े उर्दु सहायक शिक्षकों की नियुक्ति कराने की मांग की है। विधायक ने बताया कि राज्य में शिक्षक नियमावली 2012 के अनुसार उर्दु सहायक शिक्षक के कुल रिक्त पद कुल 4401 के बिरुद्ध हुई बहाली के बाद कुल 3712 पद रिक्त है। अल्पसंख्यक आयोग के पत्रांक 746/2015 में इंटर एवं स्नातक उर्दु टेट पास अभ्यर्थियों के लिए आवेदन मांगा गया था। पर अब भी कुल 3712 पद रिक्त है। विधायक ने कहा कि उर्दु शिक्षकों का नाम भी बदलकर सहायक आचार्य कर दिया गया है। साथ ही ग्रेड में भी घटा दिया गया है। जो विधिसम्मत नहीं है। उन्होंने कहा कि उर्दु



सहायक शिक्षकों की बहाली नहीं होने कई स्कूलों में उर्दु शिक्षकों का घोर कमी हो गयी है। इससे मुस्लिम छात्र उर्दू की पढ़ाई करने से वंचित हो रहे हैं। विधायक ने कहा कि सरकार जल्द से जल्द सहायक उर्दु शिक्षकों की बहाली करे। ताकि मुस्लिम समाज के सभी बच्चे उर्दु का ज्ञान प्राप्त कर सके।

## टिंकल की जमानत पर सुनवाई 15 को

**रांची (आजाद सिपाही)।** साहिबगंज के पत्थर कारोबारी टिंकल भगत जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में शुक्रवार को हुई। मामले में प्रार्थी की ओर से बहस जारी रही। कोर्ट ने इडी से पूछा है कि प्रार्थी द्वारा दो प्लॉट पर माइनिंग के लिए कांसेंट टू ऑपरेट का दस्तावेज सही है या नहीं। इस संबंध में कोर्ट ने इडी को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश कोर्ट ने दिया। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति एसएन प्रसाद की कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 15 मार्च निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की। पिछली सुनवाई में प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि अवैध खनन का यह मामला शेड्यूल ऑफेंस में नहीं आता है, जिस प्लॉट पर अवैध माइनिंग की बात कही जा रही है, उस प्लॉट को सरकार से लीज पर लिया गया था।

### हाइकोर्ट ने राज्य सरकार के आइए को किया स्वीकृत

# प्रार्थी उमेश और अधिवक्ता राजीव का नाम केस से हटाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के जिलों में शराब के होलसेल एवं रिटेल के टेंडर में गड़बड़ी से संबंधित उमेश कुमार की जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाइकोर्ट ने की। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार की हस्तक्षेप याचिका को स्वीकृत करते हुए इस केस से प्रार्थी उमेश कुमार और उनके अधिवक्ता राजीव कुमार का नाम हटाने का निर्देश दिया। राज्य सरकार की ओर से आइए दाखिल कर कहा गया था कि इस केस के प्रार्थी एवं उनके अधिवक्ता राजीव कुमार का क्रेडेंशियल सही नहीं है, इसलिए इन दोनों का नाम इस केस से हटाया जाये। इसके बाद हाइकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने प्रार्थी और उनके अधिवक्ता का नाम इस केस से हटाने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 10 अप्रैल निर्धारित की।

### क्या है मामला

पूर्व की सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि राज्य के जिलों में शराब के होलसेल के टेंडर में शामिल होने के लिए 25 लाख रुपये नन रिफंडेबल राशि तय की गयी थी। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया था कि राज्य के विभिन्न जिलों में शराब के होलसेल और रिटेल का टेंडर लेने के लिए कोलकाता से झारखंड के तीन जिलों में अलग-अलग खातों में करोड़ों रुपये भेजा गया था। यह उन कंपनियों के खाते में भेजा गया था, जहां जिनके खाते में मात्र दो-चार हजार रुपये हुआ करते थे। उसी खाते से सारा पैसा राज्य के अन्य जिलों में शराब के होलसेल के टेंडर के लिए 25-25 लाख रुपये जमा करने में इस्तेमाल हुआ था। कोलकाता से भेजे गये पैसों का इस्तेमाल शराब माफिया की ओर से झारखंड के सभी जिलों में शराब के होलसेल का टेंडर लेने के लिए किया गया था। प्रार्थी ने इसकी जांच कराने का आग्रह कोर्ट से किया था।

## बाइक चालक ने साइकिल सवार वृद्ध को मारी जोरदार टक्कर, दोनों घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला करम टोली रोड स्थित एस पी आवास के समीप बाइक चालक ने साइकिल सवार वृद्ध को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। घटना में सारू डैम निवासी बुधवा लोहरा गंभीर रूप से घायल हो गया उसके सिर पैर सहित शरीर के कई हिस्से में काफी चोट लगी। जबकि बाइक चालक भी गिरकर घायल हो गया बताया जाता है कि बाइक चालक नशे में धूत था वही एक अन्य बाइक चालक ने वृद्ध को सदर अस्पताल पहुंचा कर उसका इलाज करवाया। जबकि घायल बाइक चालक करम टोली निवासी बोया नामक युवक को उसके दो दोस्त सदर अस्पताल छोड़कर भाग गये।

# झारखंड निर्माण मजदूर यूनियन की जिला कमेटी का पुनर्गठन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत झारखंड निर्माण मजदूर यूनियन जिला इकाई गुमला की बैठक कामरेड महिंद्रा जंक्शन उरांव की अध्यक्षता में पालकोट रोड स्थित केदार बागान में जिला स्तरीय बैठक हुई जिसमें एक्टू के राज्य कमेटी सदस्य सरिता तिग्गा एवं भाकपा माले के जिला सचिव कामरेड गजेंद्र सिंह की उपस्थिति में बैठक हुई।

बैठक में झारखंड निर्माण मजदूर यूनियन का जिला कमेटी का पुनर्गठन किया गया। 12 सदस्यों की कमेटी बनायी गयी जिसमें महेंद्र जंक्शन उरांव, बिष्णु माझी, सुखदेव उरांव, किशोर एक्का,



फूलचंद लोहार, अनीता तिर्की, सुशीला उरांव, अनीता तिर्की, सुशीला उरांव, मंजरी देवी, संतोषी लकड़ा, चांगड़े उरांव जिला कमेटी सदस्य चुने गये। सर्वसम्मति से कामरेड महिंद्रा जंक्शन उरांव को जिला संयोजक और विष्णु माझी को सहसंयोजक चुना गया। मौके पर उपस्थित राज कमेटी सदस्य (एक्टू) के सरिता तिग्गा ने कहा कि केंद्र की सरकार मजदूर हित में बने 44 श्रम कानून को रद कर 4 श्रम कोड ला कर गरीब मजदूरों को गुलाम बनाने का काम की है। उन्होंने किसान ऑन बेरोजगारों व छात्रों के देश के अंदर चल रहे। आंदोलन का जिक्र कहा कि यह सरकार पूंजीपतियों की है और सरकार के खिलाफ बोलने वालों को इडी और सीबीआई के जरिए जेल भेजने की कार्रवाई कर रही है।

बैठक में तय किया गया की इक्टू कार्यकताओं के नेतृत्व में आंदोलन संगठित कर भाजपा सरकार की विदाई किया जाएगा। माला नेता गजेंद्र सिंह ने संबोधित कर कहा की तानाशाही सरकार को बाहर का रास्ता दिखाकर ही देश लोकतंत्र, संविधान और जनता के अधिकारों को सुरक्षित किया जा सकता है, ऐक्टू का पुनर्गठन इसके लिए मिल का पत्थर साबित होगा। मजदूर नेता महेंद्र जंक्शन उरांव ने कहा कि जिले के अंदर गरीब मजदूर के संगठन को मजबूत कर लोकतंत्र और संविधान को बचाते हुए मजदूरों के अधिकार के लिए संघर्ष तेज करेंगे। मौके पर राम बड़ाइक, सुनीता तिर्की, जरा उड़ान, सुमित्रा बड़ा, रुक्मिणी देवी, लाल देवी सहित सैकड़ों की संख्या में नेता का उपस्थित थे।

# पांच दिन से गायब महिला का शव कुआं से बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र अंतर्गत पंडरिया निवासी 65 वर्षीय वृद्ध महिला बृहस्पति देवी पति स्वर्गीय मोहन साहू का शव शुक्रवार को गांव के ही एक कुआं से पुलिस ने बरामद किया। वही काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने कुआं से शव को बाहर निकाल पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा।

परिजनों ने बताया महिला सोमवार से गायब थी। गांव के आसपास दुर्गंध आने पर कुछ लड़के कुआं में झांक कर देखें तो शव को तैरते देखा। इसके बाद ग्रामीणों ने गुमला थाना को जानकारी दी। परिजनों ने बताया महिला शराब का सेवन करती थी और सोमवार से अचानक गायब हो गयी। वही शव पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों का कहना है कि महिला की हत्या हुई है। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट पता चल पायेगा हादसा है या हत्या।

## बाइक ऑटो की टक्कर में बाइक चालक हुआ गंभीर रूप से घायल, रिम्स रेफर




**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला पालकोट रोड स्थित गणेशपुर डीपा के समीप बाइक चालक कोईनारा टोंगरी टोली निवासी मनोहर गोप ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में मनोहर का सर फट गया। शरीर के कई हिस्से में उसे गंभीर चोट लगी। तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से उसे सदर अस्पताल लाया गया ।जहां डॉक्टर ने इलाज के उपरांत गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक व्यक्ति राजमिस्त्री का काम करता है और शहर से कम कर शुक्रवार की रात अपने घर जा रहा था। बताया जाता है कि वह नशा में था।

### शिकंजा : दो करोड़ रुपये की मांगी गयी थी फिरौती, पलामू एसपी ने किया खुलासा

# हुसैनाबाद से अपहृत ग्रामीण चिकित्सक सकुशल बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार

**एसपी ने मकानमालिकों से की अपील, किरायेदार के आधार का सत्यापन जरूर करवाएं**

आजाद सिपाही संवाददाता



पकड़े गये आरोपितों की जानकारी देतीं पलामू एसपी रिष्मा रमेशन, हुसैनाबाद के एसडीपीओ मुकेश महतो व अन्य।

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र से विगत दिनों अपहृत ग्रामीण चिकित्सक डॉ रहमान उर्फ फिरोज खान को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। साथ ही अपहरण कांड में संलिप्त तीन आरोपितों को भी गिरफ्तार किया गया है। इसकी जानकारी पलामू एसपी रिष्मा रमेशन व हुसैनाबाद के एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों की पहचान हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के ऊपरी कला करमाही गांव निवासी प्रिंस कुमार सिंह, मुबारकपुर गांव निवासी चंदन कुमार सिंह और मेदिनीनगर के हमीदगंज निवासी अभय कुमार सिंह के रूप में हुई है। अभय मूल रूप से विश्रामपुर के नौगढा का रहने वाला है। वहीं, पुलिस ने डॉ रहमान को भी डालटनगंज से सकुशल बरामद कर लिया है। बतातें चलें कि 26 फरवरी को डॉ रहमान खान को उनके क्लिनिक से अपहरण कर लिया गया था। इसके बाद अपहरणकर्ताओं ने डॉ रहमान की रिहाई के लिए दो करोड़ रुपये फिरौती की मांग की थी। पुलिस ने आरोपितों के पास से एक बाईक और चार मोबाइल फोन भी जब्त किया है। एसपी ने बताया कि तीनों को जेल भेज दिया गया है। एसपी रिष्मा रमेशन ने लोगों से अपील की कि किराये पर मकान देने के पहले मकान मालिक अपने क्षेत्र के थाना से किरायेदार का आधार कार्ड लेकर सत्यापित करवाए। वहीं, छापामारी दल में हुसैनाबाद थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह, शशिशेखर पांडे, तंजीलुल मनान मनौवर, नबी अंसारी, पंचानन प्रसाद सिंह, अनिल कुमार सिंह शामिल थे।

# समाज के प्रति समर्पण ही पिता के लिए होगी सच्ची श्रद्धांजलि : अविनाश देव

### स्व. सुदामा पंडित के विचारों में दिखती थी भविष्य की चमक : केडी सिंह

**दिवंगत सुदामा पंडित की पुण्यतिथि पर उनके कई समकालीन साथियों ने दी श्रद्धांजलि, भावुक हुए लोग**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव के पिता स्व सुदामा पंडित की पुण्यतिथि गुरुवार को विद्यालय सभागार में मनाई गई। जिसमें जिले के कई समकालीन साथी पुण्यतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए और चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित श्रद्धांजलि दी। स्व सुदामा पंडित की विचारधारा व उनके आंदोलन में साथ देने वाले कई दिग्गज समाजसेवी मौजूदा थे। इस दौरान घटित कुछ लम्हों को याद कर हुए राजद के वरिष्ठ नेता रामनाथ चंद्रवंशी ने बताया कि आज उनके बीच स्व. सुदामा पंडित जी मौजूद नहीं है, लेकिन समाज के प्रति किये गए उनके प्रयास, शिक्षा, गरीबी व भ्रष्टाचार के प्रति उठायी गई आवाज आज भी हमारे कानों तक गूंजती है। उस दौर में तो उनका सपना सकार नहीं हो पाया लेकिन अब हमें उनके सोच स्वभाव और आवाज अविनाश देव के जेहन में देखने को मिलती है। वहीं केडी सिंह ने कहा कि उनके विचार में हमेशा भविष्य की चमक देखने को मिलती थी। अक्सर लोग अपने सुख और समृद्धि के लिए मिट्टी के मूरत के सामने भीख मांगते नजर आते हैं लेकिन जब हम अपनों के बीच अपने समाज के बीच अच्छा प्रेम, भाईचारा व अपनत्व का विचार रखते हैं तो हमें कभी भी मिट्टी के मूरत के सामने हाथ जोड़ने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। वहीं, दिवंगत सुदामा पंडित के साथी डॉ भोला प्रजापति, प्रभात अग्रवाल, सुमन जी, गणेश रवि, सुरेंद्र मिश्रा, विनय कुमार सिंह, जटाधारी गुरु जी, सुरेश प्रजापति, रवि शंकर, सुरिस्ट राय, रामचंद्र प्रजापति, गुमानी पंडित, सोमनाथ चक्रधर, भोला प्रजापति आदि ने उनके विचार व प्रेरणादायक घटनाओं के बारे में वर्णन किया। समापन में स्व. सुदामा पंडित के बड़े बेटे अविनाश देव अपने पिता की बातों को याद किया। कहा कि उनके पिताजी कहा करते थे कि बेटा किसी भी परिस्थिति में खुद को खड़ा रखना ही बेहतर योद्धा की पहचान है। मिट्टी से हमेशा जुड़कर अभिमान से नहीं, बल्कि स्वाभिमान से जीना। कहा कि देश व समाज के प्रति हमारे पिता का जो सपना था उसे यदि कुछ प्रतिशत भी धरातल पर उतारकर समाज में बदलाव लाते हैं तो यही उनके पिता के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर पुत्र कुमार आदर्श, उत्कर्ष देव, पुत्री रीना देवी, पूजा देव, एसवी शाहा, ओंकार नाथ तिवारी, ललन प्रजापति, संतोष प्रजापति समस्त शिक्षक कर्मचारी आदि मौजूद थे।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया पलामू के लाल को सम्मानित




आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड के रांची स्थित सेंट्रल यूनिवर्सिटी में दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एमटेक डिग्री वितरण कार्यक्रम में श्रीदेव उपाध्याय पुत्र राजदेव उपाध्याय को मानद एमटेक सिविल की डिग्री प्रदान कर सम्मानित किया। राजदेव सरायकेला में ग्रामीण विभाग के सहायक अभियंता पद पर कार्यरत है। राष्ट्रपति के हाथों पलामू के लाल के सम्मानित होने पर यहां के लोगों में खुशी की लहर है।

## विधायक ने विधानसभा में डाल्टनगंज से हवाई सेवा पर सरकार से मांगा जवाब

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक कमलेश कुमार सिंह ने विधानसभा में झारखंड सरकार से डाल्टनगंज से हवाई सेवा शुरू कराने के संबंध में सवाल किया। पूछा की 2021 में केंद्र सरकार ने क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना के तहत डाल्टनगंज से रांची व डाल्टनगंज से पटना की हवाई यात्रा प्रारंभ करने की योजना प्रस्तावित है। इस पर सरकार ने जवाब दिया की भारतीय विमान प्राधिकरण की ओर से राज्य सरकार को बताया गया है कि डाल्टनगंज (चियांकी) हवाई अड्डा को केंद्र सरकार की आरसीएस उड़ान 4.2 के तहत चिन्हित किया गया है। जिसमें अवियशान कनेक्टिविटी एंड इंफ्रास्ट्रक्कर डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड को 19 सीटर विमान का संचालन डाल्टनगंज-रांची-डाल्टनगंज व डाल्टनगंज-पटना-डाल्टनगंज की अनुमति दी गई है। सरकार के जवाब में कहा गया कि हवाई अड्डे के विकास एवं संचालन के लिए अनुरोध किया गया है। 23 जून 2023 को राज्य सरकार के पत्रांक 38 दिनांक में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण से संयुक्त दल गठित करते हुए हवाई अड्डा की वर्तमान वस्तुस्थिति एवं आवश्यक कार्रवाई के संबंध में भौतिक निरीक्षण करने का अनुरोध किया गया है।

## सेवानिवृत्ति पर निवर्तमान आयुक्त दशरथ चंद्र दास को दी गयी विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** निवर्तमान प्रमंडलीय आयुक्त दशरथ चंद्र दास को उनके सेवानिवृत्ति पर शुक्रवार को समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। गोपनीय कार्यालय में आयोजित समारोह में आयुक्त के सचिव विजय वर्मा, उप निदेशक कल्याण आलोक कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी राजीव रंजन तिवारी आदि ने उन्हें अंगवस्त्र, गुलदस्ता व उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर आयुक्त के सचिव विजय वर्मा ने कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन का एक पड़ाव है। दशरथ सर अब खुद के लिए समय का आनंद लें सकेंगे। सरकारी सेवा में रहकर आमजनों के लिए कार्य करते रहे। अब इस दायरों से अलग रहकर भी आमजनों से सीधे जुड़कर कार्य कर सकेंगे। उन्होंने निवर्तमान आयुक्त के उज्जवल भविष्य एवं दीघार्यु की कामना की। वहीं, उपनिदेशक कल्याण आलोक कुमार ने कहा कि प्रमंडलीय आयुक्त के अनुभव से अब वंचित होना पड़ेगा। उनका कार्यकाल स्वर्णिम रहा है। वहीं, निवर्तमान आयुक्त दशरथ चंद्र दास ने कहा कि सरकारी सेवा में रहकर विभिन्न स्थानों पर कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ। पलामू में कार्यरत रहकर यह स्वीकार करते हुए खुशी हो रही है कि यहां के पदाधिकारी एवं कर्मियों ने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए सर्वोत्तम कार्य परिस्थितियां और वातावरण दिया। मुझे कई नई चीजें सीखने को मिली, जिसका लाभ हमें प्रशासनिक के साथ-साथ व्यक्तिगत जीवन में मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में रहकर ज्यादा से ज्यादा लोगों की सेवा करने की कोशिश की। सेवानिवृत्ति के उपरांत भी सीधे जनता से जुड़कर उनकी सेवा करते रहेंगे। कहा कि उनके पारिवारिक सदस्य व्यवस्थित हैं। इसलिए जीवन में ज्यादा तनाव लेने की बात भी नहीं है। आमजनों से जुड़े थे और जुड़े रहेंगे। इस दौरान प्रशाखा पदाधिकारी राजीव रंजन तिवारी, प्रमंडलीय जनसंपर्क इकाई के सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी विजय कुमार ठाकुर ने निवर्तमान आयुक्त के कार्यकाल के दौरान किए गये कार्यों की सराहना की। साथ ही उनके विचारों को साझा करते हुए निवर्तमान आयुक्त के उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर उपनिदेशक कल्याण आलोक कुमार, प्रमंडलीय जनसंपर्क इकाई के एसएमपीओ प्रमोद कुमार, आयुक्त कार्यालय, पंचायती राज कार्यालय, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार कार्यालय, क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक कार्यालय के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## सजग और सचेत होकर कार्य करने का निर्देश




आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव को लेकर कलेक्ट्रेट के ब्लॉक-सी सभाकक्ष व पुराना डीआरडीए भवन में शुक्रवार को एफएसटी (उड़न दस्ता टीम), एसएसटी (स्टैटिक सर्विलांस टीम) और डीएलबीसी का जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, छतरपुर एसडीएम हीरा कुमार, सदर एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी व सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी संबंधितों को उनके कार्यों से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान एफएसटी टीम को व्यय लेखा नियंत्रण के तहत की जाने वाली कार्रवाई के अतिरिक्त आदर्श आचार संहिता के मामले पर भी कैसे नियंत्रण रखना है इसका प्रशिक्षण दिया गया। जबकि सी विजिल एप के बारे में भी विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। इसी के तरह एसएसटी टीम को चुनाव के दौरान भारी मात्रा में नकद लेन-देन पर पैनी नजर रखने की जानकारी दी गई। चेकनाका पर जांच के क्रम में अवैध हथियार के साथ आसामाजिक तत्वों की पहचान करने व उनपर कार्रवाई करने से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। सभी को चार अलग-अलग पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें पांकी, डालटनगंज, विश्रामपुर, छत्तरपुर व हुसैनाबाद विधानसभा के लिये गठित एसएसटी व एफएसटी के सदस्य भाग लिये।

## व्यापार मंडल अध्यक्ष ने किया बिजली दर में बढ़ोत्तरी का विरोध



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** व्यापार मंडल अध्यक्ष सह राष्ट्रीय सामाजिक जनकल्याण संगठन के अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा ग्रामीण उपभोक्ताओं का बिजली बिल बढ़ाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर शहरी क्षेत्र में 35 पैसा प्रति यूनिट और ग्रामीण क्षेत्र में 50 पैसा प्रति यूनिट बिजली वृद्धि की निंदा की है। कहा कि बिजली दरों में वृद्धि का असर आने वाले समय में ग्रामीण व शहरी उपभोक्ताओं पड़ने वाला है। कहा कि राज्य में चंपाई सोरेन सरकार के गठन के बाद गरीब, किसानों व आम जनता को उम्मीद जगी थी की वे सभी के हित के लिए बेहतर फैसले लेंगें, लेकिन सरकार का इस तरह का फरमान जनता को परेशान करने वाला है। सरकार से मांग की कि किसान व ग्रामीण जनता के हित में अविलंब बढ़ी हुई दरों को कम किया जाए। साथ ही सरकार को चेतावनी दी कि बिजली दरों को कम नहीं किया गया तो क्षेत्र के किसान -मजदूर के साथ आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# स्पोर्ट्स



**पूर्व क्रिकेटर श्रीवत्स गोस्वामी ने बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन की फर्स्ट डिवीजन लीग के मैच में फिक्सिंग का आरोप लगाया है। इसके बाद सीएबी के अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली ने समिति से इसकी रिपोर्ट मांगी है।**

## शांति समिति की बैठक में मिलजुल कर महाशिवरात्रि पर्व मनाने का लिया निर्णय



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में शुक्रवार को पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार की अध्यक्षता में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें त्योहार को सौहार्दपूर्वक माहौल में मनाने की अपील की गई। थाना प्रभारी ने सभी आयोजकों व प्रबंध समिति के सदस्यों से वार्ता कर निकाले जाने वाली शिव बारात के बारे में जानकारी ली और निर्धारित रास्तो से ही शिव बारात निकालने की बात कही। उन्होंने कहा कि पर्व में कोई नई परंपरा कायम न की जाय। सभी लोग शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाएं। बैठक में एसआइ राकेश कुमार सिंह, सोनू कुमार गुप्ता, विगेश कुमार राय, सतीश कुमार गुप्ता, एएसआई संजय कुमार यादव, मनोज कुमार दास, वैश्य जागृति मंच के अध्यक्ष गगां जायसवाल, संयोजक भोला गुप्ता, बुधन सिंह यादव, बसपा नेता प्रमोद कुमार रवि,बसपा प्रखण्ड अध्यक्ष सुरजमल राम, भाजपा सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, झामुमो जिला उपाध्यक्ष अतहर हुसैन, प्रखण्ड अध्यक्ष अमित सिंह, अशोक जायसवाल, समाजसेवी संतोष प्रजापति, ओमप्रकाश सौंडिक, चंदन प्रजापति, संजय मेहता, लक्ष्मी विश्वकर्मा, अनिल पासवान, समसाद अंसारी, गणेश सौंडिक, राजद प्रखण्ड अध्यक्ष महेंद्र यादव, लखन यादव, मुस्लिम अंसारी, सतेन्द्र मेहता, महादेव यादव, जितेंद्र मेहता,रामप्रसाद भुइंया, मृत्युंजय मेहता आदि शामिल थे।

# आयरलैंड की टेस्ट क्रिकेट में पहली जीत

**इकलौते टेस्ट में अफगान को 6 विकेट से हराया, अडायर बने प्लेयर ऑफ द मैच**

**अबु धाबी (एजेंसी)।** ऑयरलैंड को 8 टेस्ट मैच खेलने के बाद टेस्ट क्रिकेट में पहली जीत मिली। टीम ने अफगानिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया। अबु धाबी के टॉलरेंस ओवल मैदान पर शुक्रवार को तीसरे दिन टीम ने जीत हासिल की। अफगानिस्तान ने जूसरी पारी में 218 रन बनाने के बाद आयरलैंड को 111 रन का टारगेट दिया। जिसे आयरलैंड ने 4 विकेट खो कर चेज कर लिया। इससे पहले अफगानिस्तान ने पहली पारी में 155 रन बनाए थे, जवाब में आयरलैंड ने 263 रन बनाकर लीड बबनाई थी। आयरलैंड के बॉलर मार्क अडायर प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने पहली पारी में 5 विकेट और दूसरी पारी में 3 विकेट लिए। दूसरी इनिंग्स में आयरलैंड के एंड्रयू बालबर्नी ने अर्धशतकीय पारी खेली।

### शहीदी-गुरबाज के अलावा कोई नहीं चला

तीसरे दिन हशमतुल्लाह शहीदी (53) और रहमनुल्लाह गुरबाज (23) ने पारी को आगे बढ़ाया। पारी की शुरूआत में ही शहीदी 55 रन बना कर आउट हो गए। इसके बाद पारी बिखर गई। नासिर जमाल 2 रनऔर करीम जनत 13 रन बना कर आउट हो गए। दूसरे छोर पर खड़े गुरबाज भी प्रेशर मेंआ गए और 46 रन पर अपना विकेट क्रेग यंग को दे बैठे। आखिर में जिया उर रहमान 13 रन और निजात मसूद भी 0 रन बना कर आउट हो गए। जाहिर खान 4 रन बना कर नाबाद रहे।

### पूर्व क्रिकेटर श्रीवत्स गोस्वामी ने बल्लेबाजों के आउट होने के तरीके पर उठाये सवाल

# बंगाल की फर्स्ट डिवीजन लीग में फिक्सिंग का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोलकाता।** पूर्व क्रिकेटर श्रीवत्स गोस्वामी ने बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन (सीएबी) की फर्स्ट डिवीजन लीग के मैच में फिक्सिंग का आरोप लगाया है। इसके बाद सीएबी के अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली ने टूर्नामेंट लीग समिति से इसकी रिपोर्ट मांगी है। श्रीवत्स गोस्वामी ने सोशल मीडिया पर 2 वीडियो शेयर करते हुए टाउन क्लब के खिलाफ मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब के बल्लेबाजों के आउट होने के तरीके पर सवाल उठाए हैं। अपने पोस्ट में गोस्वामी ने लिखा, यह कोलकाता क्लब क्रिकेट में एक सुपर डिवीजन मैच है। दो बड़ी टीमें ऐसा कर रही हैं, क्या आपको पता है कि यहां क्या हो रहा है? मुझे यह देखकर शर्म आती है कि मैंने वह खेल खेला जो मेरे दिल के बहुत करीब है। मुझे क्रिकेट पसंद है और मुझे बंगाल में खेलना पसंद है, लेकिन यह देखकर मेरा दिल टूट जाता है। क्लब क्रिकेट बंगाल क्रिकेट का दिल और आत्मा है, कृपया इसे बर्बाद न करें। मुझे लगता है कि इसे 'गॉट अप' क्रिकेट कहा जाता है। अब मीडिया कहां है? गोस्वामी के शेयर किए गए पहले वीडियो में दिख रहा है कि दाएं हाथ का एक बल्लेबाज गेंद को स्टंप की ओर आने पर छोड़ देता है और वे बोल्ड होकर मैदान से बाहर चला जाता है। दूसरे वीडियो में बाएं हाथ का बल्लेबाज वाइड गेंद पर क्रीज से बाहर आकर खेलता है। इस दौरान विकेटकीपर स्टंप आउट कर देता है।

इस मैच में टाउन क्लब ने शाकिब हबीब गांधी के 233 रनों की बदौलत 446 रन बनाए। जवाब में मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब ने 9 विकेट पर 281 रन ही बना सकी।

### बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष ने बुलायी बैठक

**बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली ने मामले को गंभीरता से लते हुए टूर्नामेंट कमेटी की 2 मार्च को बैठक बुलाई। गांगुली ने कहा कि 2 मार्च को कमेटी की बैठक बुलाई गई है। वहीं फील्ड अंपायर से भी रिपोर्ट मांगी गई है।**

# प्रधानमंत्री ने ऑनलाइन किया बोकारो थर्मल पावर प्लांट की एफजीडी यूनिट का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो थर्मल/बेरमो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को धनबाद जिले के सिंदरी से बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी के 500 मेगावाट वाले ए पावर प्लांट स्थित 368 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित एफजीडी यूनिट का ऑनलाइन उद्घाटन किया। इस अवसर पर डीवीसी एवं निर्माण कार्य करनेवाली कोलकाता की कंपनी टेक्नो इलेक्ट्रिक एंड इंजीनियरिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड और नार्थ कोरिया की कंपनी केसी कॉटरेल इंडिया के सभी अधिकारी, अभियंता एवं कामगार आदि मौजूद थे। वहीं, प्रधानमंत्री के उद्घाटन से पहले पावर प्लांट में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन कोलकाता के इडी फ्यूल तरुण कुमार, एचओपी आनंद मोहन प्रसाद, कोडरमा के एचओपी दिलीप कुमार सिंह, चंद्रपुरा के एचओपी मनोज कुमार ठाकुर, एफजीडी के वरीय जीएम एसएन प्रसाद, जीएम ओएंडएम एस भट्टाचार्य, जीएम कॉमन सर्विसेज एस भद्रा, टेक्नो कंपनी के आरसी अग्रवाल, सव्यसाची चौधरी, अमरेश चौधरी, उपानंदा दास, केसी कॉटरेल के चू हूनसांग, हवान इनसूंग, शीन सूजी और डिप्टी प्रेसिडेंट सुदीप भट्टाचार्य ने किया। एचओपी आनंद मोहन प्रसाद ने अपने संबोधन में डीवीसी के स्वर्णिम इतिहास में अत्यधिक खुशी का पल करार दिया। कहा कि एफजीडी प्लांट का निर्माण हो जाने के बाद कोयला में जो सल्फर डाइऑक्साइड की मात्रा रहती है और उससे जो उत्सर्जन होता है, उससे मानव स्वास्थ्य को काफी नुकसान पहुंच सकता है और पर्यावरण को भी खराब करता है। भारतीय कोयले में सल्फर की मात्रा 0.25 से 0.5 तक होती है और आयातित कोयले में यह 0.6 से अधिक होती है। एसओटू के उत्सर्जन के परिणामस्वरूप अम्लीय वर्षा होती है, इमारतों और संरचनाओं का क्षरण होता है और मानव स्वास्थ्य प्रभावित होता है। कहा कि एफजीडी प्लांट से ना सिर्फ कोयला से एसओटू को अलग किया जा सकेगा, बल्कि इससे जिप्सम का भी निर्माण होगा जिसका उपयोग सीमेंट के निर्माण सहित कई प्रकार के उपयोगों में किया जा सकेगा। वहीं, एफजीडी के वरीय जीएम ने कहा कि 7 दिसंबर 2015 को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत कोयला आधारित थर्मल पावर प्लांटों के लिए सख्त पर्यावरण मानकों की शुरूआत की थी, जिसके तहत एसओटू के मानक को 100 एमजी तक रखना था और उसको पूरा करने के लिए एफजीडी का निर्माण किया गया। फ्लू गैस डी-सल्फराइजेशन (एफजीडी) प्लांट ने कहा कि फ्लू गैस से एसओटू को हटाने के लिए पावर प्लांट में एफजीडी सिस्टम स्थापित किया गया है। जिसे गीले चूना पत्थर के साथ छिड़का जाता है, जो फ्लू गैस में एसओटू के साथ प्रतिक्रिया कर कैल्शियम सल्फेट डाई हाइड्रेट बनाता है, जिसे जिप्सम भी कहा जाता है। यह प्रक्रिया वायुमंडल में छोड़ी जाने वाली सल्फर डाई आक्साईड की मात्रा को सीमित करती है। एसओटू उत्सर्जन मानदंड के अनुपालन की समय सीमा 31 दिसंबर 2026 रखी गई है।

### प्रतिदिन 192 एमटी लाइम स्टोन की होगी खपत

टेक्नो कंपनी के उपानंदा दास ने बताया कि एफजीडी प्लांट में प्रतिदिन 192 एमटी लाईम स्टोन की खपत होगी जिससे 336 एमटी जिप्सम निकलेगा। जिप्सम के उपयोग का व्यापक बाजार है।

# बोकारो में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को अधिकारियों ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** धनबाद से रांची जाने के क्रम में शुक्रवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन कुछ समय के लिए बोकारो परिसदन में ठहरे थे। जहां डीसी विजया जाधव ने फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर चास के अपर नगर आयुक्त संदीप कुमार, सौरव कुमार भुवानिया समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

## नि:शुल्क होमियोपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** फुसरो के श्री अग्रसेन भवन में मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वाधान में स्व बालाबक्स मित्तल की पुण्य स्मृति में निःशुल्क होमियोपैथिक चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया।

**कार्रवाई :** आरोपितों के पास से मोबाइल फोन, सिम कार्ड, आधार कार्ड सहित अन्य सामान बरामद

# गिरिडीह से पांच साइबर अपराधी गिरफ्तार

**आरोपितों से पूछताछ कर गिरोह में शामिल अन्य का पता लगाने में जुटी पुलिस**

## बैंक अधिकारी व कुरियर सर्विस वाला बनकर लोगों से करते थे ठगी





पकड़े गए साइपर शातिरों की जानकारी देते गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा व अपराधियों के पास से बरामद आधार कार्ड, पैन, बैंक खाता व अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** पुलिस कप्तान दीपक कुमार शर्मा साइबर अपराध के खिलाफ लगातार शिकंजा कसते जा रहे हैं। इसमें पुलिस को सफलता भी मिल रही है। इसी कड़ी में गिरिडीह पुलिस ने तिसरी थाना क्षेत्र से पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी एसपी दीपक कुमार शर्मा ने दी। वे शुक्रवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई थी की तिसरी थाना क्षेत्र के कलवा नदी के पास कुछ साइबर अपराधी फर्जी सिमकार्ड का प्रयोग कर आम लोगों से ठगी कर रहे है। इसी सूचना के आधार पर डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद के नेतृत्व में छापामारी टीम गठित की गई। अलग-अलग स्थानों पर छापामारी कर कुल पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। उनकी पहचान तिसरी के किशुटांड़ निवासी निरंजन प्रसाद यादव (23), भंडारी के मंटू कुमार (23), सचिन कुमार यादव (19), देवरी के नया साखो निवासी चंद्रदेव कुमार राय (24) और बिरनी के पाराटांड़ निवासी अजित देव (21) के रूप में हुई है। उनके पास से सात मोबाइल फोन, 13 सीम कार्ड, एक पासबुक, दो आधार कार्ड, तीन पैन कार्ड और एक स्मार्ट वॉच बरामद किया गया है। एसपी ने बताया कि अपराधी खुद को बैंक अधिकारी बताकर खाता धारको को झांसा देकर साइबर ठगी किया करते थे। साथ ही कुरियर सर्विस के नाम पर भी लोगों से ठगी कर रहे थे। आरोपित मेडिकल इमरजेंसी का बहाना बनाकर साइबर ठगी से प्राप्त पैसों की निकासी करते थे।

वहीं, छापामारी दल में पुलिस निरीक्षक सह साइबर थाना प्रभारी अजय कुमार, पुलिस निरीक्षक ज्ञान रंजन, पुलिस अवर निरीक्षक गुंजन कुमार, पुनित कुमार गौतम, सहायक अवर निरीक्षक गजेन्द्र कुमार, आरक्षी साकेत वर्मा, सौरभ सुमन, जितेन्द्रनाथ महतो, दमोदर प्रसाद मेहता शामिल थे।

## बोकारो स्टील प्लांट के पांच विभागों ने हासिल किया 100 फीसदी वार्षिक उत्पादन का लक्ष्य



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील प्लांट के पांच विभाग सीओ एंड सीसी, सिंटर प्लांट, ब्लास्ट फर्नेस, एसएमएस-(न्यू) और एचएसएम ने 100 फीसदी वार्षिक उत्पादन का लक्ष्य हासिल किया है। शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने वाले विभागों में सीओ एंड सीसी विभाग ने फरवरी महीने में 513 ओवन पुशिंग, सिंटर प्लांट ने 540146 टन सिंटर का उत्पादन, ब्लास्ट फर्नेस ने 389797 टन हॉट मेटल का उत्पादन, एसएमएस-(न्यू) विभाग द्वारा 92727 टन क्रूड स्टील और हॉट स्ट्रिप मिल ने 364875 टन की रोलिंग कर फरवरी महीने के लिए निर्धारित उत्पादन लक्ष्य का क्रमशः 100.58 फीसदी, 117.67 फीसदी,102.0 फीसदी, 113.08 फीसदी, 102.78 फीसदी उत्पादन किया है। निदेशक प्रभारी अतानु भौमिक और अधिशासी निदेशक (संकार्य) वीरेंद्र कुमार तिवारी के साथ बोकारो स्टील के शीर्ष प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर विभाग की पूरी टीम और सभी सहयोगी विभागों-संविदा कर्मियों को बधाई दी है।

## हेमंत सोरेन की रिहाई को लेकर आदिवासी समुदाय के लोगों ने सरना स्थल में की पूजा

**आइइएल (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड के खम्हरा पंचायत अंतर्गत करमाटांड के समीप टोंगरी के सरना स्थल में शुक्रवार को आदिवासी समुदाय की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की रिहाई के लिए सिंग बोंगा, जाहर आयो व मोडे को की विधि विधान से पूजा कर जल अर्पण किया गया। झामुमो के प्रखंड संगठन महामंत्री बाबूचंद बेसरा ने कहा कि हेमंत सोरेन को एक साजिश के तहत फंसाया गया है। पर हमलोग विरोधियों के मंसूबों को सफल नहीं होने देंगें । हेमंत सोरेन बेदाग साबित होकर जल्द ही जेल से बाहर होंगें।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़ (जिला योजना)**

– :: अति अल्पकालीन पुनर्निविदा :: –

रामगढ़ जिलान्तर्गत DMFT मद से क्रियान्वित योजनाओं के निरीक्षण हेतु एक बोलेरो वाहन (चालक सहित) भाड़ा पर बाह्य स्त्रोत से रखा जाना है। उक्त हेतु दिनांक 09.03.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक अति अल्पकालीन पुनर्निविदा जिला योजना कार्यालय, रामगढ़ में आमंत्रित की जाती है। दिनांक 11.03.2024 को पूर्वाह्न 11:30 बजे समाहरणालय सभाकक्ष में चयन समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी। तदनुसार अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी।

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी, शर्त एवं नियम तथा विशिष्टताएँ रामगढ़ जिले के वेबसाइट/पोर्टल http://ramgarh.nic.in पर देखी जा सकती है।

ह०/–
उप विकास आयुक्त,रामगढ

PR 321011 District(23-24).D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा**
सर्किट हाउस सिमडेगा के पीछे, सिमडेगा, दूरभाष– 7209721521, ई-मेल–simdegafisheriesdfo@gmail.com

**अति अल्पकालीन पुनर्निविदा**

एतद् द्वारा निदेशक मत्स्य, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 219, दिनांक– 05.02.2024 के आलोक में एवं अगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रतिष्ठित Feed (Formulated Floating Fish Feed/ Extruded Mash Fish Feed) के निर्माता अथवा अधिकृत विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक– 27.02.2024 को मत्स्य आहार का निविदा उप विकास आयुक्त, सिमडेगा के कार्यालय कक्ष में खोली गयी थी जिसमें तकनीकी रूप से निविदादाता विफल पाये गये। उक्त आलोक में विभिन्न आकार के फीड यथा (Formulated Floating Fish Feed/Extruded Mash Fish Feed) 0.8 एम0एम0, 1.2 एम0एम0, 1.8एम0एम0, 2एम0एम0, 3एम0एम0, 4एम0एम0 फीड के क्रय हेतु आपूर्तिकर्ताओं से मुहरबंद पुनर्निविदा दिनांक– 09.03.2024 को 3:00 बजे अपराह्न तक जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा में आमंत्रित किया जाता है। उसी दिन दिनांक– 09.03.2024 को अपराह्न 3:30 बजे निविदा समिति के समक्ष उपविकास आयुक्त, सिमडेगा के कार्यालय कक्ष में निविदा खोली जाएगी।

निविदा की नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचनापट्ट /w.w.w.simdega.nic.in पर देखी जा सकती है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
सिमडेगा।

PR.NO.320936 Fish(23-24):D



**कार्यालय जिला परिषद्, कोडरमा**

निविदा से संबंधित शुद्धि–पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक 45/जि0प0 दिनांक 15.02.2024 एवं PR No. 319319 तिथि 17.02.2024 के द्वारा प्रकाशित अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–12/2023–24 में अपरिहार्य कारणवश पत्रांक 49/जि0प0 दिनांक 19.02.2024 एवं PR No. 319676 तिथि 19.02.2024 के द्वारा संशोधन किया गया था, जिसे अपरिहार्य कारणवश पुनः निम्नवत् संशोधन किया जाता है।

| क्र0 | विवरणी | पूर्व के शुद्धि–पत्र में प्रकाशित तिथि | वर्तमान में संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 28.02.2024 | 04.03.2024 |
| 2 | ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 28.02.2024 से 06.03.2024 अपराह्न 05:00 बजे तक | 04.03.2024 से 11.03.2024 अपराह्न 05:00 बजे तक |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 09.03.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे | 12.03.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे |

निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, कोडरमा।

PR.NO.321096 Panchayati Raj(23-24):D



**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग**

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 62/2023–24

दिनांक 29/02/2024

मद का नाम :– जिला योजना अनावद्ध निधि

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राषि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राषि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बड़कागांव | तलसवार पंचायत के ग्राम तलसवार में मुख्य पथ से झमन महतो के घर पुलिया के सामने सितेन्द्र साव के घर होते हुए विद्यालय मोड़ तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 3242900.00 | 5000.00 | 65000.00 | तीन माह |

1.वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 05.03.2024
2.ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 05.03.24 से 12.03.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3.निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
4.निविदा खोलने की तिथि एवं समय 14.03.2024 पूर्वाह्न 10:00 बजे।
5.निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261406 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
9.निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 320948 (District)23-24*D


**निर्देश :** कोल इंडिया व सीसीएल के सीवीओ ने किया ढोरी क्षेत्र का निरीक्षण

# परियोजनाओं में टेक्नोलॉजी का उपयोग करें, जिससे भ्रष्टाचार पर लगाम लग सके: सीवीओ ब्रजेश त्रिपाठी

आजाद सिपाही संवाददाता



## दिव्यांगों के बीच ट्राइसाइकिल का वितरण

चपरी रेस्ट हाउस में सीवीओ द्वय ने प्रक्षेत्र की ओर से सीएसआर मद से सात ट्राइसाइकिल और व्हीलचेयर दिव्यांगों को दिया। सीवीओ ने कहा कि सीआइएल सामाजिक मद में भी काम करते रहती है। जिसके लिए कंपनी सीएसआर विभाग बनाया है। जिसमें कंपनी अपने मुनाफे का कुछ हिस्सा सीएसआर में इकठ्ठा कर समाज हित में काम करती है।

**फुसरो/बेरमो।** कोल इंडिया लिमिटेड के सीवीओ ब्रजेश कुमार त्रिपाठी एवं सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड के मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार ने विभिन्न विभाग के अधिकारियों के साथ शुक्रवार को सीसीएल ढोरी के एएडीओसीएम (अमलो) परियोजना के कई स्थानों का निरीक्षण किया। इसके बाद चपरी रेस्ट हाउस में ढोरी, बीएंडके और कथारा क्षेत्रों के जीएम व अधिकारियों के साथ क्षमता निर्माण प्रोग्राम एवं न्यू रोड सेल गाइड लाइन के वर्कशॉप में शामिल हुए। इस दौरान कोल इंडिया और सीसीएल के सीवीओ पेशेवर जीवन के सभी पहलुओं में सतर्कता के महत्व को रेखांकित किया। सीसीएल सीवीओ ने विभाग का संक्षिप्त विवरण दिया। विभाग द्वारा की गई निवारक सतर्कता गतिविधियों का विवरण दिया एवं 2009 के रोड सेल गाइड लाइन के कमियों को दूर करते हुए 2023 के गाइड लाइन का संक्षिप्त विवरण दिया। वहीं, कोल इंडिया के सीवीओ ने सीसीएल सतर्कता विभाग द्वारा की गई गतिविधियों की सराहना की। उनके द्वारा सुधार के लिए कई सुझाव दिए गए। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक ज्ञानदीप कुमार व डाक्टर श्वेता शरण ने किया। इस मौके पर कार्मिक प्रबंधक मोहम्मद तौकीर आलम, अभिषेक सिन्हा, एसओ पीएंडपी आशीष अंचल एवं नोडल ऑफिसर इन्वायरमेंट अच्युतानंद कुमार आदि मौजूद थे।

### कोल इंडिया की ब्रांड वैल्यू बढ़ाने पर जोर

पत्रकारों से बातचीत में कोल इंडिया के सीवीओ ब्रजेश त्रिपाठी ने कहा कि सीआइएल के अंडर काम करने वाले अधिकारी और कर्मचारी मैनुअल एसओपी के जागरूकता के लिए सीआइएल के अधीन हर परियोजना में प्रशिक्षण दिया जाता है। कहा कि 2009 के रोड सेल गाइड लाइन के कमियों को दूर करते हुए 2023 के गाइड लाइन के बारे में बताया गया है। ऑनलाइन टेंडर में कम मार्जिन पर काम लेने वाले संवेदकों के बारे में कहा कि जो कम रेट में काम लेकर काम नहीं कर पाते है, क्वालिटी और क्वांटिटी मेंटेन नहीं करते हैं उसे टर्मिनेट कर दिया जाता है। कहा कि कोल इंडिया में अपडेशन, इंप्रूवमेंट आदि का परस्पर ट्रेनिंग दिया जाता है। इसको पूरा नहीं करने वालों पर कार्यवाई भी हमेशा किया जाता है। हमारा प्रयास रहता है कि हर परियोजना में टेक्नोलॉजी का उपयोग करे, जिससे भ्रष्टाचार पर लगाम लगे। अगर कोई नियम का उलंघन करता है तो उसपर चार्जशीट किया जाता है। उन्होंने कोल इंडिया की ब्रांड वैल्यू बढ़ाने पर जोर दिया। मौके पर ढोरी जीएम मनोज कुमार अग्रवाल, बीएंडके जीएम के रामाकृष्णा और कथारा जीएम दिनेश कुमार गुप्ता, एसओ माइनिंग ढोरी अमिताभ तिवारी, एसओ माइनिंग बीएंडके केडी प्रसाद, एसओपी ढोरी प्रतुल कुमार, ढोरी क्षेत्र एएडीओसीएम पीओ कुमार राकेश सत्यार्थी, एसडीओसीएम शैलेश प्रसाद, ढोरी खास पीओ रंजीत कुमार, बीएंडके क्षेत्र के कारो पीओ मनोज कुमार सिंह, एकेकेओसीपी पीओ कन्हैया शंकर गौवाल, करगली वाशरी पीओ वीएन पांडेय, कथारा क्षेत्र के कथारा वाशरी पीओ विजय कुमार, कथारा कोलियरी पीओ डीके सिन्हा, स्वांग वाशरी पीओ उमेश कुमार, जारंगडीह पीओ पी गैन, गोविंदपुर फेस -2 पीओ एके तिवारी, एसओ सिविल उज्जवल कुमार सिंह, एसओ ईएंडएम जयशंकर प्रसाद, एसओ सेफ्टी गोपाल सिंह मीना, एएफएम राजीव रंजन, एसओ एक्स यूके पासवान, सेल अधिकारी बैधनाथ कुमार, सीएसआर अधिकारी शैलेश कुमार, सुरक्षा अधिकारी सीताराम यूईके आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

### ब्रह्मपुर विश्वविद्यालय का 25वां दीक्षांत समारोह संपन्न, राष्ट्रपति हुईं शामिल

# दीक्षांत समारोह केवल डिग्रियां हासिल करने का उत्सव नहीं है : द्रौपदी मुर्मू

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने भंज बिहार गंजाम ओडिशा में ब्रह्मपुर विश्वविद्यालय के 25वें दीक्षांत समारोह की शोभा बढ़ाई और उसे संबोधित किया।




इस मौके पर बोलते हुए, श्रीमती मुर्मु ने कहा कि ओडिशा के दक्षिणी क्षेत्र का न केवल ओडिशा के इतिहास में, बल्कि भारत के इतिहास में भी बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। यह भूमि शिक्षा, साहित्य, कला और हस्तशिल्प में समृद्ध है। इस क्षेत्र के पुत्र कबी सम्राट उपेंद्र भंज और कबीसूर्य बलदेव रथ ने अपने लेखन के माध्यम से उड़िया के साथ-साथ भारतीय साहित्य को समृद्ध किया है। यह भूमि बहुत सारे स्वतंत्रता सेनानियों, शहीदों और लोक सेवकों की जन्मस्थली और कर्मभूमि भी रही है।

राष्ट्रपति ने कहा कि वर्ष 1967 में स्थापित होने वाला ब्रह्मपुर विश्वविद्यालय ओडिशा के दक्षिणी भाग में सबसे पुराना विवि है। उन्होंने आदिवासी बहुल इस इलाके की शिक्षा और विकास के मामले में ब्रह्मपुर विश्वविद्यालय की भूमिका की सराहना की।

श्रीमती मुर्मु ने कहा कि ब्रह्मपुर विवि के स्नातकोत्तर विभागों और इस विवि से संबद्ध महाविद्यालयों में लगभग 45000 छात्र शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि इसमें 55 प्रतिशत से अधिक छात्राएं हैं। इतना ही नहीं, स्वर्ण पदक जीतने वालों में 60 प्रतिशत लड़कियां हैं और आज डॉक्टरेट की डिग्री प्राप्त करने वाले शोधकर्ताओं में भी 50 प्रतिशत लड़कियां हैं। उन्होंने कहा कि यह लैगिंक समानता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

राष्ट्रपति ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि अगर समान अवसर दिये जाये, तो लड़कियां लड़कों से बेहतर प्रदर्शन करने की क्षमता रखती हैं। साहित्य, संस्कृति, नृत्य और संगीत में महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही है। लेकिन, अब हमारी बेटियों का सामर्थ्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी से लेकर पुलिस और सेना तक हर क्षेत्र में दिखाई दे रहा है। अब हम महिलाओं के विकास के चरण से महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की ओर बढ़ रहे हैं।

श्रीमती मुर्मु ने विद्यार्थियों से कहा कि दीक्षांत समारोह केवल डिग्रियां हासिल करने का उत्सव नहीं है। यह उनकी कड़ी मेहनत और सफलता को पहचानने का भी उत्सव है। यह नये सपनों और संभावनाओं के दरवाजे खोलता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए डिग्री प्राप्त करना शिक्षा का अंत नहीं है, बल्कि उनमें जीवन भर सीखने का जुनून होना चाहिए। राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने ज्ञान और बुद्धिमानी का उपयोग न सिर्फ अपने लिये, बल्कि दूसरों के लिए भी करें। उन्होंने कहा कि छात्रों को राष्ट्र निर्माण के बारे में भी सोचना चाहिए।

# जेएसडब्ल्यू ओड़िशा माइंस डिवीजन ने एमइएमसी कार्यक्रम में कई पुरस्कार जीते






आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड (ओडिशा माइंस डिवीजन) ने 25वें खान पर्यावरण और खनिज संरक्षण सप्ताह 2023-24 के अंतिम दिन के समारोह और पुरस्कार समारोह के दौरान विभिन्न श्रेणियों में कई प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते हैं। एमईएमसी कार्यक्रम भारतीय खान ब्यूरो (आईबीएम), भुवनेश्वर के तत्वावधान में आयोजित किया गया था। जेएसडब्ल्यू की चार खदानों को खनन क्षेत्रों की विभिन्न श्रेणियों में उनके प्रदर्शन के लिए पांच पुरस्कार मिले। जेएसडब्ल्यू की जाजंग माइंस ने पर्यावरण की रक्षा में अपने योगदान को मान्यता देते हुए इस कार्यक्रम में वनीकरण के लिए पहला पुरस्कार जीता। इसके अतिरिक्त, नारायणपोशी माइंस ने अपशिष्ट डंप प्रबंधन की श्रेणी में प्रथम पुरस्कार जीता। इसी तरह, नुआगांव खदानों ने व्यवस्थित और वैज्ञानिक विकास में दूसरा पुरस्कार और पर्यावरण निगरानी में तीसरा पुरस्कार जीता। अंत में, गोनुआ माइंस को सतत विकास की श्रेणी में दूसरा पुरस्कार मिला। इसके अलावा, गोनुआ आयरन ओर माइंस के माइंस मैनेजर निखिल बेहुरिया ने पर्यावरण के प्रति उल्लेखनीय कार्य के लिए पर्यावरण बंधु पुरस्कार जीता है। ओडिशा खनन प्रभाग के संचालन प्रमुख राम शंकर शर्मा ने अंतिम दिन के समारोह और पुरस्कार समारोह का नेतृत्व किया।

# एनटीपीसी बोंगाइगांव ने जेएनवी के नये छात्रावास का शिलान्यास किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** एनटीपीसी बोंगाईगांव के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) बासुगांव कोकराझार में आयोजित समारोह में एक नये छात्रावास का शिलान्यास किया गया, एनटीपीसी कोकराझार जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) भवन प्रभाग द्वारा संयुक्त पहल के तहत लड़कियों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 80 छात्रों के लिए परिसर में आवास प्रदान करना है। इस समारोह में बोडोलैंड टेरिटोरियल रीजन (बीटीआर) के मुख्य कार्यकारी सदस्य (सीईएम) प्रमोद बोरो, सिडली के विधायक जॉयंता बसुमतारी और कोकराझार पूर्व के विधायक लॉरेंस इस्लारी सहित सम्मानित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इसके साथ प्रदीप कुमार द्विवेदी आईएएस जिला आयुक्त कोकराझार, केसी मुरलीधरन सीजीएम (ओएंडएम), एनटीपीसी बोंगाईगांव के प्रतिनिधि और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी भी उपस्थित थे। 35 लाख की अनुमानित लागत में नया छात्रावास सीओई में नामांकित महिला छात्रों के लिए परिसर में आवास की तत्काल आवश्यकता को पूरा करेगा। यह पहल न केवल आवास के मुद्दे से निपटती है, बल्कि पूर्वोत्तर में युवा विकास और युवा महिलाओं को सशक्त बनाने के व्यापक लक्ष्यों में भी योगदान देती है। शिलान्यास समारोह राज्य और क्षेत्र में लड़कियों के लिए शैक्षिक पहुंच और अवसरों को बढ़ाने की दिशा में एक सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह विभिन्न क्षेत्रों में उनके विकास, सशक्तिकरण और भविष्य के नेतृत्व का मार्ग प्रशस्त करता है।



## कोल इंडिया और आइआइएम ने समझौता ज्ञापन पर किया हस्ताक्षर

**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान 2021 को ध्यान में रखते हुए कोयला ऊर्जा के प्रमुख उत्पादक कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड ने भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) मुंबई और संबलपुर के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्?ताक्षर किया है , जो कोयला परिवहन के लिए मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी बुनियादी ढांचे में क्रांति लाने में एक महत्वपूर्ण कदम उठाने की योजना है। कोल इंडिया और दो आईआईएम (मुंबई और संबलपुर) के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुआ। इस समझौता के माध्यम से आपसी सहयोग, उद्योग विशेषज्ञता और अकादमिक उत्कृष्टता को एक साथ पिरोने के साथ-साथ लॉजिस्टिक दक्षता में परिवर्तनकारी, आर्थिक विकास और सतत पर्यावरणीय अनुकूल में अहम योगदान देगा।

# खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए जेएसपी को सोशल इंपैक्ट 2024 पुरस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** अग्रणी इस्पात निर्माता जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) को खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सोशल इंपैक्ट अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया है। संदीप मल्होत्रा, आईपीएस, एसीपी साइबर सेल (अपराध शाखा), दिल्ली ने पिछले सप्ताह पुरस्कार प्रदान किया। जेएसपी के समूह मुख्य डिजिटल अधिकारी इंद्रद्युन दत्ता ने जेएसपी की ओर से पुरस्कार स्वीकार किया। जेएसपी के अध्यक्ष नवीन जिंदल से प्रेरित होकर, जेएसपी फाउंडेशन अपनी सामाजिक शाखा के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाने और स्थानीय युवाओं को राज्य और देश के लिए खेल पदक जीतने में सक्षम बनाने के लिए अग्रणी और आवश्यक कदम उठा रहा है। यह पुरस्कार देश में खेल के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के प्रति जेएसपी की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। इस अवसर पर बोलते हुए, जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन सुश्री शालू जिंदल ने कहा, 'हम लोगों को प्रेरित करने, सशक्त बनाने और एकजुट करने के लिए खेल की प्रभावशाली क्षमता में विश्वास करते हैं। हमने ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में खेलों के विकास के लिए विभिन्न कार्यक्रम शुरू किये हैं। यह पुरस्कार हमें भविष्य की खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के अपने प्रयासों को जारी रखने के लिए प्रेरित करेगा।' उन्होंने इस सम्मान के लिए जूरी सदस्यों को धन्यवाद दिया।






जेएसपी भारत सरकार के स्पोर्ट्स इंडिया मिशन को मजबूत करने के लिए उसू, कबड्डी, तीरंदाजी, फुटबॉल और क्रिकेट जैसे विभिन्न खेलों को बढ़ावा देता है। ओडिशा, छत्तीसगढ़ और झारखंड में, जेएसपी 25,000 से अधिक खेल प्रतिभाओं को सभी प्रकार की सुविधाएं प्रदान करता है। जेएसपी फाउंडेशन ने 10 खेल के मैदान, दो खेल परिसर और स्टेडियम और एक खेल छात्रावास का निर्माण किया है। बड़बिल में खेल छात्रावास आदिवासी और आर्थिक रूप से वंचित खेल प्रतिभाओं को मुफ्त आवास, पौष्टिक भोजन, अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करता है। जेएसपी द्वारा प्रमोट की गयी कई प्रतिभाओं ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय क्रिडा में पदक जीते हैं और अपने देश और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।




# कोल इंडिया अध्यक्ष ने एमसीएल के प्रदर्शन को सराहा

आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** श्री पीएम प्रसाद, अध्यक्ष, कोल इंडिया लिमिटेड ने चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान बेहतर प्रदर्शन के लिए महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) को खूब सराहा। एमसीएल मुख्यालय संबलपुर में शुक्रवार को आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए, श्री प्रसाद ने परिचालन चुनौतियों का प्रभावी ढंग से समाधान करने और वार्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सतत विकास बनाये रखने के लिए कंपनी की सराहना की।



कोल इंडिया के प्रदर्शन में एमसीएल को आधारशिला बताते हुए, श्री प्रसाद ने एमसीएल टीम के प्रत्येक सदस्य की पीठ थपथपायी। राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में एमसीएल की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए, श्री प्रसाद ने कंपनी की निरंतर वृद्धि के बारे में आशावाद व्यक्त किया। समीक्षा बैठक में प्रमुख वरिष्ठ अधिकारियों में उदय अनंत काओले, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, एमसीएल, केशव राव, निदेशक (कार्मिक), एके बेहुरा, निदेशक (वित्त) और श्री एके बापट, निदेशक (तकनीकी/परियोजना और योजना) उपस्थित रहे।










# 'विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण': पीके मिश्र

**कीट नॉलेज ट्री व्याख्यान श्रृंखला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पीके मिश्र ने शुक्रवार को कीट और कीस का दौरा किया जहां उन्होंने छात्रों के साथ एक इंटरैक्टिव सत्र किया जिसमें 2047 तक प्रधानमंत्री के विकसित भारत के दृष्टिकोण को प्राप्त करने में शिक्षा की भूमिका पर जोर दिया गया। कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोसल साइंसेज (कीस) की अपनी यात्रा के दौरान, डॉ. मिश्र ने महिला सशक्तिकरण के महत्त्व और सामाजिक और आर्थिक विकास में शिक्षा की महत्त्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कड़ी मेहनत, टीम भावना और विकसित भारत के सपने को साकार करने में छात्रों की महत्त्वपूर्ण भूमिका के महत्त्व पर जोर दिया। एक मिशन जो महिला सशक्तिकरण और भागीदारी पर विशेष ध्यान देने के साथ 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र में बदलने की कल्पना करता है। डॉ. मिश्र ने कीट और कीस के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत के साथ पूरे परिसर का दौरा किया। संस्थापक ने डॉ. मिश्र की उनके नेतृत्व और कई परिवर्तनकारी नीतियों में सबसे आगे रहने के लिए उन्मुक्त रूप से प्रशंसा की। नॉलेज ट्री पहल के तहत कीट के छात्रों के साथ एक उत्साहवर्धक चर्चा करते हुए डॉ. मिश्र ने संस्थान की उल्लेखनीय असाधारण यात्रा की प्रशंसा की और कहा कि वह कीट शैक्षणिक समूह संस्थानों में समावेशी वास्तुकला और छात्र आबादी की विविधता से प्रभावित हैं जिसमें कई आदिवासी और पिछड़े शामिल हैं। और पहाड़ी क्षेत्र, आदिवासी संस्कृति और मूल्यों की समावेशिता और संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय प्रयास को दशार्ते हैं। उन्होंने कहा कि एक ऐसी शिक्षा प्रणाली विकसित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में बात करना जो सभी को समान पहुंच प्रदान करती है, शिक्षा को और अधिक समावेशी बनाने और पहले से ही कई उद्देश्यों को प्राप्त करने की दिशा में काम करने के लिए कीट और कीस की प्रशंसा की। डॉ. मिश्र ने प्रधानमंत्री के 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण की पुष्टि की जिसमें पिछले दशक में एक मजबूत नींव रखने, तेजी से तकनीकी प्रगति करने और युवाओं के लिए नए अवसरों के उद्भव पर जोर दिया गया है। उन्होंने छात्रों से आत्मनिर्भरता के महत्त्व, भ्रष्टाचार, जातिवाद और सांप्रदायिकता में कमी लाने और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए इस दिशा में कड़ी मेहनत करने का आग्रह किया। उन्होंने आने वाले दशकों में स्टार्ट-अप के लिए अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र का संकेत देते हुए आकांक्षाओं को सरकारी नौकरियों से उद्यमिता की ओर स्थानांतरित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। समग्र विकास को प्रोत्साहित करते हुए डॉ. मिश्र ने छात्रों से बड़े पैमाने पर समाज में योगदान देने के लिए खेल और योग सहित शिक्षा से परे गतिविधियों में शामिल होने का आग्रह किया।










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**